श्रावण शुक्ल पक्ष नवमी 10:24 उपरांत दशमी, विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 14 अगस्त 2024
वर्ष 5, अंक 269, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ओलंपिक के लिए पसंदीदा कोच भी नहीं मिला : अश्विनी 15

केबीसी सीजन 16 के आगाज पर भावुक हुए अमिताभ 16



**हर घर तिरंगा** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को अपने लखनऊ स्थित सरकारी आवास से जैसे ही भारत माता की जयकार करते हाथ में तिरंगा लहराते पैदल चले, बाहर मौजूद भाजयुमो कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बना।

# महिला डॉक्टर से दुष्कर्म व हत्याकांड की जांच सीबीआई को

## कलकत्ता हाईकोर्ट ने पीड़ित परिजनों की याचिका पर की सुनवाई, कहा- मिटाए जा सकते हैं सबूत

कोलकाता, एजेंसी

कलकत्ता हाईकोर्ट ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में ट्रेनी डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या की जांच सीबीआई को सौप दी है। साथ ही कोलकाता पुलिस को सभी दस्तावेज तत्काल सीबीआई को सौंपने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगनम और न्यायमूर्ति हिरणमय भट्टाचार्य की पीठ ने पीड़ितों के शोक संतप्त माता-पिता की याचिका सहित उन कई याचिकाओं पर फैसला सुनाते हुए यह आदेश दिया, जिसमें सच्चाई सामने लाने के लिए घटना की सीबीआई जांच की मांग की गई थी। सुनवाई के दौरान पीड़िता के माता-पिता ने न्यायालय को बताया कि उन्हें डर है कि अगर एसआईटी जांच को इसी तरह जारी रहने दिया गया, तो इससे जांच पटरी से उतर जाएगी और सबूत मिटाए जा सकते हैं। महिला डॉक्टर के माता-पिता की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विकास रंजन भट्टाचार्य ने कहा कि उनके मुवक्किलों को पहले एक फोन आया जिसमें दावा किया गया कि उनकी बेटी बीमार हो गयी है और कॉलेज पहुंचने पर उन्हें बताया गया कि उसने आत्महत्या कर ली है, लेकिन वहां इंतजार करने के दौरान उन्हें तीन घंटे तक उसका शव देखने की अनुमति नहीं दी गयी। अधिवक्ता भट्टाचार्य ने कोर्ट को यह भी बताया कि मामले में कुछ परेशान करने वाली और संदिग्ध घटनाएं हुईं, जिसके कारण इसे अप्राकृतिक मौत के रूप में दर्ज किया गया। यह प्रस्तुत किया गया कि ऐसे मामले तब दर्ज किए जाते हैं, जब कोई शिकायत नहीं होती।



### हरकत में सीबीआई, पुलिस से मामले से जुड़े दस्तावेज अपने कब्जे में लिए

**कोलकाता।** ट्रेनी डॉक्टर की जांच सौंपे जाने के बाद सीबीआई के दो अधिकारी मंगलवार शाम को कोलकाता के ताला पुलिस थाने पहुंच गए और जांच से संबंधित दस्तावेज प्राप्त किए। वहीं, गिरफ्तार आरोपी को केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों को कब सौंपा जाएगा इस पर आईपीएस अधिकारी ने कहा कि पुलिस सीबीआई की ओर से संचार का इंतजार कर रही है।

### प्रिंसिपल ने बयान तक नहीं दिया

पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता ने कहा कि जब महिला उसी अस्पताल में डॉक्टर थी, तो यह आश्चर्यजनक है कि प्रिंसिपल ने शिकायत नहीं की। इसके अलावा एसआईटी जांच में कोई खास प्रगति नहीं हुई। प्रशासन पीड़िता या उसके परिवार के साथ नहीं था। अस्पताल के प्रिंसिपल ने बयान भी नहीं दिया। न्यायमूर्ति ने अपने आदेश में कहा जांच में कोई खास प्रगति नहीं होने पर हम पीड़िता के माता-पिता की इस प्रार्थना को स्वीकार करने में पूरी तरह से न्यायसंगत होंगे कि सबूत नष्ट कर दिये जाएंगे।

MONTE CARLO
SALE START
20% to 50%
वास्तविक छूट
शर्ट, टी-शर्ट, जीन्स, ट्राउजर, लोअर
ट्रैक सूट, लेडीज जीन्स, लेडीज टॉप, कुर्ती
फुटवियर, पर्स, साड़ियाँ, लेडीज सूट, ड्रेसेज
7 DAYS OPEN
SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bareilly. Mob.7088300050 | DD Puram, Bareilly. Mob.7055359111

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
मानसून ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

# खटाखट वाले फिर निकल गए पिकनिक मनाने: मुख्यमंत्री

## राहुल गांधी व अखिलेश यादव पर कसा तंज, कहा- अब चुनावी मौसम में आएंगे नजर

- मुख्यमंत्री ने उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से चयनित 1,036 अभ्यर्थियों को दिए नियुक्ति पत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी व सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि 'खटाखट' वाले फिर पिकनिक मनाने निकल गए हैं। उन्होंने कहा कि ये लोग समाज को विभाजित करने व अराजकता फैलाने का कार्य करते हैं। मुख्यमंत्री मंगलवार को लोकभवन में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के जरिए चयनित 1036 अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा।

उन्होंने आरक्षित वर्ग को मिलने वाली नौकरियों के आंकड़े पेश करते हुए कहा कि चुनावी मौसम आएगा तो ये 'खटाखट' वाले नजर आएंगे। लोकसभा चुनाव के दौरान अप्रैल-मई के महीने में खटाखट स्कीम के बारे में सुना होगा। लोगों से एक-एक लाख रुपये के बॉन्ड भरवाए गए थे। हर महीने 8500 रुपये भेजने का वादा किया गया था, लेकिन खटाखट स्कीम वालों का देश में अता-पता नहीं है। उन्होंने कहा कि अब बिना किसी सिफारिश और लेन-देन के प्रदेश में सरकारी नौकरी प्राप्त करना संभव है।



उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ साथ में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद।

### युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले नहीं बचेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले और महिला व व्यापारियों के साथ अपराध करने वाले लोगों को ऐसी सजा देंगे जो नजीर बनेंगी। उन्हें किसी भी कीमत पर छोड़ेंगे नहीं। मुख्यमंत्री ने अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से हुई भर्ती का उल्लेख करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकार (वर्ष 2012 से 2017) के बीच कुल 19,312 अभ्यर्थियों का चयन हुआ था, जबकि वर्ष 2017 से 2024 के बीच डबल इंजन सरकार में 42 हजार 409 से अधिक युवाओं का चयन हुआ है।

### भाजपा सरकार में हुआ 60% ओबीसी का चयन

मुख्यमंत्री ने पिछले साढ़े सात वर्ष से आरक्षण के नियमों का पालन करते हुए युवाओं को दी गई नौकरियों का आंकड़ा भी पेश किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा चयन आयोग के जरिए उनकी सरकार से पहले सपा सरकार में 2012 से 2017 के बीच 26,394 पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया संपन्न हुई थी। इसमें 13469 पदों पर सामान्य, 6966 पदों पर ओबीसी, 5634 पदों पर एससी और 327 पदों पर एसटी वर्ग के युवाओं का चयन हुआ था। इसमें ओबीसी का जो प्रतिशत है, वह केवल 26.38 प्रतिशत था। वहीं, भाजपा सरकार में 46,675 भर्तियां हुईं। इसमें ओबीसी के कुल 17,929 अभ्यर्थी चयनित हुए, जिनका प्रतिशत 38.41 है। ओबीसी, एससी और एसटी के प्रतिशत को अगर जोड़ लिया जाए तो डबल इंजन सरकार में 60 प्रतिशत से ज्यादा अभ्यर्थियों का चयन उप्र लोक सेवा चयन आयोग के माध्यम से हुआ है।

## रामदेव और बालकृष्ण के खिलाफ अवमानना का केस हुआ बंद

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने योग गुरु बाबा रामदेव और पतंजलि के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण के खिलाफ शुरू की गई अवमानना कार्यवाही मंगलवार को बंद कर दी।

- सुप्रीम कोर्ट ने भ्रामक विज्ञापन मामले में माफी मंजूर की

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने उनके अपने उत्पादों के विज्ञापन के मामले में दिए गए अपने शपथ के उल्लंघन के लिए माफी मांगने के तथ्य के मद्देनजर यह फैसला किया। पीठ ने कहा कि दोनों अवमाननाकर्ताओं ने अपने कृत्यों के लिए अपनी माफी प्रकाशित की। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) द्वारा 2022 में एक याचिका दायर की गई थी, जिसमें पतंजलि और रामदेव द्वारा कोविड टीकाकरण अभियान और आधुनिक चिकित्सा पद्धति के खिलाफ अभियान चलाकर बदनाम करने का आरोप लगाया गया था। बालकृष्ण को कारण बताओ अवमानना नोटिस जारी करते हुए अदालत ने कहा था कि पूरे देश को गुमराह किया जा रहा है। शीर्ष अदालत ने 19 मार्च को रामदेव और बालकृष्ण को उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही में कारण बताओ नोटिस का जवाब दाखिल करने में विफल रहे थे।

# बरेली सहित 10 एयरपोर्ट की सुरक्षा होगी और पुख्ता

- यूपीएसएसएफ की क्यूआरटी के जवानों को दिए जाएंगे एडवांस हथियार
- साढ़े 14 करोड़ रुपये की लागत से उपकरण और शस्त्र खरीदने को मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** संदिग्ध गतिविधियों के मद्देनजर शासन ने बरेली के सिविल एयरपोर्ट, लखनऊ समेत राज्य के 10 एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था और पुख्ता करने का निर्णय लिया है। बरेली एयरपोर्ट की सुरक्षा पहले सिविल पुलिस कर रही थी और बाद में यूपी स्पेशल सिक्युरिटी फोर्स (यूपीएसएसएफ) को कमान सौंपी गई। अब यूपीएसएसएफ की क्यूआरटी में शामिल जवानों को एडवांस हथियारों और सुरक्षा उपकरणों से लैस किया जाएगा।

यूपीएसएसएफ की क्यूआरटी के जवानों को नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो के मानकों के अनुसार हथियार उपलब्ध कराए जाएंगे। एडवांस शस्त्र, उपकरण और एम्युनेशन से जुड़े सामान की खरीद के लिए शासन ने साढ़े चौदह करोड़ से ज्यादा की धनराशि जारी कर दी है। अनु सचिव प्रभात रंजन ने अपर पुलिस महानिदेशक मुख्यालय उत्तर प्रदेश पुलिस को शस्त्र एवं उपकरण खरीदने के लिए धनराशि जारी करने के संबंध में पत्र जारी कर दिया है। लखनऊ और अयोध्या के एयरपोर्ट के जवानों को एटीएस जैसे सुरक्षा उपकरण देने की तैयारी है।




### ये उपकरण और शस्त्र जवानों के लिए खरीदे जाएंगे

स्पिलिंटर प्रूफ गूगल, आब्जर्वेशन कैमरा, एल्बो एंड नी पैड्स, थाई हॉलिस्टर, बैलेस्टिक शील्ड विद बेल्ट फॉर शोल्डर, स्नाइपर राइफल 7.62 एमएम, कार्नर शॉट गन, क्यूआरटी वेपन इक्यूपमेंट व्हीकल्स, एलएमजी (लाइट मशीन गन), होलोग्राफिक हथियार, डिजिटल सिक्योर आरटी सेट्स, नॉन लेथल हथियार, एडवांस टेजर गन, टियर स्मोक ग्रेनेड, ड्रैगन लाइट लेड, मल्टीपल टूल किट आदि उपकरण शामिल हैं।

## एक नजर

### पाकिस्तानी घुसपैठिए को जवानों ने किया ढेर

**जालंधर।** स्वतंत्रता दिवस से पहले जारी हाई अलर्ट के बीच पंजाब सीमा से भारत में दाखिल होने की कोशिश कर रहे एक संदिग्ध पाकिस्तानी घुसपैठिए को सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने मार गिराया। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि सोमवार रात करीब साढ़े आठ बजे तरनतारन जिले के डल गांव में चोरी-छिपे अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर सीमा बाड़ के पास जाते हुए देखा गया। ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ जवानों ने घुसपैठिए को रुकने के लिए कहा, लेकिन वह नहीं रुका तो उसे सुरक्षा स्वरूप गोली मार दी।

### गुरमीत राम रहीम 21 दिन की फरलो पर जेल से बाहर

**चंडीगढ़।** दुष्कर्म मामले में सजायाफ्ता डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह मंगलवार को 21 दिन की फरलो पर हरियाणा के रोहतक स्थित सुनरिया जेल से बाहर आया। फरलो की अवधि के दौरान राम रहीम उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के बरनावा स्थित डेरा आश्रम में रहेगा। राम रहीम की फर्लो पर रिहाई के खिलाफ शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) की याचिका का पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा निपटारा किए जाने के कुछ दिन बाद उसे जेल से अस्थाई रूप से रिहा किया गया। उच्च न्यायालय ने नौ अगस्त को कहा था कि बिना किसी पक्षपात के विचार करना चाहिए।

# केजरीवाल की जगह आतिशी के झंडा फहराने पर लगाई रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने मंगलवार को स्पष्ट कर दिया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गैरमौजूदगी में आगामी स्वतंत्रता दिवस पर कैबिनेट मंत्री आतिशी झंडा नहीं फहरा सकतीं हैं।

सामान्य प्रशासन विभाग के मंत्री गोपाल राय ने दरअसल कल जीएडी के अतिरिक्त मुख्य सचिव को पत्र लिखकर कहा था कि वह मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलकर आए हैं। मुख्यमंत्री चाहते हैं कि 15 अगस्त वाले समारोह में आतिशी झंडा फहराएं। इसके लिए तैयारी करें। इसके बाद जीएडी के अतिरिक्त मुख्य सचिव ने गोपाल राय को पत्र लिखकर कहा कि आतिशी के झंडा फहराने का निर्देश कानूनन सही नहीं है।

### तानाशाही का सबसे बड़ा प्रमाण



**नई दिल्ली।** आप की वरिष्ठ नेता आतिशी ने इस पर कहा कि आज एक चुनी हुई सरकार के झंडा फहराने के अधिकार की छीना जा रहा है। आज दिल्ली में एक नए वायसराय आ गये हैं जो कह रहे है कि झंडा वह फहरायेंगे। तानाशाही का इससे बड़ा कोई और प्रमाण नहीं होगा।

### कैलाश गहलोत को किया नामित

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल ने दिल्ली के गृह मंत्री कैलाश गहलोत को राज्यस्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए नामित किया। राजनिवास के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

# अधिवक्ता और महिला मुंशी पर एसिड फेंका, दोनों झुलसे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



झुलसी पिंकी पाल

- कचहरी से घर जाते वक्त बाइक से आए दो लोगों ने किया हमला मेडिकल कॉलेज में भर्ती

**अमृत विचार:** कचहरी से बाइक से घर जा रहे अधिवक्ता और महिला मुंशी पर बाइक सवार दो युवकों ने एसिड फेंक दिया जिससे दोनों झुलस गए। मेडिकल कालेज में दोनों का इलाज चल रहा है। डाक्टरों के मुताबिक दोनों करीब 20 प्रतिशत झुलसे हैं। पुलिस आरोपियों को तलाश रही है।

माधोटांडा क्षेत्र के ग्राम रमपुरा फकीरे के ओमप्रकाश जिला मुख्यालय पर वकालत करते हैं। उन्हीं के गांव की पिंकी एक अन्य अधिवक्ता के पास मुंशी है। मंगलवार शाम दोनों बाइक से गांव जा रहे थे। गजरौला के रिछोला चौकी क्षेत्र में पीछे से बाइक पर आए दो युवकों ने एसिड फेंक दिया और माधोटांडा की तरफ भाग गए। मुंशी का चेहरा और कंधे के नीचे का हिस्सा झुलस गया जबकि अधिवक्ता की पीठ और पैर झुलस गए। सीओ सिटी दीपक मेडिकल कॉलेज पहुंचे और जानकारी की। प्रभारी निरीक्षक गजरौला राजीव ने बताया कि एसिड फेंकने वालों की पहचान के प्रयास किये जा रहे हैं।

# बहन के रेप का बदला लेने को आरोपी की बहन से किया दुष्कर्म

आगरा, एजेंसी

- सिकंदरा पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

थाना सिकंदरा क्षेत्र में रेप की एक वारदात ने सभी को चौंका दिया है। एक युवक ने अपनी बहन के रेप का बदला लेने के लिए आरोपी की बहन को जाल में फंसाकर दुष्कर्म किया। आरोपी को पुलिस ने डिजिटल साक्ष्य के आधार पर गिरफ्तार किया है।

जगदीशपुरा थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने सिकंदरा थाने में दुराचार का मुकदमा दर्ज कराया है। उसने पुलिस को बताया कि उसका भाई दुराचार के आरोप में जेल में बंद है। जिसके दुष्कर्म के आरोप में भाई जेल गया उसे लड़की के भाई ने उसके साथ दुष्कर्म किया है। वह उसे जाल में फंसा कर सिकंदरा स्थित एक होटल में ले गया वहां ले जाकर उसने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। उसने कहा था कि वह भाई की जमानत करा देगा। वह जमानत कराने की बात कहकर उसे होटल में किसी से मिलवाने के लिए ले गया था लेकिन उसने कुछ और ही सोच रखा था। ऐसा केवल बदला लेने के लिए किया।

### क्या कहते हैं इंस्पेक्टर

सिकंदरा थाने के प्रभारी निरीक्षक नीरज शर्मा का कहना है कि जब उन्होंने जांच की तो घटना सत्य निकली जिस होटल में रेप की वारदात बताई जा रही थी वहां के सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को मिल गए हैं। युवती के मोबाइल पर कुछ मैसेज भी मिले है जो आरोपी को गुनहगार साबित कर रहे थे। पुलिस उसको कोर्ट में पेश करेगी।

# संजय सिंह समेत पांच के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट

विधि संवाददाता, सुलतानपुर



- धरना प्रदर्शन व रोड जाम के 23 साल पुराने मामले में दिया आदेश

**अमृत विचार:** बिजली-पानी की समस्या के विरोध में सरकार के विरुद्ध धरना प्रदर्शन और रोड जाम के 23 साल पुराने मामले में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह और सपा के पूर्व विधायक अनूप संडा समेत पांच आरोपियों के खिलाफ मंगलवार को एमपी-एमएलए कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है।

मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने सजा के खिलाफ अपील खारिज होने के बाद आरोपियों को कोर्ट में सरेंडर न करने के कारण गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। मामले में अगली सुनवाई 20 अगस्त को होगी। कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा के अवकाश पर होने के कारण आत्मसमर्पण व मौके का प्रार्थना पत्र प्रभारी एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट मुक्ता त्यागी के यहां बीती तारीख पर पेश किया गया था। प्रभारी मजिस्ट्रेट ने प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए पीठासीन अधिकारी मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा के यहां अग्रिम आदेश के लिए भेज दिया था।

## नहीं रहे खानकाह-ए-नियाजिया के प्रबंधक शब्बू मियां

**बरेली।** विश्वप्रसिद्ध खानकाह-ए-नियाजिया के प्रबंधक शब्बू मियां नियाजी ने मंगलवार शाम दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके इंतकाल की खबर फैलते ही खानकाह पर उनके चाहने वालों की भीड़ इकट्ठी होनी शुरू हो गई। वह किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे। खानकाह के मीडिया प्रभारी कासिम नियाजी के बताया मंगलवार शाम 7:30 बजे उनकी तबियत बिगड़ गई थी। सामाजिक संगठनों व सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इंतकाल पर अफसोस जताया है।



**पहल** 500 साल पुरानी नीम नदी के जीर्णोद्धार की तैयारी में जुटा प्रशासन, काली नदी से नीम नदी की मिलेगी धार

# कासगंज में होगा दो नदियों का संगम, कन्नौज में गंगा से मिलेंगी

गजेंद्र चौहान, कासगंज

**अमृत विचार:** करीब 500 साल पहले नीम नदी जिले में बहती थी। बुलंदशहर की सीमा से अलीगढ़ होकर कासगंज में प्रवेश करने वाली इस नदी को किसानों की जीवन रेखा माना जाता था।

विकास की अंधी दौड़ में शामिल लोगों की उदासीनता के चलते यह नदी भी लुप्त हो गई। लोग इसका नाम तक भूल गए। करीब डेढ़ साल पहले आद्र क्षेत्रों की खोज के लिए सेटेलाइट सर्वे में इस नदी के चिन्ह दिखाई दिए। तभी से इसके जीर्णोद्धार के प्रयास शुरू हो गए हैं। बूढ़ी गंगा के बाद सामूहिक प्रयासों से एक और नदी में पानी की धार बहाई जाएगी। नीम नदी को पुनःजीवित कर जिले में बह रही काली नदी से मिलाने की तैयारी की गई है। काली नदी की धार कन्नौज जिले में गंगा से मिलती है। अब काली के साथ नीम नदी भी गंगा में मिलेगी। इधर अस्तित्वहीन हो गई बूढ़ी गंगा को काफी प्रयास के बाद जीवनदान मिला और कासगंज के दरियागंज में दोबारा गंगा के साथ एक हो गई। काली के साथ नीम नदी भी कन्नौज में जाकर गंगा में मिल जाएंगी।



कभी यहीं से बहती थी नीम नदी। • अमृत विचार

### आंकड़े की नजर से

- 42 किलोमीटर तक बुलंदशहर से कासगंज तक है नीम नदी का क्षेत्र
- 71 किलोमीटर के दायरे में कासगंज क्षेत्र में बहती है गंगा नदी
- 80 किलोमीटर तक कासगंज क्षेत्र में बूढ़ी गंगा का हो चुका है जीर्णोद्धार

**ढूंढ रहे थे तालाब, मिल गई नीम नदी:** डेढ़ साल पहले भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय ने आर्द्र क्षेत्रों को तलाशने के लिए अभियान शुरू किया। कासगंज में सेटेलाइट से इन क्षेत्रों की तलाश शुरू की। उस समय तालाब और पोखर को ढूंढा जा रहा था। सेटेलाइट से पता चला कि यहां नीम नदी भी है। जल शक्ति मंत्रालय के सदस्य डॉ. राधाकृष्णन दीक्षित ने बताया कि मंत्रालय के पास रिपोर्ट है जिसके अुनसार नीम नदी लगभग 500 साल पहले तक अस्तित्व में थी। इस नदी का संरक्षण फिर से जल शक्ति मंत्रालय कर रहा है।

> कासगंज जिले में नदी और नहरों का जाल फैला हुआ है। यहां सिंचाई के लिए किसानों को आसानी से पानी मिलता है। नदी और तालाबों की ही देने है कि पूरा जिला डार्क जोन से बाहर है। कासगंज में नदियों के संरक्षण के लिए बेहतर प्रयास किया जा रहे हैं। दिल्ली, कानपुर के विशेषज्ञ यहां निगरानी बनाए हैं। **-नितिन कौशल**, डायरेक्टर डब्ल्यूडब्ल्यूएफ दिल्ली

> नीम नदी के लिए विशेष रूप से कार्य कराया जा रहा है। कासगंज जिले की सीमा में लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक ग्राम पंचायत ऐसी हैं जो नीम नदी से जुड़ी रही हैं। मनरेगा के तहत नीम नदी के संरक्षण की जिम्मेदारी संबंधित ग्राम पंचायतों को दी गई है। ग्राम पंचायतें मनरेगा के तहत कच्चा कार्य कराएंगी। **-सचिन कुमार**, सीडीओ

# छाया उल्लास:तिरंगा यात्रा में गूंजे भारत माता के गगनभेदी जयघोष

## जश्न-ए-आजादी के अवसर पर जारी रहा हर घर तिरंगा अभियान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : जश्न-ए-आजादी के अवसर पर शुरू किए गए हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत मंगलवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा का प्रारंभ कलेक्ट्रेट परिसर में डीएम उमेश प्रताप सिंह ने झंडी दिखाकर रवाना किया। तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में स्कूल-कॉलेजों ने सहभागिता की।

- कलेक्ट्रेट से डीएम ने झंडी दिखाकर रवाना की तिरंगा यात्रा

तिरंगा यात्रा कलेक्ट्रेट से शुरू होकर खिरनीबाग चौराहा, सदर बाजार, टाउनहाल होते हुए शहीद उद्यान परिसर में विसर्जित हुई। इस अवसर पर डीएम ने जनपदवासियों का आह्वान किया कि आजादी के इस जश्न में सभी लोग अपने घरों और प्रतिष्ठानों में तिरंगा झंडा जरूर लगाएं। उन्होंने छात्र-छात्राओं का भी आह्वान किया कि वह अपने घरों में तिरंगा झंडा लगाकर राष्ट्र के प्रति सम्मान प्रकट करें। तिरंगा यात्रा की अगुआई बेसिक शिक्षा विभाग के स्काउट बैंड ने की। बैंड के पीछे बेसिक शिक्षा विभाग के ही स्काउट्स-गाइड्स और एनसीसी कैडेट्स कदमताल करते हुए और जोशीले नारे लगाते चल रहे थे।

तिरंगा यात्रा में कंपोजिट विद्यालय अटसलिया, डॉ. सुदामा प्रसाद कन्या इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, देवी प्रसाद इंटर कॉलेज, आर्य महिला इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज, एसपी कॉलेज, क्रिश्चियन गर्ल्स हाई स्कूल आदि शिक्षण संस्थाओं के छात्र-छात्राएं और एनसीसी कैडेट्स शामिल रहे। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडेय, सहायक आयुक्त फूड चंद्रशेखर मिश्र, डीआईओएस हरिवंश कुमार, डीएमओ मोहम्मद खालिद, बीएसए दिव्या गुप्ता ने किया।

आयोजन में जिला गाइड कैप्टन दपिंदर कौर, जिला स्काउट कमिश्नर निकहत परवीन, राजन प्रजापति, राजीव अग्रवाल, गौरी शंकर, डॉ. बृजेश, माधवी मिश्रा, प्राची, भावना, राहुल सिंह, मो. फैसल आदि का योगदान रहा।



यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्रा। साथ में डीएमओ मोहम्मद खालिद और बीईओ नागेंद्र सिंह। ● अमृत विचार


तिरंगा यात्रा में साहसिक कार्य का प्रदर्शन करते बेसिक शिक्षा विभाग के स्काउट-गाइड। ● अमृत विचार


कलेक्ट्रेट से तिरंगा यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना करते डीएम उमेश प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

## एक नजर

### भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा बाइक रैली

कांट, अमृत विचार : आजादी के 77 वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विशाल तिरंगा बाइक यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा कार्यक्रम के आयोजक भाजपा युवा मोर्चा मंडल कांट के नेतृत्व में सभी भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता नगर के रामलीला मैदान में एकत्रित हुए। विशाल तिरंगा यात्रा को महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता व ददरौल विधायक अरविंद सिंह ने तिरंगा झंडा दिखाकर यात्रा को रवाना किया। सभी ने अपनी अपनी बाइकों पर तिरंगा झंडा लगा रखा था। भारत माता की जय के जयघोष से पूरे नगर का वातावरण गूंज उठा, जिसने पूरे नगर में जोश पैदा कर दिया। तिरंगा यात्रा रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर मोहल्ला महरैय्या, ब्लॉक, महुआ बाजार, पट्टी पूर्वी, कमलनयनपुर, सैयदबाड़ा, गढ़ी पूर्वी, मदनापुर रोड, रावतपुर, कुरियां कला रोड से होकर पुन : रामलीला मैदान में समाप्त हुई। इस मौके पर कार्यक्रम आयोजक युवा मोर्चा के कांट के मंडल अध्यक्ष राजदीप शर्मा, ब्लॉक प्रमुख श्रीदत शुक्ला, श्याम बाबू दीक्षित, अरुण गुप्ता, राजदीप शर्मा, शिव प्रताप सिंह भदौरिया, कुलदीप आचार्य, अमरदीप शुक्ला आदि रहे।

### 85 युवाओं को मिला कैंपस प्लेसमेंट

शाहजहांपुर, अमृत विचार : जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से मंगलवार को राजकीय महाविद्यालय कांट में कैंपस प्लेसमेंट रोजगार मेला का आयोजन किया गया। निजी क्षेत्र की दो कंपनियों ने 85 युवाओं का रोजगार के लिए चयन किया। जिला सेवायोजन अधिकारी विजय सुधाकर सिंह ने बताया कि 173 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया था। एलआईसी ने 38 और पुखराज हेल्थ केयर ने 47 युवाओं का चयन किया। कार्यक्रम में अरुण कुमार शर्मा, राकेश चंद्र अशोक कुमार विश्वमोहन नवनीत शुक्ला गोपाल सिंह समेत कई लोगों का सहयोग रहा।

### टेंपो चालक को हॉकी से पीटकर किया लहूलुहान

निगोही, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव जहानपुर निवासी रामगुलाम(30) पुत्र प्रेमदास मंगलवार शाम सात बजे शाहजहांपुर से टेंपो लेकर आया और हमजापुर चौराहे पान की दुकान पर खड़ा कर दिया, तभी पान भंडार स्वामी ने उसेको टेंपो हटाने को कहा, इसी बात पर दोनों लोगों में कहासुनी हो गई। आरोपी ने अपने साथियों को बुला लिया और फिर सभी ने मिलकर उसे हॉकी से जमकर पीटा, जिससे उसका सिर फट गया। सूचना पर निगोही पुलिस पहुंची, जब तक हमलावर भाग चुके थे।

## हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारों से गूंजीं फिजाएं

- मदरसा नूरुल हुदा के बच्चों ने निकाली तिरंगा यात्रा

शाहजहांपुर, अमृत विचार : स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत बिजलीपुरा स्थित मदरसा नुरुल हुदा के तत्वावधान में तिरंगा यात्रा जोशोखरोश के साथ निकाली गई। मुख्य अतिथि नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्रा, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मोहम्मद खालिद, खंड शिक्षा अधिकारी नगर नागेंद्र सिंह ने गुब्बारे उड़ा कर और झंडी दिखाकर तिरंगा यात्रा को रवाना किया। प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा मदरसे से प्रारंभ होकर अंटा चौराहा होते हुए विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए वापस मदरसे में ही संपन्न हुई। इस दौरान बच्चे अमर शहीद अमर रहें, हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे बुलंद कर रहे थे। रैली में पार्षद मजहर हुसैन, मोहम्मद रजी, डॉ. मोहसिन, इजहार हसन, शारिक अली खां, सैयद शारिक अली, मोहम्मद जाहिद, जहूर खान, हैदर अली, साजिद अली खां, मुख्तार अहमद, आदिल आदि भी शामिल रहे।


तिरंगा रैली निकालते गोल्डन फ्लावर स्कूल के छात्र। ● अमृत विचार

## हर घर तिरंगा फहराने का दिया संदेश

खुटार, अमृत विचार : हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को गोल्डन फ्लावर पब्लिक स्कूल के छात्रों ने भारत माता की जय का नारा बुलंद कर नगर में रैली निकाल देश की सुरक्षा, भाईचारे और एकता का संदेश दिया। इससे पूर्व प्रधानाचार्य राजकुमार साहू व थानाध्यक्ष संजय कुमार ने तिरंगा झंडा फहराकर रैली को रवाना किया। इस दौरान थानाध्यक्ष संजय कुमार ने कहा कि अराजक तत्व समाज को दूषित करने का काम कर रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ आवाज उठाएं और पुलिस को सूचना दें। आपका यह कदम समाज को सुरक्षा प्रदान करेगा। इसके बाद अध्यापकों की मौजूदगी में छात्रों की यह तिरंगा रैली स्कूल से गोला रोड, तिकुनिया से होते हुए मेन मार्केट से मुख्य बंडा चौराहा पहुंची और वापस स्कूल पहुंच कर समाप्त हुई। रैली में छात्रों ने हर घर तिरंगा फहराने, भारत माता की जय के नारे लगाए। इस मौके पर अध्यापक नीलम सम्भा, शिप्रा डेनियल, अमित मिश्रा, अमित वर्मा, अंकित भदौरिया, सईद फरहान अली, शिवसिकदार, शोभना, रिषभ तिवारी, आशीष पांडेय आदि मौजूद रहे।

## आंबेडकर और शहीदों की प्रतिमाओं पर किया माल्यार्पण



तिलहर, अमृत विचार : मंगलवार को नगर पालिका परिषद मैदान से जिला अध्यक्ष केसी मिश्रा व जिला उपाध्यक्ष अरुण यादव चैनू के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता तिरंगा ध्वज लेकर भारत माता के जयकारे लगाते हुए निकले। मुख्य बाजार होते हुए बिरियागंज स्थित अंबेडकर पार्क पहुंच कर बाबा भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर भाजपा जिला अध्यक्ष व सभी पदाधिकारियों ने माल्यार्पण किया। इसके बाद सभी कार्यकर्ता और किसान इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राएं भारत माता के जयकारे लगाते हुए शहीद कुटी पर पहुंचे। वहां अमर शहीद पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, ठाकुर रोशन सिंह की प्रतिमाओं को माल्यार्पण कर नमन किया और भारत माता के जयकारे लगाए। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप यादव, ब्लॉक प्रमुख कविता यादव, अरुण यादव चैनू, जैतीपुर ब्लॉक प्रमुख पति राजीव कश्यप, नगर अध्यक्ष राजीव राठौर, सुशील बाबू गुप्ता बबलू, सुनील गुप्ता हंस, संजय गुप्ता, चंद्रकांता द्विवेदी, सविता वर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संस्था ने डीपीआरओ को सौंपे 1000 तिरंगे

शाहजहांपुर, अमृत विचार : सामाजिक कार्य करने वाली सहयोग संस्था के पदाधिकारियों ने मंगलवार को विकास भवन पहुंचकर जिला पंचायत राज अधिकारी घनश्याम सागर को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया और 1000 तिरंगा झंडा भी सौंपे। संस्था की उपाध्यक्ष नुजहत अंजुम ने कहा कि संस्था हमेशा शासन और प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर जनहित के कार्यों को करती रहेगी। संस्था के महासचिव अनूप कुमार एडवोकेट ने सभी से स्वतंत्रता दिवस पर छत पर तिरंगा लगाने की अपील की। इस दौरान संस्था के संरक्षक प्रधान अनिल गुप्ता, शाहनवाज़ खां एडवोकेट, अध्यक्ष नेहा यादव सक्सेना, पदाधिकारी महेंद्र दुबे, शिवम वर्मा, निखिल महेंद्रू, शालू यादव आदि मौजूद रहे।

## पुवायां में निकाली गई विशाल तिरंगा यात्रा

पुवायां, अमृत विचार : भाजपा युवा मोर्चा के नेतृत्व में मंगलवार को विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण चंद्र मिश्रा, राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार, भाजयुमो जिला अध्यक्ष रोहित सिंह, कार्यक्रम संयोजक व जिला मंत्री आदित्य चौहान, सहसंयोजक अमित सिंह, ब्लॉक प्रमुख सुरजन लाल, खुटार ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित, बंडा नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद इसहाक, मंडल अध्यक्ष विपिन शुक्ला, नगर अध्यक्ष अर्पित गुप्ता, बंडा मंडल अध्यक्ष धर्मवीर वर्मा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष दिनेश अवस्थी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष सिद्धार्थ कश्यप, विकास शुक्ला, कपिल गुप्ता, विनायक अग्रवाल, विकास गुप्ता सहित तमाम लोग रहे।



# महापौर ने सीएमओ कार्यालय में एआरओ को दिए नियुक्ति पत्र

शाहजहांपुर, अमृत विचार: सीएमओ कार्यालय के सभागार में महापौर अर्चना वर्मा ने नव चयनित एआरओ को नियुक्ति पत्र वितरित किए।

मंगलवार को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नव चयनित एआरओ को नियुक्ति पत्र वितरित कर समारोह का प्रारंभ किया था। महापौर अर्चना वर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही समस्त योजनाओं को बिना भेदभाव के लोगों तक पहुंचाए और जिले का नाम रोशन करें। सीएमओ डॉ. आरके गौतम ने कहा कि एआरओ का चयन होने परिवार कल्याण, टीकाकरण कार्यक्रम को गति मिलेगी और गुणवत्ता बनाएं रखने में सहयोग मिलेगा। इस अवसर पर डिप्टी सीएमओ डॉ. मनोज मिश्रा, डॉ. घनश्याम, वीरेंद्र कुमार शर्मा, इमरान खान, विपिन सिंह आदि थे।



एआरओ को नियुक्ति पत्र देतीं अर्चना वर्मा।

# उद्यमियों को एक मंच पर मिलेगा समस्याओं का समाधान

- बरेली में 17 को होगा संवाद व समाधान विषयक कार्यक्रम मुख्य सचिव रहेंगे मुख्य अतिथि
- आईआईए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने प्रेसवार्ता में दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: प्लाईवुड मैन्युफैक्चरिंग वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में 17 अगस्त को बरेली के जीआईसी सभागार में संवाद एवं समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। संवाद एवं समाधान विषयक कार्यक्रम में शासन के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहेंगे, जो उद्यमियों की समस्याएं सुनकर उनका समाधान निकालेंगे।

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम की अध्यक्षता करने वाले इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने मंगलवार को प्रेसवार्ता में कार्यक्रम संबंधी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बरेली के जीआईसी सभागार में संवाद एवं समाधान नामक कार्यक्रम 17 अगस्त को अपरान्ह दो बजे आयोजित किया जाएगा। प्लाईवुड मैन्युफैक्चरिंग वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रयास से होने वाले कार्यक्रम में बरेली एवं मुरादाबाद मंडल के उद्यमी, निर्यातक, कृषि, कृषि वानिकी आधारित उद्योगों एवं प्रगतिशील किसान शामिल होंगे। प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह सभी से संवाद स्थापित कर समस्याओं का समाधान निकालेंगे। अशोक अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में बरेली मंडल एवं मुरादाबाद मंडल के नौ जिलों के प्रतिनिधि और सात से अधिक संस्थाएं संवाद करेंगी। प्रेसवार्ता में शुभम खन्ना, गुरुजीत सिंह मोंगा, हेमंत रोहरा, जय मोदी, सुधीर अग्रवाल, विनम्र अग्रवाल, अंकित गुप्ता आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम की जानकारी देते आईआईए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रभु का जन्मोत्सव



तिलहर, अमृत विचार : नगर में स्थित मोहल्ला निजामगंज स्थित अग्रवाल सभा में चल रही 11 दिवसीय श्री राम कथा पांचवें दिन कथा व्यास ने राम जन्म की कथा का वर्णन किया। आचार्य पंडित देव प्रकाश मिश्रा ने बताया कि जब-जब धरा पर अधर्मियों का बोलबाला हो जाता है तब प्रभु किसी न किसी रूप में अवतार लेकर के आते हैं और पापियों का विनाश करते हैं। राम जन्म की कथा सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। इससे पूर्व दौरान दिनेश चंद्र शर्मा व सतीश चंद्र गुप्ता ने व्यास महाराज व उनके छोटे भाई आचार्य पंडित अंकित मिश्रा को अंग वस्त्र व माल्यार्पण कर भेंट कर माल्यार्पण किया। इस मौके पर अशोक अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, सचिन गर्ग, प्रकाश, संतोष, चंद्राकर, हैप्पी, हर्षित गर्ग, विनोद सिंह, राम प्रकाश मिश्रा, सौरभ शर्मा, देवास दीक्षित, रामपाल सिंह आदि सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।







# महासंघ ने निकाली गंगा जलाभिषेक बाइक यात्रा

- किसान कल्याण संगठन की छात्र इकाई ने सिद्धेश्वरनाथ मंदिर में किया पूजन

संवाददाता, अल्हागंज

अमृत विचार : किसान कल्याण महासंघ ने विशाल गंगा जलाभिषेक पांचाल घाट से सिद्धेश्वरनाथ मंदिर दिबियापुर (हरदोई) तक बाइक यात्रा निकाल कर जन जागरण किया।

यात्रा रोडवेज बस स्टेशन के पास से शुरू होकर पांचाल घाट तक पहुंची। जहां दर्जनों कार्यकर्ता और काश्तकारों ने गंगा में डुबकी लगाई। गंगा मैया की जय जय कार की और हर-हर महादेव का नारा बुलंद किया। फिर सभी जल के साथ बाइकों पर सवार होकर सिद्धेश्वरनाथ मंदिर पहुंचे। वहां सभी ने शिव की आराधना कर उनका जलाभिषेक किया।

इससे पहले संगठन के फर्रुखाबाद जिला अध्यक्ष अरमान खान और तालिब पठान ने साथियों के साथ जिला अभिषेक यात्रा का फूल वर्षा कर स्वागत किया। इसके अलावा थाने के सामने मोहम्मद अलीशाह, सोनू, पप्सी वाले ने यात्रा पर फूल वर्षा करके सभी को जलपान कराया। संगठन की तरफ से यह चौथी जलाभिषेक यात्रा निकाली गई। संगठन की छात्र इकाई के जिला अध्यक्ष सपन शर्मा के नेतृत्व में यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में अनुराग दुबे, पवन वर्मा, आशीष वर्मा, पवन वर्मा, महेश कुशवाहा, ओमपाल कुशवाहा, आलोक दीक्षित, नरेंद्र कुशवाहा, शक्ति राणा, अरुण कश्यप, शिवम, रवि सिंह, इंद्रजीतसिंह, विजय सिंह, नवजीत राजपूत, संजय कुमार, चंदन वर्मा, अवनीश वर्मा, सेवाराम वर्मा सहित तमाम कार्यकर्ता और किसान शामिल थे।


गंगा जलाभिषेक बाइक यात्रा निकालती किसान कल्याण महासंघ छात्र इकाई। ● अमृत विचार

## शहीद नायक जदुनाथ सिंह की शहादत पर गर्व

कलान ,अमृत विचार : परमवीर चक्र विजेता नायक जदुनाथ सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मगंलवार को भाजपा जिला महामंत्री, डीसीडीएफ चेयरमैन रमाकांत मिश्रा ने पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के साथ ब्लॉक परिसर में परमवीर चक्र विजेता नायक जदुनाथ सिंह की प्रतिमा पर साफ सफाई कर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि जदुनाथ सिंह की वीरता बहादुरी पर हम सभी को गर्व है। उनकी शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह , मंडल महामंत्री राघवेंद्र मिश्रा , सुगम सक्सेना, महिला मोर्चा अध्यक्ष मंजू सिंह, शक्ति केंद्र संयोजक धर्मेंद्र कश्यप , प्रतिपाल सिंह आदि उपस्थित थे।

## शहीद की प्रतिमा की सफाई कर किया माल्यार्पण



निगोही,अमृत विचार : निगोही नगर पंचायत में शहीद भगत सिंह चौराहा पर सरदार भगत सिंह जी की प्रतिमा पर साफ सफाई कर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रजनीश कुमार राठौर, गौरव सिंह, जसविंदर कौर, रॉबिन, ओपी वर्मा आदि उपस्थित रहे।




## मालगाड़ी से कटकर मगरमच्छ की मौत

- डेढ़ वर्ष आयु और तीन फिट थी लंबाई, वन विभाग की टीम पहुंची

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोजा और हथौड़ा के बीच डाउन लाइन पर सोमवार रात शाहजहांपुर से रोजा जा रही मालगाड़ी से कटकर मगरमच्छ की मौत हो गई। एक हिस्सा रेल लाइन के बाहर और दूसरा हिस्सा दो लाइनों के बीच में पड़ा था।

मंगलवार सुबह छह बजे मैन रेल पटरी पर जा रहा था तो मगरमच्छ कटा देखा। की मैन ने स्टेशन अधीक्षक एसके यादव को दी। एसएस ने मगरमच्छ के कटने की सूचना वन विभाग को दी। वन विभाग के उप रेंजर अजय सिंह राणा ने बताया कि रोजा और हथौड़ा के बीच मालगाड़ी से एक मगरमच्छ की कटकर मौत हो गयी थी। मगरमच्छ पटरी पर दो टुकड़ों में कटा हुआ पाया गया। उन्होंने बताया कि मादा मगरमच्छ तीन फुट लंबा है और इसकी अनुमानित आयु डेढ़ वर्ष के आस-पास है। ग्रामीणों ने बताया कि काफी समय से एक मगरमच्छ रेल लाइन के किनारे झाड़ियों में देखा जा रहा था। खन्नौत नदी पुल के नीचे पानी में काफी संख्या में मगरमच्छ है। वन विभाग की टीम ने रेल पटरी के किनारे अन्य मगरमच्छ की तलाश की, लेकिन नहीं मिला। उप रेंजर ने बताया कि मगरमच्छ के शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

### बिजलीपुरा मोहल्ला निवासी बुजुर्ग की 1979 में हुई थी मृत्यु, सात अप्रैल 1999 को बना था प्रमाण पत्र

# नगर निगम ने मौत के 45 साल बाद बना दिया दूसरा प्रमाण पत्र

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- जानकारी होने पर मृतक के परपोते ने वित्तमंत्री सुरेश खन्ना से की शिकायत
- पोते ने एक व्यक्ति पर लगाया संपत्ति हड़पने की साजिश रचने का आरोप

**अमृत विचार :** नगर निगम ने 45 साल पहले मर चुके व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र 2024 में जारी किया। प्रमाण पत्र जारी होने का पता चलने के बाद मृतक के परपोते ने नगर आयुक्त व मेयर से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़ित ने वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना को शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

बिजलीपुरा मोहल्ले के निवासी आशिक अली ने वित्तमंत्री को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनके परदादा अब्दुल मजीद की मृत्यु 19 अक्टूबर 1979 को बड़ागांव में हुई थी। जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र पुवायां से सात अप्रैल 1999 को बनवाया गया था। यह प्रमाण पत्र सही था। दूसरी ओर मृतक की संपत्ति हड़ने के लिए एक कुछ लोगों ने साजिश शुरू कर दी। इसके तहत दूसरा प्रमाण पत्र नगर निगम से इस साल बनवाया गया है। संपत्ति हपड़ने की नीयत से नगर निगम के कर्मचारियों से मिलकर सन 1959 के रजिस्टर में वर्तमान में चलने वाले पेन से लिखकर मृत्यु होने की बात चढ़ाई गई है। इसी के आधार पर दूसरा मृत्यु प्रमाण पत्र बनवा लिया। उन्होंने वित्त मंत्री से रजिस्टर तलब कराकर जांच कराने की मांग की ताकि सच्चाई सामने आ सके।

आशिक ने कहा कि दूसरा मृत्यु प्रमाण पत्र खारिज कराया जाए और साजिश रचने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि उन्होंने इस साजिश को लेकर नगर आयुक्त और मेयर को प्रार्थना पत्र दिए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री से उन्हें न्याय की उम्मीद है। आशिक ने कहा कि किसी व्यक्ति की मृत्यु के 45 साल बाद इस तरह नगर निगम से दूसरा प्रमाण पत्र बन जाना बहुत बड़ी बात है। ऐसा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जरूरी है वरना आगे कोई अन्य व्यक्ति भी इस तरह की साजिश का शिकार हो सकता है।

## एक नजर

### बिस्तर में छिपे सांप ने डसा, महिला की मौत

**जलालाबाद, अमृत विचार :** गांव सराय साधौ निवासी सुनीता गुप्ता पत्नी देवेश गुप्ता की सांप के डसने से मौत हो गई। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। सोमवार रात करीब 9 बजे सुनीता ने बिस्तर लगाया। बिस्तर में छिपे बैठे सांप ने उसके हाथ में डस लिया। परिजन उसे नगर के एक झाड़ फूंक करने वाले व्यक्ति के पास ले गए, जहां जड़ी बूटी पिलाई गई। जिससे कुछ फायदा होने के बाद परिजन उसे घर ले आए। घर में सुनीता ने हाथ में लगे बांध को खोल दिया। इसके बाद उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद लेकर पहुंचे। जहां उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि महिला का मायका बिहार का है।

### बंदरों के हमले में घायल युवक की मौत

**कुर्रिया कला, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र कुरिया कला निवासी (40) धर्मपाल 4 अगस्त को अपनी छत पर टहल रहा था। अचानक बंदरों के घेरने पर वह छत पर से नीचे गिर गए। परिवार वालों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। फायदा न होने पर बरेली ले गए थे। मंगलवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक राजमिस्त्री था। पत्नी अनीता व तीन बच्चे हैं।

### रंजिशन महिला को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली क्षेत्र के बरेली मोड़ स्थित केडी वाली गली निवासी आरती देवी ने बताया कि उसने एक मुकदमा चंद्रभान निवासी जरीगांव थाना गढ़िया रंगीन के खिलाफ दर्ज कराया था। आरोप है कि सोमवार सुबह आरोपी उसके दरवाजे पर आया और गाली देने लगा। विरोध करने पर उसे पीटकर घायल कर दिया। धमकी दी कि मुकदमा वापस नहीं लेने पर जान से मार डालेंगे। पुलिस ने चंद्रभान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### जेई ने किया 17 घंटे बिजली सप्लाई का दावा

**कुर्रिया कला, अमृत विचार :** चौहनापुर उपकेंद्र के अवर अभियंता माता प्रसाद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि चौहनापुर उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले सभी गांव में 17 घंटे सप्लाई दी जा रही है। जबकि आदर्श कोटेदार व उपभोक्ता वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से ऊर्जा मंत्री को लिखे पत्र में बताया गया था कि क्षेत्र में मात्र 2 से 4 घंटे बिजली ही मिल रही है। जबकि ऐसा नहीं है। चौहनापुर उपकेंद्र पर सरकार की मंशा के अनुरूप ही कार्य हो रहा है। कुर्रिया कला में सप्लाई उन्होंने स्वयं सुचारू कराई थी।

# डीजे पर डांस कर रहा कांवड़िया ट्रॉली से गिरा, पहिए के नीचे आने से मौत

### सोमवार रात निगोही क्षेत्र में बलेली गांव के पास हुई सड़क दुर्घटना

**लगातार हादसों से उठे सवाल**

- गोला गोकर्णनाथ में कांवड़ चढ़ाकर घर लौट रहा था विकास
- रविवार को भी हो चुकी है दो कांवड़ियों की हादसे में मौत

संवाददाता, निगोही/शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिले में तीन दिन के अंदर हादसों में तीन कांवड़ियों की मौत हो गई। शनिवार और रविवार को जहां दो की मौत हो गई थी, वहीं सोमवार को भी एक की जान हादसे में चली गई। तीन दिन में हादसों में तीन कांवड़ियों की मौत से यातायात व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं कि आखिर इस तरह के हादसों पर लगाम लगाने में पुलिस फेल क्यों हो रही है।

खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव भर्री बसंतपुर से दो दर्जन से अधिक कांवड़िया ट्रैक्टर-ट्रॉली से पहले फर्रुखाबाद के पांचाल घाट पर गए था। इसके बाद छोटी काशी गोला गए। सोमवार की शाम वहां जलाभिषेक कर सोमवार की रात साढ़े दस बजे ट्रैक्टर-ट्रॉली से डीजे बजाते हुए डांस करते हुए जा रहे थे। भर्री बसंतपुर निवासी विकास(24) भी डांस कर रहा था। शाहजहांपुर-बीसलपुर मार्ग पर बलेली गांव के सामने अचानक विकास चलती ट्रैक्टर-ट्रॉली से नीचे गिर गया। इससे पहले चालक ट्रैक्टर रोकता पहिया विकास के ऊपर से गुजर गया। साथी कांवड़ियों ने जब तक शोर मचाकर ट्रैक्टर रुकवाया वह गंभीर रूप से घायल हो चुका था। उसे सीएचसी लाया गया। यहां जांच के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

जिले में तीन दिन के अंदर तीन कांवड़ियों की मौत हादसों में हो चुकी है। एसपी अशोक कुमार मीणा ने कांवड़ियों को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरतने को कहा था, लेकिन इसके बाद भी हादसों पर लगाम नहीं लग पा रही है। तीन दिन में तीन कांवड़ियों ने हादसों में जान गंवा दी। इससे पहले बीते सप्ताह खुटार में एक कांवड़िया की हादसे में मौत हो चुकी है। उस समय भी तमाम सवाल उठा गए थे।

**रोडवेज की टक्कर से हो गई थी मौत:** सात अगस्त को खुटार क्षेत्र के गांव क्षेत्र के गांव चमराबोझी निवासी सर्वेश कुमार साथी कांवड़ियों के साथ फर्रुखाबाद घटियाघाट से जल लेकर गोला गोकर्णनाथ जा रहा था। कठिना नदी टेढ़वा पुल के पास बरेली डिपो की रोडवेज बस ने उसे कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना से साथी कांवड़ियों में रोष फैल गया था और उन्होंने शव को बीच रोड पर रखकर प्रदर्शन और नारेबाजी शुरू कर दी। वहीं, तीन अगस्त को गांव सुगसुगी के पास पिकअप की टक्कर से तीन कांवड़ियों सहित पांच लोग घायल हो गए थे।

#### शनिवार को गई एक कांवड़िया की जान

अल्हागंज थाना क्षेत्र के गांव इमलिया निवासी रामवीर(21) शनिवार की रात आठ बजे बाइक से कांवड़ लेकर घटिया घाट पर गंगा जल लेने जा रहा था। उसके साथ गांव का नीरज भी था। वह स्वयं बाइक चला रहा था और उसका साथी पीछे बैठा हुआ था। हुल्लापुर चौराहे पर अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी थी, जिससे रामवीर गंभीर रूप से घायल हो गया था, उसके साथी के हल्की चोट आई थी। गंभीर रूप से घायल को सीएचसी पर ले जाया गया। डॉक्टर ने उसे मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया था। इलाज के दौरान रामवीर की मौत हो गई थी।

#### रविवार को भी ट्रॉली से गिरकर हुई थी मौत

कलान थाना क्षेत्र के गांव पिलुआ निवासी मुकेश शर्मा का पुत्र राज शर्मा(16) रविवा को ट्रैक्टर-ट्रॉली से कांवड़ लेकर अटेना घाट पर गंगा जल लेने के लिए गए। ट्रॉली पर दो दर्जन लोग सवार थे। रात 11 बजे कलान में स्थित पटना देवकली मंदिर में जल चढ़ाने जा रहे थे। राज ट्रॉली के ऊपर बैठा हुआ था। मदनपुर गांव के सामने झटका लगा और राज नीचे गिर गया था। एक पहिया उसके ऊपर से निकल गया था। साथी उसे अस्पताल ले गए जहां उसने दम तोड़ दिया था।

## मां-बेटी अभी भी भर्ती, अन्य यात्रियों की छुट्टी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पंजाब मेल में आग लगने की अफवाह के मामले में ट्रेन से कूदने में घायल यात्रियों में मेडिकल कॉलेज में मां-बेटी सिर्फ बची है। रेल प्रशासन ने उन्हें गंतव्य स्थान पर भिजवाया है। रविवार की सुबह पौने नौ बजे पंजाब मेल बरेली से लखनऊ जा रही थी। बिलपुर रेलवे स्टेशन से ट्रेन निकलने के बाद जनरल कोच में रेलवे का अग्निशमन यंत्र से किसी ने छेड़छाड़ कर दी। अग्निशमन यंत्र से सफेद रंग का धुआं जैसा रसायनिक निकला और कोच में अलार्म बच गया। कोच में सवार यात्रियों ने शोर मचाया कि आग लग गयी और भगदड़ मच गयी। चेन पुलिंग करने पर बहगुल नदी पुल ट्रेन खड़ी हो गयी और यात्री कूद गए। चंदौली की घायल अख्तरी बेगम, उसकी बेटी अनवरी बेगम, अमेठी के शिव सहाय, गाजीपुर के चंद्रपाल, झारखण्ड के रुबी लाल व उन्नाव के कुलदीप मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। रेलवे के अधिकारी घायलों का हाल चाल लेने बराबर अस्पताल जाते थे। घायलों में मेडिकल कॉलेज में मां-बेटी का इलाज चल रहा है। जबकि अन्य घायलों की छुट्टी कर दी गयी। रेल अधिकारियों ने इन यात्रियों को अपने गंतव्य स्थान पर ट्रेन से भेज दिया।

## एसएस कॉलेज गेट पर अभाविप का प्रदर्शन


एसएस कॉलेज गेट पर प्रदर्शन करते अभाविप कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, शाहजहांपुर

- परीक्षा परिणाम को लेकर चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विभिन्न पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम में शून्य अंक आने व अधिक संख्या में अनुत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों के संबंध में एसएस कॉलेज के उप प्राचार्य डॉ. अनुराग अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा।

मंगलवार को कॉलेज पहुंचे महानगर विस्तारक संदीप सागर ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्र-छात्राओं की समस्याओं को लेकर लगातार संघर्ष करती आ रही है। जिसके चलते स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रम जैसे बीसीए,बीएससी , बीकॉम कंप्यूटर आदि विषयों में विद्यार्थियों के शून्य अंक एवं सेमेस्टर में बैक का पेपर देने के बाद भी उसमें अनुत्तीर्ण विद्यार्थी दिख रहे हैं, जिसको लेकर चार सूत्रीय मांगों को लेकर अपना ज्ञापन सौंपा गया। महानगर मंत्री आशीष भदौरिया ने कहा कि यदि हमारी इन सभी मांगों को विश्वविद्यालय प्रशासन ने जल्द से जल्द नहीं माना, तो विद्यार्थी परिषद विश्वविद्यालय का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन करेगी। ज्ञापन देने वालों में आयुष श्रीवास्तव , वैभव सक्सेना ,राजन ठाकुर, अंकित राजपूत, अभिषेक पांडेय , रौनक पाल , ईशित गोयल,अश्मित श्रीवास्तव, लव शर्मा, गीतांजलि , मोहिनी प्रजापति, प्रियंका, गौरव आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कटरा में आज मेगा ब्लॉक, रोजा बरेली समेत 6 ट्रेनें रहेंगी निरस्त

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- तीन दिन बीसलपुर होकर पीलीभीत जाएगी त्रिवेणी एक्सप्रेस

**अमृत विचार :** कटरा रेलवे स्टेशन पर बुधवार को नॉन इंटरलाकिंग का कार्य के लिए मेगा ब्लॉक लिया जाएगा। रेल प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। इस दौरान डाउन व अप लाइन की रोजा-बरेली पैसेंजर समेत छह ट्रेनें 16 अगस्त तक निरस्त रहेगी। त्रिवेणी एक्सप्रेस बरेली न जाकर बीसलपुर होकर टनकपुर जाएगी।

कटरा रेलवे स्टेशन पर एक नई रेल लाइन बिछाई जा रही है। यहां पर तीन दिन से नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य चल रहा है। 14 से 16 अगस्त तक कार्य को लेकर मेगा ब्लॉक लिया जाएगा।

जिसको लेकर पांच ट्रेनें बदले मार्ग से चलेगी और डाउन व अप लाइन की छह ट्रेनें निरस्त रहेगी। ब्लॉक के दौरान डाउन व अप लाइन की बरेली-वाराणसी एक्सप्रेस, वाराणसी-बरेली एक्सप्रेस 14 से 16 अगस्त, बरेली-प्रयाग एक्सप्रेस व प्रयाग-बरेली एक्सप्रेस 14 से 16 अगस्त, बरेली-रोजा व रोजा-बरेली मेमो 14 से 17 अगस्त तक निरस्त रहेगी। डाउन व अप लाइन की त्रिवेणी एक्सप्रेस 14 से 16 अगस्त तक बरेली न जाकर बीसलपुर-पीलीभीत होकर टनकपुर के लिए संचालन किया जाएगा।

गुवाहाटी एक्सप्रेस को 14 अगस्त को कानपुर होकर चलाया जाएगा। राज्यरानी एक्सप्रेस 13 से 16 अगस्त तक दो घंटे देरी से अपने निर्धारित स्थान से चलेगी।

## बजाज मिल के आवासीय परिसर में लगी आग

**मकसूदापुर, अमृत विचार:** बजाज चीनी मिल/एनर्जी प्लांट के आवासीय परिसर में अचानक आग लग गई।

मंगलवार को सुबह 9:30 बजे के करीब बजाज चीनी मिल के आवासीय परिसर के डी ब्लॉक में अचानक धुआं उठने लगा। धुआं देख डी ब्लॉक में रहने वाले मिलकर्मियों में अफरा-तफरी मच गई। लोग घरों से बाहर निकल आए। देखा तो पता चला कि डी ब्लॉक के विद्युत सप्लाई वाले मुख्य पैनल में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई है। आनंद फाइनेंस में सूचना देकर विद्युत सप्लाई बंद कराई गई। आग पर काबू पा लिया गया। इस संबंध में जानकारी लेने पर एचआर हेड फरहान ने बताया कि शॉर्ट सर्किट हो गया था, किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ है।




**उम्मीद जगी** ग्रामीणों ने मांग को लेकर बीते दिनों भूख हड़ताल पर रहकर किया था आंदोलन

# हल्के वाहनों के निकलने को भार क्षमता का परीक्षण शुरू

संवाददाता, मिर्जापुर

- कोलाघाट पुल पर आईआईटी बीएचयू की टीम ने पिलर के पास खोदाई कर मशीनों से की जांच

**अमृत विचार :** आईआईटी बीएचयू की टीम ने मंगलवार को कोलाघाट पुल की भार क्षमता का परीक्षण किया। टीम द्वारा पिलर के पास खोदाई कर मशीनों से जांच की गई। जांच से क्षेत्रीय लोगों को पुल से हल्के वाहनों के निकलने की उम्मीद जगी है।

कोलाघाट पुल से हल्के वाहनों को गुजारने की मांग को लेकर बीते दिनों ग्रामीणों द्वारा धरना व भूख हड़ताल की गई थी। वहीं पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामवीर सिंह सोमवंशी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर पुल का लोड टेस्ट कराने की मांग रखी थी। जिसके बाद प्रमुख सचिव द्वारा सेतु निगम के अधिकारियों को पुल की भार क्षमता की जांच कराने के निर्देश दिए थे। सेतु निगम द्वारा आईआईटी बीएचयू से पुल का लोड टेस्ट कराने का अनुरोध किया था। मंगलवार सुबह बीएचयू की जांच टीम के कई इंजीनियर तीन जेसीबी, लोड टेस्टिंग के लिए एक भारी ट्रक जैसा वाहन लेकर वहां पहुंचे और कुओं के पास की खोदाई शुरू की है। खबर लगते ही समाजवादी पार्टी के नेता सूरजपाल यादव, जिला पंचायत सदस्य रामदास राठौर, रामकुमार राठौर सहित भारी संख्या में लोग पहुंच गए। इन लोगों ने रामगंगा पुल से वाहनों का आवागमन शुरू कराए जाने की मांग को लेकर बीते दिनों धरना दिया था। उम्मीद है कि लोड टेस्टिंग के बाद पुल से हल्के वाहनों का आवागमन शुरू कर दिया जाएगा। जांच टीम ने पुल के पिलर्स की करीब छह मीटर खोदाई के बाद मशीनों से जांच की। टीम की अगुवाई कर रहे बीएचयू के डॉ. अंजनी कुमार शुक्ला ने बताया कि जांच के बाद रिपोर्ट सेतु निगम को सौंपी जाएगी।


पुल के पिलर की जांच करते इंजीनियर। ● अमृत विचार

#### 2021 में पिलर धंस जाने से तीन हिस्सों में बंट गया था पुल

वर्ष 2021 में पुल का पिलर धंस जाने से तीन हिस्सों में बंट गया था। एक वर्ष के अंदर पुल दोबारा बनवाया गया लेकिन जांच में कमियां निकालकर आवागमन चालू नहीं किया गया। धरना प्रदर्शन के बाद दोपहिया वाहनों के लिए खोला गया था। अब लोगों की मांग है कि बड़े वाहनों का आवागमन चालू कराया जाए।

"जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि पुल कितना भार कितने समय तक सह सकता है।
– राघवेंद्र कुमार, सहायक अभियंता

# बदायूं-फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे पर जाम

## जिसे जहां से मौका मिला वहीं से निकला, वाहनों की लग गईं कतारें

संवाददाता, कलान

**अमृत विचार:** बदायूं-फर्रुखाबाद पर नगर में ऐसा जाम लगा कि परौर तिराहे से लेकर स्टेट हाईवे पर बने ढलान तक वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। लोग एक घंटा तक जाम में फंसे रहे। पटना देवकली स्थित शिव मंदिर पर जलाभिषेक करने को पहुंचने वाले कांवड़ियों और अतिक्रमणकारियों की वजह से जाम के हालात पैदा हो रहे है।

पुलिस रविवार से चौथे सोमवार तक पटना देवकली में स्थित शिव भक्तों की सुरक्षा के लिए ड्यूटी पर तैनात थी, लेकिन मंगलवार को भी मार्ग पर पुलिस नजर नहीं आ रही थी। वहीं कांवड़ियों की संख्या बढ़ी नजर आ रही थी, कोई बाइक से निकल रहा था तो कोई दोपहिया वाहन से। रोड पर ट्रैफिक के दबाव के बीच स्टेट हाईवे किनारे सब्जी बेचने वाले ठेली लगाकर और चालक अपने वाहन आड़े-तिरछे लगाकर जाम का सबब बने हुए थे। इसी वजह से मंगलवार दोपहर के बाद लंबा जाम लग गया। जिसे जरा सा मौका मिलता वहीं अपना वाहन घुसा देता था, इससे जाम में फंसे वाहनों की लाइन लंबी होती चली गई। परौर तिराहे से लेकर सात सौ मीटर की दूरी पर पानी निकास के लिए बने ढलान( डिव ) तक वाहनों की लाइन लग गई। पुलिस नजर नहीं आ रही थी। काफी देर से जाम में फंसे कुछ लोगों ने अपने वाहनों से उतकर दूसरे वाहनों को इधर-उधर करके रास्ता बनाकर जाम को खुलवाया। करीब एक घंटे के इंतजार के बाद धीरे-धीरे जाम खुला। जाम के दौरान लोगों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ी।



कलान में परौर तिराहे के पास लगे जाम में आड़े-तिरछे फंसे वाहन। ● अमृत विचार

● **लोगों ने वाहनों से उतरकर दूसरे वाहनों को इधर-उधर कर रास्ता बनाकर खुलवाया जाम**

### सड़क के दोनों तरफ ठेले और डग्गामार वाहनों का रहता है जमावड़ा

अभी तो सावन में कांवड़ियों के चलते ट्रैफिक का भार बढ़ा लेकिन बदायूं फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे पर हर रोज जाम की समस्या बनी रहती है क्योंकि सड़क के दोनों तरफ आड़े तिरछे फल, चाट-पकौड़ी, सब्जी आदि के ठेले लगे रहते हैं। वहीं डग्गामार वाहन ई-रिक्शा आदि खड़े रहते हैं। वैसे तो बाइक से पुलिसकर्मी मार्ग पर फर्राटे भरते रहते हैं लेकिन इन दिनों चीता मोबाइल पुलिस भी नजर नहीं आ रही है। लोगों ने सुरक्षा की दृष्टि एवं जाम की समस्या से निजात के लिए मार्ग पर पुलिस फोर्स की व्यवस्था किए जाने की मांग की है।

रोड पर कांवड़िया निकल रहे हैं, इस वजह से ट्रैफिक का दबाव रोड पर बढ़ गया है। इससे जाम की स्थिति बन जा रही है लेकिन जाम से निपटने के लिए पुलिस बल लगा हुआ है। **– प्रभाष चंद्र**, थानाध्यक्ष, कलान

## नशाखोरी के खिलाफ छात्रों को किया जागरूक

**शाहजहांपुर।** तिलहर के गुरुकुल महाविद्यालय में मंगलवार को नशा मुक्ति अभियान के तहत छात्रों को नशाखोरी से दूर रहने को प्रेरित किया गया। प्राचार्य डॉ. धारणा याज्ञिकी ने कहा कि नशा युवा और किशोरों की बुद्धि को कुंठित कर देता है, इसलिए सभी को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहना चाहिए। आचार्य मनोज कुमार ने कहा कि नशा से जीवन बर्बाद हो जाता है और परिवार बिखर जाते हैं। इस मौके पर छात्रों ने कविता पाठ के माध्यम से भी साथियों को नशाखोरी से दूर रहने का संदेश दिया। आचार्य अवधेश कुमार, आचार्य चंदन कुमार, ज्योति, रश्मि शर्मा आदि मौजूद रहे।

## कांट जीआईसी में दिलाई गई नशा मुक्ति की शपथ



जीआईसी में नशा मुक्ति की शपथ लेते छात्र। ● अमृत विचार

संवाददाता, कांट

**अमृत विचार:** राजकीय इंटर कॉलेज में मंगलवार को नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान के तहत मादक और नशीले पदार्थों को छोड़ने की शपथ छात्र-छात्राओं को दिलाई गई। वाद-विवाद और पोस्टर-प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

प्रधानाचार्य संजय कुमार मौर्य ने विभिन्न प्रकार के नशीले पदार्थों के बारे में और उनके सेवन से होने वाले नुकसान, दुष्प्रभाव को विस्तृत रूप से समझाया। इस मौके पर शिक्षक मनीराम, अरविंद वर्मा, सुरेंद्र पाल सिंह, पंकज कुमार, नीरज पाल सिंह, सतेंद्र यादव, संजय सैनी, मुकेश सिंह, प्रताप सिंह, राजीव शर्मा, विशाल, आदि शामिल रहे। वहीं मदरसा अंजुमन नाज इस्लामियां कॉलेज में हुई प्रार्थना सभा में प्रबंधक मोहम्मद इमरान खां ने नशामुक्ति के मुद्दे पर छात्र-छात्राओं से चर्चा की और छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं को नशामुक्ति हेतु शपथ दिलाई। इस मौके पर नाज़वी, मैहबिश नाज़, खुशबू नाज़, सरताज, उवैस, शोएबा आदि स्टाफ मौजूद रहा

## सार-संक्षेप

### सीएचसी में एक साल से धूल फांक रही एक्स-रे मशीन



**अल्हागंज, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक साल से एक्स-रे मशीन धूल फांक रही है। सवाल उठ रहा है कि जब एक्स-रे होने ही नहीं थे तो फिर अस्पताल में मशीन की क्या जरूरत थी। सीएमओ के लगातार निरीक्षण के बाद भी स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार इसके बाद भी नहीं हो पा रहा है। अस्पताल में अव्यवस्थाओं का बोलबाला है। बाहरी लोगों की घुसपैठ की शिकायतें आती हैं। सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामवीर सिंह सोमवंशी और जिला सचिव प्रभा शंकर गुप्ता, विधानसभा अध्यक्ष सूरजपाल यादव ने सोमवार को एसडीएम जलालाबाद रविंद्र कुमार से मिलकर अस्पताल के हालात से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने स्थिति में सुधार की मांग की। इस संबंध में एसडीएम जलालाबाद ने बताया कि सपा नेताओं द्वारा की गई शिकायतों का जल्द निस्तारण कराने का प्रयास किया जाएगा।

### कोर्ट के आदेश पर रंगदारी का केस दर्ज

**मकसूदापुर, अमृत विचार :** बंडा पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर चार लोगों के खिलाफ रंगदारी सहित कई धाराओं में केस दर्ज किया है। देवकली निवासी शशिवेंद्र सिंह ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि जानवरों के बांधने का स्थान ऊंचा करने के लिए दो ट्रॉली मिट्टी अपने खेत से डाली थी। इसी बात को लेकर हरीश कुमार पुत्र रामकृष्ण व राम टहल पुत्र छत्रपाल निवासी ग्राम उदयपुर खखरा थाना बंडा शाहजहांपुर अपने दो साथियों के साथ दो बाइकों से 28 जून 2024 को शाम 5 :00 बजे आए। उस समय वह अपने खेत से वापस घर आ रहा था। आरोपियों ने प्रति ट्रॉली पांच सौ रुपये देने को कहा, ऐसा न करने पर शिकायत करने की धमकी दी। आरोपी उससे राजनीतिक रंजिश मानते हैं। उसके मना करने पर चारों गाली-गलौज व मारपीट करने लगे। उनकी चेन लूट ली। जेब से करीब बारह सौ रुपये निकाल लिए। जान से मार डालने की धमकी दी। हरीश ने जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। वह बाल-बाल बच गए। थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### कार्रवाई से बचने को हाथ-पैर मार रहे झोलाछाप

**अल्हागंज, अमृत विचार :** बीते शुक्रवार को डिप्टी सीएमओ मोहम्मद आसिफ खान ने शिकायतें मिलने के बाद नगर के झोलाछाप डॉक्टर, अवैध पैथोलॉजी संचालक और एक हड्डी रोग विशेषज्ञ को पकड़ने का प्रयास किया था। छापामारी से पहले ही इसकी जानकारी विशेषज्ञ को हो गई। इसपर वह दुकान का शटर गिरा मौके से गायब हो गया। कार्रवाई के बाद सभी ने अपनी दुकानों से क्लीनिक संबंधी बोर्ड हटा दिए और सीएमओ ऑफिस तक अपनी पहुंच व सिफारिशें लगानी शुरू कर दी। दूसरी तरफ डिप्टी सीएमओ ने स्पष्ट कर दिया है कि अवैध क्लीनिक, रेडियोलॉजिस्ट, पैथोलॉजी चलाने वाले संचालकों पर कार्रवाई जरूर होगी।

### रंजिशन युवक को डंडों से पीटकर घायल किया

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव समसपुर निवासी गुड़िया ने बताया कि विपक्षी से पुरानी रंजिश चल रही थी। 10 अगस्त की रात साढ़े दस बजे उसका पुत्र सुमित खेत से धान की फसल देखकर घर आ रहा था। घर के बाहर पहुंचा तो गांव के विनय, आशुतोष, प्रिंस, जितिन ने घर लिया और डंडों से पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

Leading you to blossoming health
खुशलोक हॉस्पिटल
मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर
सिन्धी मार्केट, निकट पुलिस चौकी मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, बरेली
फोन : 7500875003, 0581-2530800/700
HELPLINE: 9760701234
आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
कैंसर के उच्चस्तरीय उपचार की उपलब्धता अब खुशलोक हॉस्पिटल में
डॉ. तूलिका त्यागी
एम.बी.बी.एस., डी.एन.बी. रेडियेशन ऑन्कोलॉजी
कैंसर रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक कमला नेहरू मेमोरियल हॉस्पिटल, प्रयागराज
पूर्व चिकित्सक ओमेगा कैंसर हॉस्पिटल विशाखा पटनम
● सभी प्रकार के कैंसर रोगों की जाँच एवं निदान एक ही स्थान पर
● महिलाओं में होने वाले कैंसर जैसे स्तन कैंसर बच्चेदानी का कैंसर के लिये परामर्श एवं इलाज की व्यवस्था
● सभी प्रकार के कैंसर रोगों के लिए Chemotherapy (कीमोथैरेपी) की व्यवस्था
● कैंसर रोगों से बचाव के लिये परामर्श एवं टीकाकरण (Vaccination)
● आनुवांशिक रूप से होने वाले कैंसर रोगों के लिये स्क्रीनिंग (Screening) की व्यवस्था
24 घण्टे इमरजेन्सी
आई.सी.यू. व वेंटिलेटर की सुविधा उपलब्ध
Website: www.khushlokhospital.com
Email: khushlokhospital@rediffmail.com

MAXLIFE SUPERSPECIALITY HOSPITAL & FAMHY IVF CENTRE
मैक्सलाइफ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर
डॉ. अनीस बेग
M.B.B.S., D.C.H.
Child Specialist
डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S., D.G.O D.M.A.S., F.M.A.S
Gyanaecologist, Ivf Specialist
हृदय रोग विभाग
स्थायी/अस्थायी पेसमेकर इम्प्लांटेशन
बैलून माइट्रल वाल्वोटॉमी
2डी ईको कार्डियोग्राफी
टी.एम.टी.
24 Hrs हॉल्टर मॉनिटरिंग
ई.सी.जी.
डिजिटल एक्स-रे
अनुभवी कार्डियोलॉजिस्ट द्वारा संचालित कैथ लैब
कोरोनरी एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी
लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
एडवांस आई.सी.यू.
एडवांस एन.आई.सी.यू.
मॉड्यूलर ऑपरेशन
24/7 सुविधा उपलब्ध
निकट ईसाइयों की पुलिया, सिन्धु नगर, सैटेलाइट बरेली
0581-2990926
0581-2990928

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
150 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर हॉस्पिटल
RADIOTHERAPY
TRUE BEAM STX LINAC
यह SRS, SBRT, IGRT, IMRT,VMAT और 3D CRT जैसी फोटॉन थेरेपी (6 Mv, 10Mv, 15Mv) पद्धतियाँ प्रदान करने में सक्षम है।
BRACHYTHERAPY
24 Channel
PET CT SCAN
बरेली मंडल की एक मात्र मशीन
FDG -PET CT
PSMA- PET CT (प्रोस्टेट कैंसर)
सोडियम फ्लोराइड बोन पीईटी
DOPA -PET CT (पार्किंसंस आवर्तक ब्रेन ट्यूमर, आदि)
द्वितीय पीढ़ी की मशीन जिससे कैंसर के स्टेज का पता चलता है
Immunotherapy & Chemotherapy
Dedicated Cancer Modular OT's
आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज
हमारे विशेषज्ञ
डॉ. अर्जुन अग्रवाल (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. लक्ष्मण पांडे (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. आमिर मलिक (हेड एंड नेक कैंसर सर्जन)
डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा (क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. संदीप (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. चीना गर्ग (ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट)
डॉ. अंकित कुमार (न्यूक्लियर मेडिसिन ऑन्कोलॉजिस्ट)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें – 92581 16087, 78912 35003
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
60000 से अधिक ऑपरेशन का अनुभव
डॉ. आदित्य त्यागी
8077344353
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड, बरेली।
सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ● घबराहट ● छाती में दर्द या भारीपन ● सांस फूलना ● पैरों में सूजन ● हाई ब्लडप्रेशर ● हाई कोलेस्ट्रोल ● डाइबिटीज (शुगर) ● सीने या पेट में जलन या दर्द ● हार्ट अटैक ● हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

## एक नजर

### एएसपी सिटी ने सुरक्षा व्यवस्था का किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एसपी अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में एएसपी सिटी संजय कुमार व सीओ सिटी सौम्या पाण्डेय ने मंगलवार दोपहर न्यायालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सीसीटीवी कैमरे, बैग स्केनर, डीएफएमडी, मॉनिटरिंग कक्ष का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### पाक्सो एक्ट में दो अभियुक्त गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मदनापुर थाना प्रभारी अमित चौहान ने बताया कि क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने आठ अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि एक युवक उसकी नाबालिग पुत्री को अगवा करके ले गया था। पुलिस ने आरोपी धीरज निवासी मदनापुर व रोशन सिंह निवासी पीलीभीत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करके चालान कर दिया।

### ई-रिक्शा चोरी की रिपोर्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव करनापुर निवासी अवनेश ने निगोही थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 4 अगस्त को उसका साला अजय कुमार निवासी जमौर थाना कांट ई-रिक्शा लेकर गांव घुसगवां रविवार शाम सात बजे गया था। पुड़िया लेने चला गया। वापस आया तो ई-रिक्शा गायब था।

# लूट का खुलासा नहीं...तीन और घरों में हो गई लाखों की चोरी

## रोजा के गांव कटिया रज्जब में नकब लगाकर कमरे में घुसे चोर, कंजा में विधवा के घर को खंगाला

संवाददाता, रोजा/शाहजहांपुर


कटिया रज्जब में आमीन के मकान में पीछे से लगी नकब। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** पुलिस टीम शनिवार रात को पिपरिया सड़क में हुई लूटपाट की घटना का अभी खुलासा भी नहीं कर पाई थी कि चोरों ने सोमवार रात कटिया रज्जब में दो घरों को निशाना बना लिया। नकब लगाकर नगदी समेत लाखों रुपये के जेवर चोरी कर लिए। सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना कर घटना का जल्द खुलासा करने का आश्वासन दिया है। वहीं कंजा गांव में भी चोरों ने एक विधवा के मकान से नगदी आदि सामान चोरी कर लिया। महिला ने पुलिस को तहरीर दी है।

थाना रोजा के गांव कटिया रज्जब निवासी रामदीन परिवार के साथ सोमवार रात घर के आंगन में सोए हुए थे। उनके परिवार में पत्नी सुनीता, तीन बेटे कुलदीप, कपिल और दिवाकर व एक बेटी साधना और कुलदीप व कपिल की बहुएं भी सोई हुई थी। रात में किसी समय चोरों ने मकान के पीछे कमरे में नकब लगा दी और कमरे में घुसकर चोरों ने बक्से और अलमारी से पांच हजार की नगदी और जेवरों में कमर बिछुआ, चार जोड़ी पायलें, एक माला, एक टीका, एक जोड़ी टॉप्स, तीन जोड़ी बिछिया, एक सोने का ओम चोरी कर लिया। पीड़ित ने चोरी गए जेवर की कीमत करीब तीन लाख रुपये बताई।

वहीं चोरों ने गांव के ही आमीन के मकान को भी निशाना बना लिया। यहां भी चोर मकान में पीछे नकब लगाकर कमरे में दाखिल हो गए और आमीन का परिवार घर के आंगन में सोता रहा। चोर कमरे से 46 हजार रुपये की नगदी और तीन जोड़ी पायलें चोरी कर ले गए।सुबह जागने पर चोरी की घटना की जानकारी हुई, तब पुलिस को सूचना दी गई। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने गांव पहुंचकर मामले की जानकारी और चोरों की सुरागरसी कर जल्द घटना के खुलासे का आश्वासन दिया।इन दोनों घटनाओं से एक दिन पहले चोरों ने कंजा गांव की सरला पत्नी स्व.विश्राम के घर में घुसकर 27 हजार रुपये की नगदी और बेटी की दो जोड़ी पायले निकाल ली। घटना के समय मां-बेटी छत पर सो रहीं थी।

सुबह जागने पर मामले की जानकारी हुई।महिला ने बताया कि उसने खेत गिरवी रखकर राशन के लिए रुपये जुटाए थे, जो घर से चोर चोरी कर ले गए। विधवा महिला ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है। बता दें कि इसी रोजा थाना क्षेत्र के गांव पिपरिया सड़क में शनिवार की रात तीन बदमाशों ने तमंचा और चाकू के बल पर भूपेंद्र यादव व उसकी पत्नी पूजा को बंधक बना लिया और यहां से पांच हजार की नगदी और 12 लाख रुपये कीमत का जेवर चोरी कर ले गए थे, पुलिस अभी इस घटना का खुलासा नहीं कर पाई है, दूसरी चुनौती कटिया रज्जब व कंजा में चोरी की घटनाओं के खुलासे की सामने और आ गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। खुलासे के लिए पुलिस टीम लगी हुई है।

### पशु व्यापारी के घर से भी हुई थी लाखों की चोरी

**शाहजहांपुर।** लगभग 15 दिन पहले चोरों ने सिंधौली क्षेत्र के गांव खनवापुर निवासी पशु व्यापारी बलीबुल्ला के घर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। चोर यहां से साढ़े चार लाख की नगदी और लगभग पांच लाख रुपये कीमत का दो बहुओं का जेवर चोरी कर ले गए थे। इस घटना के बारे में सिंधौली थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार का कहना है कि मामले की रिपोर्ट दर्ज की गई थी और इस घटना का खुलासा कर दिया गया है। इसी थाना क्षेत्र के गांव महाऊ में भी दो घरों में चोरी की घटन हो चुकी है।

### बाइक सवार लुटेरों ने युवक का मोबाइल लूटा

**कलान।** मोहल्ला उल्फत नगर मिल्किया रोड निवासी लक्ष्मण ने तहरीर देकर बताया कि वह रविवार रात में अपने साथियों के साथ स्टेट हाईवे बदायूं फर्रुखाबाद मार्ग पर पटना देवकली स्थित शिव मंदिर पर जलाभिषेक करने जा रहा था। वह लघुशंका के लिए सड़क किनारे बैठ गया और साथी थोड़ी दूर पर खड़े हो गए, वह जैसे ही लघुशंका से निजात पाकर उठा, इस समय दूसरी दिशा से अचानक दो लोग बाइक से आये और उन्होंने झपट्टा मार कर मोबाइल छीन लिया। वह काफी दूर तक भागा लेकिन लुटेरे अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। पीड़ित ने मंगलवार सुबह तहरीर देकर मोबाइल लुटेरों का सुराग लगाने एवं कार्रवाई की मांग की है।

### चोरी का खुलासा नहीं होने से व्यापारी नाराज

**खुदागंज,अमृत विचार :** दो सप्ताह पूर्व खुदागंज के जलालपुर मार्ग पर स्थित राहुल सिंह की खाद एवं बीज की दुकान में गोलक से 80 हजार रुपये उस समय चोरी कर लिए गए थे, जब वह एक ग्राहक को खाद देने के लिए दुकान के अंदर गए थे। मामले का खुलासा नहीं होने से व्यापारियों में आक्रोश है। व्यापारी नेता कृपा शंकर रस्तोगी के नेतृत्व में एक सप्ताह पहले एक शिष्टमंडल एसपी से मिला था और खुलासे की मांग की थी, जिस पर एसओजी टीम को लगाया था। सीओ प्रयांक जैन ने व्यापारियों शीघ्र घटना का खुलासा किए जाने का आश्वासन दिया है, वहीं व्यापारियों ने कहा यदि मामले में शीघ्र खुलासा न हुआ तो व्यापारी बरेली जाकर पुलिस कमिश्नर से मिलेंगे।

### मौजमपुर पुलिस चौकी के सामने से ईको कार चोरी

**तिलहर।** बेखौफ चोरों ने चौकी के सामने से इको कार चोरी कर ली। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मोहल्ला बहिदुल्लागंज निवासी संजय दीक्षित पुत्र राधे श्याम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उन्होंने अपनी ईको कार सोमवार शाम आठ बजे मौजमपुर पुलिस चौकी के सामने खड़ी की थी। सुबह छह बजे देखा तो गाड़ी नहीं मिली। उन्होंने कोतवाली पुलिस को गाड़ी चोरी होने की तहरीर दे दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। उन्होंने कार बरामद करने और चोरों को पकड़ने की मांग की है।

## फुटबॉलः महिला वर्ग में शाहजहांपुर ने पीलीभीत को हराया

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** परमवीर चक्र यदुनाथ सिंह स्टेडियम में चल रहे अंतर्जनपदीय पुलिस पुरुष, महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में महिला वर्ग में फाइनल मैच शाहजहांपुर व पीलीभीत के मध्य खेला गया। शाहजहांपुर की टीम ने पीलीभीत को एक गोल से हराकर जीत हासिल की। सुधा रावत ने गोल करके अपना नाम दर्ज कराया। दूसरा मैच पुरुष वर्ग में पीलीभीत व बरेली के मध्य खेला गया, जिसमें पीलीभीत की टीम ने एक गोल से मैच जीता। पुरुष वर्म में पहला मैच सेमीफाइनल शाहजहांपुर-बदायूं के मध्य खेला गया। शाहजहांपुर की टीम के दिव्य प्रताप व कपिल चौहान ने दो गोल कर विजय प्राप्त की। पुरुष वर्ग का द्वितीय सेमीफाइनल पीलीभीत व अमरोहा के मध्य खेला गया। पीलीभीत ने एक गोल करके जीत हासिल की। बुधवार की शाम पुरुष वर्ग में शाहजहांपुर एवं पीलीभीत के बीच फाइनल मैच खेला जाएगा। आज के मैच के अंपायर दिलीप शर्मा, कौशल किशोर, मोहम्मद अनवर, आशु भारती, प्रवीण कुमार व पंकज रहे। कमेन्ट्री पंकज द्वारा की गई। प्रतिसार निरीक्षक प्रेमपाल सिंह व स्टाफ द्वारा व्यवस्थाएं देखी गयी।

## सार-संक्षेप

### बीजों को सही समय से बोएं, हरी खाद का करें प्रयोग



**खुदागंज/निगोही, अमृत विचार :** खुदागंज और निगोही स्थित ब्लॉक मुख्यालय पर कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। खुदागंज में मुख्य अतिथि विधायक वीर विक्रम सिंह प्रिंस की उपस्थिति में कृषि विशेषज्ञों ने तकनीकी खेती व पशुपालन विभाग की ओर से अच्छी नस्ल के पशुओं के बारे में किसानों को जानकारी दी गई। मंगलवार को खुदागंज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कई विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे, जहां पशुपालन विभाग से आदर्श कुमार, गन्ना विभाग से सोमपाल पटेल व आशुतोष मौर्या, उद्यान निरीक्षक अनिल कुमार, कृषि रक्षा इकाई से प्रभारी हरीश कुमार, फसल बीमा कोऑर्डिनेटर साजिद सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। वहीं निगोही में आयोजित कृषक गोष्ठी में अच्छी उपज के लिए किसानों को बताया गया कि प्रगतिशील बीजों को सही समय से बोये और हरी खाद का प्रयोग करें। समय-समय पर फसलों को पानी दें, तभी किसानों को उचित दर मिल सकती है। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष श्यामनरायण मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख भानु प्रताप सिंह, कृषि वैज्ञानिक डॉ. विमल कुमार सिंह, डॉ. नूतन वर्मा आदि मौजूद रहे। संचालन गुरमुख ज्ञानी ने किया।

### देशभक्ति गीतों पर थिरके नन्हें-मुन्ने



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** तक्षशिला पब्लिक स्कूल में प्री प्राइमरी के नन्हे मुन्नों ने मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। समारोह का आरंभ विद्यालय निदेशक अरुण खंडेलवाल और प्रधानाचार्य प्रखर खंडेलवाल ने मां सरस्वती एवं त्यागी जी महाराज की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में यशार्थ, श्रेयांश, शिवी, दक्ष, दर्श, शिवज, वरदान, अवयान, सिद्धि, जेरी आदि बच्चों ने ईश प्रार्थना की और दिविषा, वेदिका, अदिति, कुबेर, अमुघद, अली, अब्दुल, मनित, वर्णिका, माहम, राम आदि ने स्पीच तथा फैंसी ड्रेस में बच्चों ने इंदिरा गांधी, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, सुभाष चंद्र बोस, लाल बहादुर शास्त्री, अशफाक उल्ला खां, रानी लक्ष्मी बाई आदि की वेशभूषा में तालियां बटोरीं। फैंसी ड्रेस में श्रेष्ठ, अचिंत, लव, हृदयांश, फलेहा, तनिष्क, मदीहा, आरुष, आयांश शामिल रहे। अनाया, कनिष्क, मनित, आलिमा, शुभ्रा, अक्षत, प्रबलीन, इशिता, अदिति, इशिता, चेष्टा, अविका, आर्या, आहना, आरोही, देवनया, इबा, आयजा, वैदेही, नित्या, आतिफा ने देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सहसंयोजिका निधि तिवारी, आशा, अर्पणा, राखी, प्रीति सुशीला, सोनम, अनुप्रिया, सुरभि, राधिका का सहयोग रहा।

### सात सटोरिये गिरफ्तार, पांच हजार रुपये बरामद

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एसपी के निर्देश पर सट्टा के खिलाफ अभियान चलाया गया गया। विभिन्न थानों की पुलिस ने सात सटोरियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सट्टे की पर्ची व पांच हजार रुपये बरामद किए है। चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर को मंगलवार की सुबह सूचना मिली कि फूलमती मंदिर के सामने एक युवक सट्टे की पर्ची लिख रहा है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया सटोरिया राजेश श्रीवास्तव निवासी चौकसी कोतवाली है। पुलिस ने उसके कब्जे से सट्टे की पर्ची व 2270 रुपये बरामद कर चालान कर दिया। इसी थाना के उप निरीक्षक अरविंद कुमार ने सोमवार की शाम सूचना के आधार पर पंडित दीन दयाल मार्केट से खाईबाड़ी करते दो सटोरिये को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी राहुल गुप्ता निवासी बिजलीपुरा चौक कोतवाली व राम नरेश निवासी बाबूजई चौक कोतवाली है। पुलिस ने सटोरियों के कब्जे से सट्टे की पर्ची व 1970 रुपये बरामद किए है। रामचंद्र मिशन थाना प्रभारी निरीक्षक सीपी शुक्ल ने बताया कि पंकज निवासी चमकनी गाड़ीपुरा थाना रामचंद्र मिशन के कब्जे से सट्टे की पर्ची व 130 रुपये, राजू निवासी मिश्रीपुर थाना रामचंद्र मिशन के कब्जे से सट्टे की पर्ची, 130 रुपये, इरफान निवासी मिश्रीपुर के कब्जे से सट्टे की पर्ची 185 रुपये, मोवीन निवासी तारीन गाड़ीपुरा थाना रामचंद्र मिशन के कब्जे से सट्टे की पर्ची 246 रुपये और मौहम्मद गौस निवासी फतेहपुर थाना रामचंद्र मिशन के कब्जे से पर्ची व 240 रुपये बरामद किए है। पुलिस ने सभी सटोरियों का चालान कर दिया।

### गैंगस्टर के दो अभियुक्त गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जलालाबाद प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि कमलेश निवासी सराय साधौ थाना जलालाबाद और रामकिशन निवासी नवीन नगर थाना जलालाबाद के खिलाफ गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज था। अभियुक्त आर्थिक लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से वाहन चोरी के अपराधों में संलिप्त है। वाहन चोरी की कई वारदातें की है। अभियुक्त कमलेश पर पहले से तीन और राम किशन पर पहले से तीन मामले दर्ज है। दोनों अभियुक्त गैंगस्टर के मुकदमे में फरार चल रहे थे। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक रवि शंकर यादव, आजाद यादव, जितेंद्र कुमार, संजय कुमार, प्रियव्रत थे।

### बाइक ओवरटेक करने पर मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**खुटार, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव भरकलीगंज निवासी शादाब ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि रविवार को वह गांव से खुटार की ओर आ रहा था। गांव के ही राशिद व अफसर शाह भी पीछे से बाइक लेकर आ रहे थे। वह अपनी साइड में था इसके बावजूद वह लोग उसकी बाइक को ओवरटेक कर रहे थे। विरोध करने पर राशिद व अफसर शाह ने उसकी लात-घूंसों व डंडों से पिटाई कर दी। पुलिस ने शादाब की तहरीर पर दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# छात्रा को करता था तंग... पिता-भाई ने पकड़ा, जमकर पीटा

संवाददाता, खुटार


हिरासत में आरोपी।

- पिटाई कर किया पुलिस के सुपुर्द, पीड़िता के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज

> पीड़िता के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस व परिजनों की मदद से आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।
> – संजय कुमार, थानाध्यक्ष खुटार

**अमृत विचारः** स्कूल जा रही कक्षा सात की छात्रा को एक ई-रिक्शा चालक रोजाना तंग किया करता था। मंगलवार सुबह बंडा रोड पर गांव सौंफरी के पास आरोपी ने छात्रा को फिर रोक लिया और उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। पीछे से आ रहे छात्रा के पिता और दो भाइयों ने उसे पकड़ लिया। कुछ ही देर में लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। छात्रा को रोज तंग किए जाने की जानकारी पर लोगों ने आरोपी की धुनाई कर उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट, छेड़छाड़ सहित कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी 14 वर्षीया पुत्री खुटार के एक स्कूल में कक्षा सात में पढ़ती है। वह घर से पैदल ही स्कूल जाती है। स्कूल आते जाते समय एक ई रिक्शा चालक उससे छेड़छाड़ के साथ ही अश्लील इशारे कर अभद्र टिप्पणियां करता है।

इसकी शिकायत पुत्री ने कई बार घर पर भी की थी। मंगलवार को पुत्री घर से स्कूल जा रही थी। पीछे पिता और दो भाई चल रहे थे। मंगलवार सुबह करीब 7:35 बजे नखासा बाजार के पास आरोपी ने पुत्री को पकड़ लिया और छेड़छाड़ करने लगा और उससे गाली गलौज कर धमकी देने लगा कि यदि कहीं बताया तो जान से मार देंगे। इसी बीच पिता और भाई पहुंच गए। इसके बाद परिजनों के साथ ही नगर के मोहल्ला गांधीनगर निवासी अवनीश मिश्रा, इंदिरा नगर निवासी पवन सक्सेना ने आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम मुनीर उर्फ मुनीश पुत्र हसन अली निवासी मोहल्ला सरोजनीनगर बताया। सूचना पर पुलिस पहुंच गई और आरोपी को थाने ले आई। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कि खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पीड़िता के पिता ने बताया कि आरोपी आए दिन रास्ते में पुत्री को रोककर उसे पार्क में घुमाने, नाश्ता कराने का प्रलोभन देता था। बेटी के शिकायत करने पर मंगलवार को आरोपी को छेड़छाड़ करते रंगे हाथ पकड़ लिया।

### राजीनामा का दबाव बना रहा था आरोपी पक्ष

छात्रा से छेड़छाड़ के बाद परिजनों के साथ ही स्कूल के प्रधानाचार्य थाने पहुंचे। कुछ देर बाद जानकारी पाकर आरोपी पक्ष के परिजन भी थाने पहुंच गए। जहां पीड़ित परिवार और प्रधानाचार्य पर राजीनामा के लिए दबाव बनाने लगे। लेकिन सुलह नहीं हो सकी। आरोपी का छोटे भाई गाली गलौज और पिटाई करने पर आमादा हो गया था। जिस कारण राजीनामा नहीं हो सका।

### त्वरित कार्रवाईः दर्ज की रिपोर्ट, भेजा जेल

छेड़छाड़ करने के आरोपी मुनीर उर्फ मुनीश पुत्र हसन अली को थानाध्यक्ष संजय कुमार की सख्ती के बाद पकड़ लिया गया और पीड़ित परिवार की ओर से दी गई तहरीर पर तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। इसके बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया। पुलिस के त्वरित कार्रवाई की सभी ने सराहना की।

## चुनावी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट

**बंडा, अमृत विचारः** चुनावी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव बरीबरा के महेंद्र ने पुलिस को बताया कि छह अगस्त को प्रधानी के उपचुनाव हुए थे, जिसमें उसने रजोध सिंह के प्रत्याशी को वोट नहीं दिया था। इस पर वह रंजिश मानने लगा। 10 अगस्त को जब वह एक झाले से आ रहा था, तभी रास्ते में रंजोध सिंह, जगजीत सिंह, जितेंद्र सिंह, गुरुवाज सिंह ने उसे गालियां देते हुए कहा कि तूने वोट नहीं दिया। विरोध करने पर लाठी डंडों से पीटा और जान से मार देने की धमकी दी। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं दूसरे पक्ष के वर्तमान प्रधान सीताराम ने पुलिस को बताया कि वह अभी प्रधानी का चुनाव जीता है, इससे कुछ लोग उससे रंजिश मानने लगे। 10 अगस्त को जब वह खपटा झाला से वापस बरीबरा अपने घर आ रहा था, तभी सच्ची माता स्थान के पास पहुंचते ही बरीबरा कॉलोनी निवासी महेंद्र, रामबरन हाथों में दराती लेकर आए और गालियां देने लगे, जब उसने विरोध किया तो वह मारपीट को हमलावर हो गए।

AIRCOL MULTI SERVICES & TOTAL SOLUTIONS PVT. LTD.
Near Balaji Gym Lalfatak Budaun Road, Bareilly (U.P)- 243001
Mob.: 8006051051/7252999309 CARE@AIRCOL.IN/SUPPORT@AIRCOL.IN
GSTIN: 09AAVCA4744K1ZZ , PAN NO : AAVCA4744K | WEBSITE VISIT : WWW.AIRCOL.IN
BEST PRICE & BEST SERVICE

| | | |
|---|---|---|
| | NEW FIRM OFFER | |
| 1- | PROPRIETORSHIP FIRM REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 2- | (ALL TYPE FIRM) GST REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 3- | GST RETURN MONTHLY FEES. | 499/- |
| | OLD FIRM OFFER | |
| 4- | OLD PROPRIETORSHIP FIRM 12 MONTH GST RETURN FEES ONLY. | 1499/- |
| 5- | ITR FILE ONLY. | 499/- |

ALL TYPE FIRM AND COMPANY TOTAL COMPLIANCE AND GST RETURN, PLEASE CALL AND MAIL, WHATSAPP 24×7 AVAILABLE


यूनिफॉर्म पाकर अतिथियों के साथ महाशक्ति विद्यालय के बच्चे। ● अमृत विचार

# यूनिफॉर्म मिलने पर बच्चों के चेहरे खिले

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** खिरनी बाग कालीबाड़ी मंदिर स्थित महाशक्ति विद्यालय में सोमवार को छात्र-छात्राओं को निःशुल्क यूनिफॉर्म और स्टेशनरी वितरित की गई। ड्रेस पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।

वितरण तक्षशिला पब्लिक स्कूल के निदेशक एवं महाशक्ति विद्यालय के संरक्षक अरुण खंडेलवाल की ओर से किया गया। मुख्य अतिथि डीआईओएस हरिवंश कुमार ने विशिष्ट अतिथि सुधीर अग्रवाल, हनुमतधाम समिति के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल और प्रखर खंडेलवाल के साथ बच्चों को यूनिफॉर्म का वितरण किया। इस अवसर पर अरुण खंडेलवाल ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2015 में महाशक्ति विद्यालय को गोद लिया था, तब से वह निःशुल्क कॉपी, किताबें, यूनिफॉर्म, स्टेशनरी आदि उपलब्ध कराते आ रहे हैं। मुख्य अतिथि डीआईओएस हरिवंश कुमार ने सेवाभाव की सराहना करते हुए बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने को प्रेरित किया।

पूजा मिश्रा के संचालन में चले कार्यक्रम में प्रधानाचार्य क्षमा गुप्ता ने आभार व्यक्त किया। रविता, सुरेखा, सरला, रमा, साक्षी, पूर्णिमा, निधि तिवारी आदि मौजूद रहे।

## सीओ के आश्वासन पर भकियमू ने खत्म की भूख हड़ताल

**पुवायां, अमृत विचारः** भारतीय किसान मजदूर यूनियन राष्ट्रवादी के कार्यकर्ताओं ने कई दिन के धरने के बाद भूख हड़ताल शुरू कर दी थी। सीओ पुवायां ने धरना स्थल पर पहुंच कर लगभग सभी मांगें मान ली और जूस पिला भूख हड़ताल ख़त्म कराई।

भारतीय किसान मजदूर यूनियन के कार्यकर्ता कई समस्याओं के समाधान को लेकर 18 जुलाई से डाक बंगला परिसर में धरना प्रदर्शन कर रहे थे। 23 दिन बीत जाने के बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं होने पर प्रदर्शनकारियों ने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी। पहले दिन भूख हड़ताल पर हरपाल सिंह, नन्ही देवी, ढाकन लाल, नवाब सिंह बैठे रहे। मंगलवार को सीओ पुवायां पंकज पंत और नायब तहसीलदार सृजित निग धरना स्थल पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से बात की और उनकी लगभग सभी मांगे मान ली। कार्यकर्ताओं ने भी सीओ की बात मान जूस पीकर धरना खत्म कर दिया।

आवश्यकता है
कम्प्यूटर आपरेटर/सुपरवाइजर की
योग्यता :- स्नातक
लैब टेक्निशियन
योग्यता :- जॉब प्रोफाइल के अनुसार
नोटः- स्थानीय व्यक्ति को वरीयता
VAMRCH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर
एच.आर.ऑफिस कमरा नं. 102
मो.-7521001986

# वरुण अर्जुन फार्मेसी कॉलेज में रोपे गए पौधे



वरुण अर्जुन फार्मेसी कॉलेज में शिक्षकों के साथ विद्यार्थी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ फार्मेसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक वृक्ष मां के नाम मुहिम के तहत सभी ने एक-एक पौधा मां के नाम से रोपित किया। मोदी ने 5 जून को पौध लगाकर एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत कर सभी से पौधरोपण की अपील की थी। इसी इच्छा का सम्मान करते हुए मंगलवार को वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी के छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने 650 पौधे लगाए। कार्यक्रम की शुरुआत वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी के प्रधानाचार्य प्रोफेसर प्रदीप सिंह ने की। शिक्षक मो. जुनेद, राजेन्द्र गुप्ता, निशा राजपूत, प्रिया उपाध्याय, सुधाकर चौहान, गौरव सिंह, प्रबोध सहित विद्यार्थियों ने पर्यावरण की रक्षा का संकल्प भी लिया।

KCMT GROUP OF INSTITUTIONS
KCMT CAMPUS 2
AT PREM PRAKASH GUPTA INSTITUTE OF ENGINEERING
COURSES AFFILIATED TO AKTU, PCI & BTE | APPROVED BY AICTE
अपना उज्जवल भविष्य बनाएं हमारे साथ
JOIN
B.Tech (ME & CS | (College Code : 653 & Lateral Entry in B.Tech)
POLYTECHNIC (CIVIL & ME)
D. PHARMA (College Code : 2554 & D.Jeecup Enternce Mandatory)
B.Ed
ADMISSION OPEN 2024-2025
LOWEST FEES STRUCTURE
Call on : 8081332211
Campus - Address - 16th km. Faridpur Road, Bareilly

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान

डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913
नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।
ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)

धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों प्रकार के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stresss, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No. 8439818102 7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071

डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव

डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

अम्बा हैल्थ क्लीनिक

डॉ. आर. एस. सिंह
B.A.M.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरूष रोग विशेषज्ञ
25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic
पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरूष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।

चिकित्सा जानकारी
● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरूष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना-कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।

नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनाने एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांकः- 18 अगस्त 2024, रविवार
01 सितंबर 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल
काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# एफएसडीए टीमों ने दुकानों पर छापे मारे, पांच नमूने भरे


छापेमारी के दौरान सैंपल लेने की कार्रवाई करती एफएसडीए टीम। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- बीसलपुर और बरखेड़ा क्षेत्र में दुकानों पर एक के बाद एक छापेमारी से मची अफरा-तफरी
- रक्षाबंधन पर्व के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने शुरू किया अभियान

**अमृत विचार।** रक्षाबंधन पर्व के मद्देनजर चलाए जा रहे अभियान के दूसरे दिन खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने बीसलपुर और बरखेड़ा में मिठाई समेत खाद्य पदार्थों के प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। दोनों ही जगह टीम के पहुंचते ही अफरा-तफरी मची गई। टीम ने मिठाई, पनीर, बसेन, खोवा समेत पांच नमूने लिए। इनको जांच के लिए राजकीय खाद्य विश्लेषक लखनऊ भेजा गया है।

डीएम संजय कुमार के निर्देश पर रक्षाबंधन पर्व के मद्देनजर जनपद में एफएसडीए ने आठ दिवसीय अभियान की शुरूआत की है। मंगलवार को सहायक खाद्य आयुक्त राम अवतार सिंह के नेतृत्व में टीम ने बीसलपुर और बरखेड़ा क्षेत्र में प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। टीम ने पौटा कलां में संजीव गुप्ता के प्रतिष्ठान गुप्ता स्वीट हाउस का निरीक्षण किया। संदेह होने पर छेना रसगुल्ला का नमूना लिया।

इसके बाद टीम ने बरखेड़ा में सुमित कुमार के आदर्श स्वीट हाउस पर छापेमारी कर पनीर का नमूना लिया। इसके अलावा बरखेड़ा में श्याम सिंह के श्याम किराना स्टोर से किशमिश, कपूर सिंह के कपूर किराना स्टोर से बेसन, बीसलपुर में नुसरत अली के अनमोल स्वीट हाउस से खोवा और बीसलपुर में ही महेंद्र पाल के प्रतिष्ठान गंगवार किराना स्टोर से बेसन का नमूना लिया। एफएसडीए टीम की इस कार्रवाई से दुकानदारों में खासा हड़कंप मचा रहा।

टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी स्वतंत्र कुमार श्रीवास्तव, खाद्य सुरक्षा अधिकारी तेज बहादुर सिंह, प्रेम कुमार यादव आदि शामिल रहे। सहायक आयुक्त खाद्य राम अवतार सिंह ने बताया कि अभियान के दौरान लिए गए सभी नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य विश्लेषक को भेजे गए हैं। खाद्य पदार्थों में मिलावट के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

# जिपं ने किराया नहीं देने पर 60 दुकानदारों की आरसी कटी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- दुकान स्वामियों पर 55 लाख से अधिक की है देनदारी

**अमृत विचार।** जिला पंचायत की दुकानों पर काबिज दुकान स्वामी सालों से दुकानों का किराया नहीं दे रहे हैं। जबकि पूर्व में जिला पंचायत ने इन दुकानदारों को कई बार नोटिस दिए, लेकिन दुकान स्वामियों ने किराया नहीं दिया। अब किराया न देने वाले 60 दुकान स्वामियों की आरसी जारी की गई है। आरसी जारी होने के बाद इन दुकान स्वामियों में हड़कंप मचा हुआ है।

जिला पंचायत की ओर से करीब डेढ़ दशक पूर्व पूरनपुर नगर में करीब 200 दुकानें बनाई गईं। किराया निर्धारित होने पर दुकान स्वामियों ने कुछ माह किराया जमा किया और अचानक से पैसा जमा करना बंद कर दिया। जब कई माह तक इन दुकान स्वामियोंने किराया जमा नहीं किया गया तो जिला पंचायत की ओर से नोटिस जारी कर किराया जमा करने को कहा गया, लेकिन दुकान स्वामियों ने जिला पंचायत के नोटिस को हवा में उड़ा गया। साल दर साल किराया बढ़ता गया। इधर, जिला पंचायत भी लगभग हर साल ही किराया न देने वाले दुकान स्वामियों को नोटिस भेजता रहा। इसमें कुछ ने तो किराया जमा किया, लेकिन कई ऐसे भी रहे, जिन्होंने लंबे समय से दुकानों का किराया ही नहीं जमा किया। इधर जब दुकानदारों पर किराएदारी लाखों में पहुंच गई तो जिला पंचायत की नींद टूटी। अब जिला पंचायत ने किराया जमा न करने वाले 60 बड़े बकायेदारों की आरसी जारी की है। आरसी जारी होने के बाद जब राजस्व विभाग ने वसूली शुरू की तो इन दुकान स्वामियों में हड़कंप मच गया। बताते हैं कि कुछ दुकान स्वामियों ने दुकान पर कब्जा न होने की बात कहते हुए जिला पंचायत को बकायदा पत्र भी भेजना शुरू कर दिया है। इसको लेकर जिला पंचायत के अफसर भी संशय की स्थिति में हैं।

# रास्ते से ट्राली हटाने के लिए कहा तो कर दिया पथराव

संवाददाता, पूरनपुर

- सिर में ईंट लगने से तीन लोग घायल, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार।** रास्ते में खड़ी ट्राली हटाने के लिए कहने पर तीन युवतियों सहित चार लोग ने पथराव करना शुरु कर दिया। इसमें तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव महदखास के राजकपूर पुत्र उमाशंकर मेला देखने गए थे। बीते नौ अगस्त को वह ठेला लेकर घर वापस लौट रहे थे। रास्ते में गांव के सुरेश की ट्राली खड़ी होने से रास्ता बंद था। जब राजकपूर ने सुरेश से ट्राली हटाने को कहा तो वह झगड़े पर उतारु हो गए। आरोप है विरोध करने पर सुरेश और उनकी बेटी केशलता, छाया और मोहिती ने ईंट पत्थर बरसाने शुरु कर दिए। सिर में ईंट लगने से राजकपूर गंभीर रुप से घायल हो गए। शोर शराबा सुनकर उनका भाई आकाश और चाचा रामप्रकाश भी मौके पर पहुंच गए। बीच बचाव करने पर आरोपियों ने उन पर भी पथराव कर दिया जिससे वह दोनों लोग घायल हो गए। मारपीट करने वालों ने पुलिस से शिकायत करने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने लगे। घायल राजकपूर, आकाश और रामप्रकाश को अस्पताल भर्ती कराया गया।

राज कपूर के चोट अधिक होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस से शिकायत के बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। उन्होंने मामले की शिकायत सीओ से की। पुलिस ने सीओ के आदेश पर सुरेश और उनकी तीनों पुत्रियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## एक नजर

### सर्पदंश से युवक की मौत

**बीसलपुर :** नगर के मोहल्ला ग्यारसपुर निवासी तफज्जुल बेग का बेटा मुनव्वर 28 वर्ष रोज की तरह अपने परिवार के साथ रात्रि को खाना खाने के बाद चारपाई पर सो रहा था। करीब रात में तीन बजे अचानक उसकी आंख खुल गई और उसने बताया कि तभी घर में कहीं से आए एक सांप ने उसे डस लिया। इसके बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। तो परिवार वाले उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसकी मौत हो गई। इसके बाद भी उसके परिवार के लोग वैध के पास लोग गए। मगर परिणाम नहीं निकला। इसके बाद परिवार वालों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

### रुपये चोरी करने का आरोप

**कलान, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव सिरसा नगला निवासी मोरपाल वर्मा ने तहरीर देकर बताया कि वह शनिवार को अमिदापुर का पशु बाजार ई रिक्शा पर बैठकर बकरी को लेकर जा रहा था। ई-रिक्शा के पीछे एक पल्सर बाइक वाला भी चल रहा था, उसी के इशारे पर ई-रिक्शा पर बैठे व्यक्ति ने उसकी जेब से 34 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने बताया कि यह रुपये उसे ईट खरीदने के लिए भट्टे पर जमा करने थे।

# गैंगस्टर एक्ट के दो आरोपियों को कारावास और जुर्माना

विधि संवाददाता, पीलीभीत

- विशेष न्यायाधीश श्वेता दीक्षित ने पारित किया निर्णय

**अमृत विचार:** विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट श्वेता दीक्षित ने एक मामले की सुनवाई के बाद गैंगस्टर एक्ट के दो आरोपियों कोतवाली बीसलपुर क्षेत्र के गांव अमरा कासिमपुर के जगदीश उर्फ झंडू और बरेली जनपद के कस्बा नवाबगंज बरेली के राजेन्द्र प्रसाद मिश्र उर्फ पांडव को दोषी पाते हुए चार-चार वर्ष कैद और प्रत्येक को पांच-पांच हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। राज्य सरकार की ओर से पैरवी अभियोजन अधिकारी अमित कुमार शुक्ल ने की।

संक्षेप में अभियोजन कथानक इस प्रकार है कि जगदीश उर्फ झंडू पुत्र इतवारी लाल गिरोहबंद अपराधी है। इसके गैंग के राजेन्द्र प्रसाद मिश्र उर्फ पांडव पुत्र चेतराम व अन्य गैंग के सक्रिय सदस्य है, जो अपनी जीविकोपार्जन के लिए जनता में भय व आतंक पैदा कर धन अर्जित करने को सम्मिलित एवं अलग-अलग रूप से अपराध करते है। इनका मुख्य पेशा डरा धमका कर लूट एवं चोरी करना है। इस गिरोह का जनता में भय व आतंक व्याप्त है। इनके विरूद्व कोई भी व्यक्ति सूचना एवं गवाही देने का साहस नहीं करता है। इन लोगों के विरूद्व विभिन्न धाराओं के कई मुकदमे दर्ज है। थाना सुनगढ़ी पुलिस द्वारा इनके विरूद्व रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना के उपरान्त गैंगस्टर एक्ट में न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया। न्यायालय ने 09 अगस्त 2006 को आरोप पत्र पर संज्ञान लिया। न्यायालय ने आरोपियों के विरुद्ध आरोप विरचित कर मुकदमे की सुनवाई की। दोनों पक्षों को सुनने एवं पत्रावली का परिशीलन करने के उपरान्त विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट श्वेता दीक्षित ने आरोपी जगदीश उर्फ झंडू और राजेन्द्र प्रसाद मिश्र उर्फ पांडव को गैंगस्टर एक्ट का दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

### हड़ताल की भेंट चढ़ी तिरंगा यात्रा

**पीलीभीत।** शासन के आदेश पर मंगलवार दोपहर 1 बजे मेडिकल कॉलेज अधीन अस्पताल से तिरंगा यात्रा का आयोजन होना था। रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल के चलते तिरंगा यात्रा टाल दी गई। ऐसे में मेडिकल कॉलेज प्रशासन पर सवाल खड़े हो रहे हैं। अब यह यात्रा कब निकलेगी इसके बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं दी गई है।

# मेडिकल कॉलेज: कोलकाता की घटना के खिलाफ ओपीडी गेट पर ताला डालकर हड़ताल पर गए रेजिडेंट

## मरीजों के काफी देर इधर-उधर भटकने के बाद प्रशासनिक डॉक्टरों ने संभाली ओपीडी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


हड़ताल के चलते मेडिकल कॉलेज से वापस जाते मरीज। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में जूनियर महिला डॉक्टर की हत्या से डॉक्टरों में आक्रोश है। मंगलवार को जिले में मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने ओपीडी ठप कर हड़ताल कर दी। इस दौरान डॉक्टरों ने ओपीडी के बाहर जमीन पर बैठकर न्याय की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। डॉक्टरों के हड़ताल की जानकारी मिलने पर अफसरों ने उनसे वार्ता की, लेकिन वह नहीं मानें। इस पर मेडिकल कॉलेज के प्रशासनिक अफसरों ने मरीजों की भीड़ देखते हुए खुद ओपीडी की कमान संभाली। हालांकि अधिक मरीजों को ओपीडी का लाभ नहीं मिल सका। ऐसे में अधिकतर मरीज बिना इलाज के ही वापस लौट गए। जिन्होंने निजी अस्पताल में अपना इलाज कराया।

बता दें कि आरजी मेडिकल कॉलेज कांड को लेकर मंगलवार को फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने नेतृत्व में मेडिकल कॉलेज में कार्य कर रहे सीनियर रेजिडेंट और जूनियर रेजिडेंट ने हड़ताल करने का आह्वान किया था। इस पर मंगलवार को सुबह नौ बजे डॉक्टर ओपीडी ठप कर विरोध प्रदर्शन कर ओपीडी के बाहर बैठ गए। डॉक्टरों की मांग है कि इस मामले की निष्पक्ष और पूरी तरह से जांच और एक केंद्रीय सुरक्षा अधिनियम बनाया जाए, जो विशेष रूप से स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए हो। इससे वह बिना किसी डर के अपने कर्तव्यों का पालन कर सकें। सुबह आठ बजे से मरीज और तीमारदार मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में पहुंचना शुरू हो गए। सुबह 11 बजे तक ओपीडी में पर्चे बनवाए गए, लेकिन डॉक्टरों के विरोध के चलते 11 बजे के बाद पर्चे बनाना बंद कर दिए गए। ऐसे में जिन मरीजों के पर्चे बन गए थे।

वह ओपीडी में डॉक्टरों के चैंबर के चक्कर लगाते रहे। मगर डॉक्टरों के चैंबर खाली पड़े मिले। अधिकतर चैंबरों से डॉक्टर नदारद मिले। इस वजह से मरीजों को परेशानी उठानी पड़ी। मामले की जानकारी मिलते ही प्राचार्या डॉ. संगीता अनेजा मौके पर पहुंच गई। उन्होंने डॉक्टरों से वार्ता कर हड़ताल खत्म करने के आदेश दिए। लेकिन डॉक्टरों ने उनकी बात नहीं मानी। ऐसे में प्राचार्य ने समस्त विभागों के प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर व असिस्टेंट प्रोफेसर को ओपीडी करने के आदेश दिए। जनरल मेडिसिन में प्रोफेसर डॉ. जी के अनेजा, सीएमएस डॉ. रमाकांत सागर, जूनियर रेजिडेंट डॉ. महावीर सिंह ने ओपीडी की। जनरल सर्जरी में प्रोफेसर डॉ. जगदंबा सरन, सहायक डॉ. रुचिता बोरा ने ओपीडी में मरीज देखे। ईएनटी विभाग, नेत्र रोग विभाग, दंत रोग विभाग व मन कक्ष में भी ओपीडी संचालित हुई। हालांकि मरीजों को अधिक लाभ नहीं मिल सका। ऐसे में मरीजों को प्राइवेट अस्पताल का सहारा लेना पड़ा।

### इन्होंने किया प्रदर्शन

रेजिडेंट डॉक्टरों में डॉ. तनवीर, डॉ.मनोज, डॉ.सतीश, डॉ.आयुषी, डॉ. श्रुति, डॉ. गरिमा, डॉ. नरेश, डॉ.निरंजन, डॉ. ऋतु, डॉ. दर्शिका, डॉ. अमीषा, डॉ.दीप्ति, डॉ. गौरव, डॉ. मेहुल, डॉ. जसप्रीत, डॉ. विमलेश, डॉ.शिवम आदि मौजूद रहे।


डॉक्टरों के हड़ताल पर जाने के बाद मरीजों को इलाज करते प्रोफेसर। ● अमृत विचार


विरोध प्रदर्शन करते सीनियर और जूनियर रेजिडेंट। ● अमृत विचार

> मेडिकल कॉलेज में आरजी कांड को लेकर जेआर और एसआर ने हड़ताल की हुई थी। अन्य डॉक्टर ओपीडी कर रहे थे। समयबद्ध तरीके से ओपीडी कराई गई है। सभी मरीजों को इलाज मिला है। अन्य डॉक्टरों से भी वार्ता कर उनकी समस्या से उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है। – **डॉ. संगीता अनेजा**, प्राचार्य


कई दिनों से पेट में दर्द हो रहा था। पूर्व में मेडिकल कॉलेज में एमडी मेडिसन विभाग में दिखाया था। डॉक्टरों ने दोबारा से जांच करने के लिए कहा था। सुबह आठ बजे पर्चे बनवा लिया था। लेकिन हड़ताल होने के चलते इलाज नहीं मिल सका। – **बुदनअली**, मरीज


घुटनों में कई दिनों से दर्द हो रहा था। किसी ने मेडिकल कॉलेज में नए डॉक्टरों को दिखाने के लिए कहा था। इस पर दिखाने के लिए आए थे। पर्चे बनवाने के बाद हड़ताल की कोई भी जानकारी नहीं दी गई। ऐसे में गर्मी में बेवजह परेशान होना पड़ा। –**गयादीन**, मरीज


आत्माराम कई दिनों से बुखार आ रहा था। कई डॉक्टरों को दिखा चुके थे। लेकिन सुधार नहीं हो रहा है। इसलिए मेडिकल कॉलेज में इलाज करने के लिए आए थे। लेकिन दवा नहीं मिल सकी। –**आत्माराम**, मरीज


मंगलवार को सुबह नौ बजे मेडिकल कॉलेज में आए थे। लेकिन यहां डॉक्टरों की हड़ताल चल रही थी। कई घंटे इंतजार करने के बाद बिना इलाज के ही वापस होना पड़ा। –**कुसुमा देवी**, मरीज

Bareilly International University
{Established under Govt. of U.P. Act No. 26 of 2016, and approved by University Grant Commission u/s. 2 (f) of UGC Act 1956}
Excelled in CUET? Join the Courses:
ADMISSIONS OPEN 2024
ONLINE REGISTRATION https://admissions.biuerp.com/
Courses Available
Under Graduate Courses
- BBA— Finance & Taxation
- B.Com (Hons)
- BCA— IT & Multimedia
- B.A. — Journalism
- B.A. — Mass Communication
- B. Pharm
- B.Sc. Forensic Sciences
- Post Basic B.Sc. Nursing
Diploma Courses
- X-Ray Technician
- MRI Technician
- Emergency & Trauma Care
- Dialysis Technician
- D. Pharm
- Dental Mechanics
- Dental Hygienist
Post Graduate Courses
- M.Com
- M.A. — Pol. Science
- MBA
- MHA
- MPH
- M.A. — English
- M.A. — Hindi
- M.A. — Psychology
- M.A. — Sociology
- M.A. — Journalism
- M.A. — Mass Communication
- M. Pharm (Pharmaceutics / Pharmacology)
- M.Sc. Forensic Sciences
- M.Sc. Medical Sciences
- M.Sc. Clinical Embryology
- Use of integrated pedagogy to train students in the art of interpretation and understanding.
- Use of present-day techniques for transforming imagination, reasoning and thought patterns.
- Use of experimental methods and research tools for teaching-learning process.
Contact for More Details
Admission Cell, Administrative Block
Rohilkhand Medical College and Hospital Campus, BIU
Pilibhit Bypass Road Bareilly-243006 (UP) India
Web: www.biu.edu.in
Email: admission@biu.edu.in
Admission Cell: 9105500202, 9105500404



# सपा को अधिवक्ताओं का समर्थन, सदस्यता ग्रहण की

संवाददाता,पीलीभीत

**अमृत विचार:** सपा ने मंगलवार को दीवानी न्यायालय परिषद के बाहर सदस्यता एवं पीडीए जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान कई अधिवक्ताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। अधिवक्ताओं ने एक स्वर में सपा को पीलीभीत में मजबूती प्रदान करने के लिए जिले में जागरूकता अभियान चलाने का संदेश दिया। पीडीए जागरूकता अभियान के प्रभारी अरशद दद्दा ने कहा कि पार्टी के नेता स्वः मुलायम सिंह यादव ने अधिवक्ताओं के हित के जो कार्य किए वे आज तक हिंदुस्तान की राजनीति में किसी दल ने नहीं किए गए। जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा की अधिवक्ता समाज संविधान की रक्षा पंक्ति का अग्रणी योद्धा है। जो संविधान के अंतर्गत बनाए कानून से जनता को न्याय दिलाता है। अध्यक्षता अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष ज्योति प्रकाश ने की। जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, जिला प्रवक्ता अमित पाठक एडवोकेट, लखविंदर सिंह, नरेश कुमार सागर, ज्योति प्रकाश शुक्ला, शिशिर, शराफत यार खां, उदित यादव ,सूरजपाल वर्मा, मोहनलाल कश्यप ,राजेश गंगवार, कामरान बेग, हीरालाल यादव, कमलेश कुमार समेत कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

# नौ साल की बच्ची में मिले मलेरिया के संभावित लक्षण

**पूरनपुर अमृत विचार:** नगर के रजागंज की एक बच्ची सीएचसी में दवा लेने आई थी। एंटीजन किट से जांच के बाद उसमें संभावित मलेरिया के लक्षण पाए गए। इससे खलबली मच गई।

मंगलवार को रजागंज देहात में स्वास्थय विभाग की ओर से शिविर लगाकर जांच की गई। इस दौरान वार्ड न. छह और 13 में लोगों की डेंगू, मलेरिया, आरबीएस और बीपी आदि की जांच की गई। इस दौरान मलेरिया की 40, डेंगू की 6, आरबीएस की 40 और बीपी के 45 मरीजों की जांच कर दवा बांटी गई। शिविर में डा. सुशांत हलधर, अनुज पांडे सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे। प्रभारी चिकित्सा डा. आलमगीर ने बताया कि एंटीजन किट में तेज बुखार के लक्षण पाए गए थे। जिला अस्पताल में हुई जांच में मलेरिया की रिपोर्ट निगेटिव आई है। एहतियात के तौर पर शिविर लगाकर बच्ची के परिजन और आस पास के लोगों की जांच कराई गई है।

### युवती से दुष्कर्म का प्रयास

**बीसलपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव निवासी महिलाने बताया कि वह घर पर बेटी के साथ रहती है। पति मजदूरी करता है। बीती रात सोमवार को बेटी के साथ वह छत पर लेटी थी। प्यास लगने पर वह नीचे आकर आंगन में सो गई। तभी गांव रोहनिया का विद्यासागर घर में घुस आया और बेटी से दुष्कर्म का प्रयास किया। आहट होने पर वह छत पर गई तो आरोपी मौजूद था। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

आवश्यकता है
सहायक प्रशासनिक अधिकारी
कम्प्यूटर ऑपरेटर
कम्प्यूटर हार्डवेयर, नेटवर्किंग एवं सी.सी.टी.वी. मैंटेनेंस हेतु
लैब टैक्नीशियन
अनुभवी व्यक्ति की
वेतन-योग्यतानुसार
शीघ्र संपर्क करें :-
HR ऑफिस, रूम नं. 102, OPD गेट के पास
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर में
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक
मो. 7521001986, 7521001994

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**पीलीभीत :** बाइक की टक्कर से देवहा पुल पर साइकिल सवार घायल हो गया। हादसे के बाद बाइक चालक मौके से भाग गया। साइकिल सवाल नौगवा पकड़िया का रहने वाला है। वह बाइक से निजी काम निपटाकर घर लौट रहा था तभी पूरनपुर की ओर से आ रहे बाइक सवार ने दूसरे बाइक सवार को ओवरटेक करते हुए सामने से साइकिल में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में साइकिल सवार को मामूली चोट आई है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैंने अपना नाम AKSAD ALI से बदलकर अकसद अली खां (AKSAD ALI KHAN) रख लिया है। अब भविष्य में मुझे अकसद अली खां (AKSAD ALI KHAN) नाम से जाना व पहचाना जाये। अकसद अली खां पुत्र ताहिर अली खां, नि.मो. चौधरी सराय जोशी वाली गली, बदायूँ।

सूचना
मेरा भाई रहीस सैफी पुत्र किफायत गलत संगत में पड़ गया है, इस कारण मैंने व मेरे परिवार ने रहीस सैफी से सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है, वह अपने लेन-देन व अन्य कृत्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा। मिनजानिव जब्बार पुत्र किफायत निवासी मोहल्ला अहीर टोला कस्बा उझानी जिला बदायूँ।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आधार कार्ड में मेरा नामभूलवश कुलदीप कुमार शर्मा अंकित हो गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम कुलदीप कुमार चंदेरिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। कुलदीप कुमार चंदेरिया पुत्र सर्वेश कुमार शर्मा निवासी ग्रम दलपुरा तहसील फरीदपुर जिला बरेली।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल मुख्य परीक्षा सन् 2016 अनुक्रमांक 0967959 का प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिला है। रिंकी सिंह पुत्री राजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम दलपुरा तहसील फरीदपुर जिला बरेली।

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

एम0एड0 में प्रवेश हेतु सूचना
स्वामी शुकदेवानन्द कॉलेज में एम0एड0 प्रथम वर्ष सत्र 2024-25 में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 15.08.2024 तक कॉलेज के शिक्षक शिक्षा विभाग में सम्पर्क कर प्रवेश ले सकते हैं।
सम्पर्क सूत्र :-9415573667
शिक्षक शिक्षा विभाग
स्वामी शुकदेवानन्द कॉलेज, शाहजहाँपुर
प्राचार्य

सूचना
मेरा हाईस्कूल वर्ष 2021 का अंकपत्र व प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 210877832 व इण्टरमीडिएट वर्ष 2023 अंकपत्र व प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 2235753414 खो गया है। मनोज पुत्र रामनिवास निवासी मिर्जानपुर कटिया (कलान) शाहजहांपुर

प्लाट बेचने हेतु
200 वर्ग गज हेतु प्लॉट
पीलीभीत बाईपास रोड, निकट आभा ड्राईक्लीनर्स SBI ATM के पीछे, बरेली (उ.प्र.)
संपर्क करें:-
6395061514, 8923852358

महाविद्यालय में निम्न विषयों में प्रवक्ताओं की आवश्यकता है
एम.ए.
(हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र शिक्षाशास्त्र, चित्रकला)
बी.एस.सी.
गृह विज्ञान
योग्यता : विश्वविद्यालय अनुदान आयोग/ विश्वविद्यालय के नियमानुसार
इच्छुक अभ्यर्थी 10 दिनों में निम्न पते पर आवेदन करें।
कृष्णा नरेश (पी.जी.) महाविद्यालय
गौहनियां बिलसण्डा पीलीभीत
9368335021
E-mail : mjp229@mjpru.ac.in

## शिवलिंग पर जल चढ़ाने से पूर्ण होतीं है मनोकामना

बिलसंडा। गौरीशंकर मंदिर पर सप्ताह भर से चल रही श्री शिव महापुराण कथा के ्रसमापन अवसर पर नगर व आसपास क्षेत्र से बड़ी संख्या में पहुंचकर भक्तों ने कथा का रसपान किया। इससे पहले कथा स्थल पर हवन-पूजन व यज्ञ हुआ जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुतियां डालीं। अयोध्या से आए आचार्य भगवान शरण ने कहा है कि भगवान शिव पर एक लोटा जल चढ़ा देने मात्र से ही हमारी सभी इच्छाएं और कामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। इसलिए जरूरी है जब हम जल चढ़ाएं तो निष्कपट भाव से चढ़ाएं, जैसे नारियल पेड़ अपने अनुकूल भूमि पर उगता और पोषित होता है। उसी प्रकार महादेव के प्रति जिसके मन में अकाट्य श्रद्धा होती है, माता पिता के संस्कार उच्च होते हैं, अच्छे कर्म होते हैं, उन्हीं व्यक्तियों को भगवान शिव की कृपा एवं भक्ति प्राप्त होती है।

अंतिम दिन होने के चलते यहां तमाम संगठनों के लोगों ने पहुंचकर कथा व्यास व उनके सदस्यों का स्वागत और सम्मान किया। वहीं बुधवार को मंदिर प्रांगण में ही विशाल भंडारे का आयोजन होगा। व्यवस्था में महंत विश्वेश्वरानंद महाराज, व्यापारी पंकज जायसवाल, गौरीशंकर, हरिशंकर वर्मा के अलावा अवनीश जायसवाल, प्रियंक तिवारी, प्रदीप चौहान, बन्टू जायसवाल, रामेन्द्र गोस्वामी, इंद्रपाल कश्यप, विक्रम गंगवार, अजय जायसवाल, विकेश, सुरेन्द्र सैनी, पूर्व प्रधान महेन्द्रपाल,का सहयोग रहा।

# देशभक्ति के जयघोष के साथ निकली 'तिरंगा यात्रा'

## चारों विधानसभाओं में निकाली गई तिरंगा यात्रा, विधायकों ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



दिल्ली पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों के साथ तिरंगा यात्रा निकालते एसएसबी जवान। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जनपद भर में मंगलवार से हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत हो गई। केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद समेत अन्य जन प्रतिनिधियों ने झंडी दिखाकर तिरंगा यात्राओं को रवाना किया।

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को शहर के गांधी स्टेडियम में तिरंगा यात्रा को लेकर तमाम लोग सुबह से ही पहुंच गए। केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद और राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार से झंडी दिखाकर तिरंगा यात्रा को रवाना किया। तिरंगा यात्रा में शामिल बाइक सवार युवा हाथों में तिरंगा झंडा लिए चल रहे थे। इस मौके पर मरौरी ब्लाक प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा, भाजपा नेता हेमराज वर्मा समेत अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इधर, भाजपा युवा मोर्चा के नेतृत्व में पीलीभीत, बरखेड़ा, पूरनपुर, बीसलपुर विधानसभा में निकली तिरंगा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं युवा शामिल हुए।

पीलीभीत विधानसभा में जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ किया। यहां मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री एवं सासंद जितिन प्रसाद, राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार मौजूद रहे। बरखेड़ा विधानसभा में विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद, पूरनपुर विधानसभा में विधायक बाबूराम पासवान, विधानसभा बीसलपुर में विधायक विवेक कुमार वर्मा ने झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ किया। तिरंगा यात्राओं में जिला कार्यक्रम संयोजक तुलाराम लोधी व चारों विधानसभाओं के संयोजक अंशुमन तिवारी, सत्यपाल वर्मा, अनुराग अग्निहोत्री, अभिनीत पांडेय, स्वतंत्र देवल समेत तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



शहर में निकाली जा रही तिरंगा यात्रा। ● अमृत विचार

इधर, कचहरी में बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद एवं जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्र एडवोकेट ने अधिवक्ताओं को राष्ट्रीय ध्वज वितरित किए।

अधिवक्ता विद्याराम वर्मा,जीएल वर्मा, तुलाराम लोधी, तेज सिंह वर्मा, पवित्र कुमार, नेमचंद वर्मा, अमित रस्तोगी, देवव्रत आर्य आदि मौजूद रहे। शहर के मोहल्ला सुनगढ़ी स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ बीएसए अमित कुमार, डीपीआरओ सतीश कुमार ने किया। जिला सहकारी बैंक शाखा पीलीभीत पर प्रबंधक सौरभ गंगवार एवं देवेंद्र जोशी ने बैंक कर्मियों एवं ग्राहकों को तिरंगा झंडे वितरित किए। केपी सिंह, शशि मंगल द्विवेदी, मंजुला मिश्रा, विनोद यादव, चेतन लोधी, मनोज मिश्रा, आनंद कुमार वर्मा, रामकुमार, कृष्ण कुमार गंगवार, रहीस अहमद, प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।



शहर के गांधी स्टेडियम में तिरंगा यात्रा को रवाना करते केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद।




उच्च प्राथमिक विद्यालय से तिरंगा यात्रा को रवाना करते बीएसए व डीपीआरओ।

### एसएसबी डीआईजी ने डीपीएस में किया पौधरोपण

**पीलीभीत :** सशस्त्र सीमा बल क्षेत्रक मुख्यालय की ओर से दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रांगण में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के साथ पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डीआईजी दुर्गा बहादुर सोनार की अध्यक्षता में हुआ।उन्होंने हर घर तिरंगा मुहिम के उद्देश्यों एवं पौधरोपण कार्यक्रम के दूरगामी प्रभाव के बारे में बताया और छात्रों से कहा कि वह अपने घरों में तिरंगा शान से फहराए और तिरंगा झंडे के साथ एक सेल्फी हर घर तिरंगा की मेल पर अपलोड कर हर घर तिरंगा मुहिम को सार्थक बनाएं। अधिकारियों एवं जवानों को स्कूल की छात्राओं ने राखी बांधकर रक्षाबंधन पर्व मनाया। प्रधानाचार्य पूर्णिमा वाधवा, वीरेंद्र स्वरूप, वित्तीय निदेशक सुमित अरोड़ा, सचिन अग्रवाल आदि मौजूद रहे। इधर, एसएसबी 49 वाहिनी ने हर घर तिरंगा उत्सव मनाया। इस दौरान वाहिनी के अधिकारियों एवं जवानों ने घरों में तिरंगा फहराया।

### तिरंगा यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर हुआ स्वागत

**बिलसंडा।** विधायक विवेक कुमार वर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को नगर समेत आसपास क्षेत्र में तिरंगा यात्रा निकाली गई। मंडल अध्यक्ष विक्रम गंगवार के साथ दर्जनों कार्यकर्ताओं ने यात्रा में भाग लिया। नगर के पार्टी कार्यालय से बंडा रोड, मेन मार्केट, रामलीला रोड सहित विभिन्न मार्गों से होते हुए तिरंगा यात्रा कमल पार्क पहुंची। यात्रा में कुंवर महीप सिंह, भाजपा अध्यक्ष विक्रम गंगवार, सुमित गुप्ता, जसपाल सिंह, रजत सागर, भृगुराज सिंह, गौरव पटेल, मयंक गंगवार, ब्लॉक प्रमुख अशोक शर्मा, विकेश जायसवाल, अरविंद शुक्ला मौजूद रहे। इधर, नेशनल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने भी नगर में तिरंगा यात्रा निकाली। उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने पुष्प वर्षा कर तिरंगा झंडा वितरित किया। नगर अध्यक्ष अवनीश जायसवाल, महामंत्री एम रेहान, देवदत्त सक्सेना, बन्टू जायसवाल, अंकित जायसवाल, विम, आकाश, राहुल, आदेश, शक्ति जायसवाल, राहुल सिंघल, राजीव गुप्ता मौजूद रहे।

### भाजपाइयों ने नगर में निकाली तिरंगा यात्रा



बीसलपुर। ब्लॉक प्रमुख अशोक शर्मा के कैंप कार्यालय से निकली तिरंगा यात्रा विभिन्न मार्गो से होती हुई भाजपा कार्यालय पर आकर संपन्न हो गई। तिरंगा यात्रा में महीप सिंह, कार्यक्रम विधानसभा संयोजक अभिनीत पांडेय, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष भ्रघुराज सिंह, मंडल अध्यक्ष सौरभ गुप्ता, शरद पाल सिंह, महेंद्र पाल, हरिशंकर श्रीवास्तव, विक्रम गंगवार, महामंत्री हरिराम, कृष्ण गुप्ता, चंद्रपाल शर्मा, राकेश अवस्थी सहित तमाम कार्यकर्ता शामिल रहे। बाला देवी रोशन लाल कालेज में प्रबंधक डॉ. रत्नेश गंगवार के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। जनता टेक्निकल इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य प्रवीण सक्सेना, रामदुलारी श्यामसुंदर इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य मिश्रीलाल, व्यायाम शिक्षक मनोज कुमार दुबे के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। बेसिक विद्यालयों के बच्चों द्वारा एआरपी मुईन अहमद खां के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई।

### जीजीआईसी: छात्राओं ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्स



**बरखेड़ा।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने कस्बे में तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा स्टेशन रोड, मेन रोड एवं कस्बे के मार्गों से होती हुई पुन: कॉलेज परिसर में संपन्न हुई। प्रधानाचार्या सौम्या गुप्ता सहित विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा। वहीं भाजपा की ओर से विशाल तिरंगा यात्रा शिव मंदिर से तिरंगा यात्रा प्रारंभ होकर कस्बा समेत मचवाखेड़ा, ज्योरहा कल्यानपुर, गाजीपुर मुगल, पौटा कला से होती हुई जंगरोली गांव पहुंचकर समाप्त हो गई। मुख्य अतिथि विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद रहे। मंडल अध्यक्ष प्यारे लाल कश्यप, मंडल महामंत्री वीरेंद्र शर्मा ,मंडल महामंत्री दीपक सूर्यवंशी, नागेंद्र प्रताप सिंह, सत्यपाल वर्मा, महेश राजपूत, कपिल, महेंद्र राजपूत, अमित कुशवाह, लक्ष्मीकांत भोजवाल, सूरज श्रीवास्तव, सूर्य प्रकाश गंगवार, शेर सिंह राठौर, हरप्रसाद वर्मा समेत तमाम भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी मौजूद रहे।



रोटरी क्लब रॉयल्स और रेड क्रॉस सोसाइटी की यात्रा को एसडीएम ने हरी झंडी दिखाई ।



49 वीं वाहिनी एसएसबी मुख्यालय ललौरीखेड़ा पर तिरंगा झंडों के एसएसबी जवान। ● अमृत विचार



बैंक ग्राहकों को तिरंगा प्रदान करते शाखा प्रबंधक।

### पूरनपुर में कई संगठनों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**पूरनपुर :** इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी और रोटरी क्लब ने संयुक्त रुप से तिरंगा यात्रा निकाली। इसके अलावा भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी नगर में बाइक से तिरंगा रैली निकाली। उच्च प्राथमिक विद्यालय से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला ने किया।यह यात्रा कोतवाली रोड से स्टेशन रोड, सीमेंट रोड से होकर मुख्य बाजार से वापस आकर स्कूल में समाप्त हुई। कार्यक्रम में कौशलेंद्र भदौरिया, अध्यक्ष सोनू छीना, शेखर खंडेलवाल, शेखर सिंह, प्रशान्त सक्सेना, डा. एसएस चंदी, विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजेश शुक्ला, रोहित मिश्रा, मो. आलम, गुरप्रीत कौर, राहुल निर्वाल और अंजु बाजपेई आदि मौजूद रहे। इसके अलावा कस्बे में भाजपा ने भी बाइक से तिरंगा यात्रा निकाली। इसमें विधायक बाबूराम पासवान, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरभाग सिंह, सुभष मिश्रा, संजीव त्रिवेदी, प्रफुल्ल मिश्रा, हर्ष प्रधान, अनुराग अग्निहोत्री, अचल मोहन, नितिन दीक्षित और नवीन सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# कलेक्ट्रेट में आशा वर्करों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** जिले भर की आशा वर्करों ने काफी समय से लंबित विभिन्न समस्याओं को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन कर नारेबाजी की। इस दौरान मुख्यमंत्री को संबोधित 12 सूत्रीय ज्ञापन प्रशिक्षु एसडीएम को सौंप सभी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कराने की मांग की।

मंगलवार को आशा वर्कर्स यूनियन के बैनर तले जिलेभर की तमाम आशा वर्कर कलेक्ट्रेट तिराहा पर एकत्रित हुई। यहां सभी अध्यक्ष इदरीसन बेगम के नेतृत्व में जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करती हुई कलेक्ट्रेट पहुंचीं। इसके बाद आशा वर्करों ने मानदेय समेत अपनी विभिन्न मांगों को लेकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशिक्षु एसडीएम हिमांशु कुमार को सौंपा। ज्ञापन में आशा वर्करों ने कहा कि पिछले कई सालों से वह अपनी बुनियादी मांगों और समस्याओं को लेकर मांग करती आ रही है, उनको हर बार आश्वासन मिलता है लेकिन कोई अफसर और जनप्रतिनिधिक सुनने को तैयार नहीं है। जबकि आशा वर्करों से पांच से अधिक तरीके के काम लिए जाते हैं। आरोप लगाया कि जिन दो-चार कार्यों की प्रोत्साहन धनराशि दी जाती है, उनका निर्धारण वर्षों पूर्व किया था।




कलेक्ट्रेट में विभिन्न मांगों को लेकर नारेबाजी करतीं आशा वर्कर। ● अमृत विचार

- मुख्यमंत्री को संबोधित 11 सूत्रीय ज्ञापन प्रशिक्षु एसडीएम को सौंपा
- बोली- 50 से अधिक लिए जाते काम, समय से नहीं मिलता भुगतान

ज्ञापन में आशा एवं संगिनी को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि के बजाए उसे मानदेय के रूप में देने, गोल्डन आयुष्मान कार्ड समेत विभिन्न अभियानों में योगदान का वर्षो से बकाया भुगतान अविलंब कराने, संगिनी एवं आशा वर्करों को राज्य स्वास्थ्यकर्मी का दर्जा देकर न्यूनतम वेतन, मातृत्व अवकाश एवं कार्यस्थलों में सुरक्षा की गारंटी देने, कर्मचारी भविष्य निधि एवं राज्य कर्मचारी बीमा निगम का सदस्य बनाने, दुर्घटनाओं एवं अन्य कारण से जान गंवाने वाली आशा एवं संगीनियों के आश्रितों को 20-20 लाख का मुआवजा दिलाने, जिला स्तर पर जेंडर सेंसटाइजेशन कमेटी अगेंस्ट सेक्सुअल हैरेमेंट का गठन कराने, आभा आईडी की अनिवार्यता समाप्त कर सभी बकाया भुगतान सहित आयुष्मान कार्डों के निर्माण में किए गए योगदान पर आशा वर्करों के पारिश्रमिक का भुगतान सुनिश्चित कराने, आशा वर्करों एवं संगीनियों को 10 लाख का स्वास्थ्य बीमा एवं 50 लाख का जीवन बीमा कवर दिलाने आदि की मांग की गई। यूनियन सचिव परवीन, पूजा, गुंजन शुक्ला, राखी सक्सेना, रीना शर्मा, बिंदु भटनागर, कल्पना, मुन्नी देवी, विमला, सविता, रंजीता समेत कई आशा वर्कर मौजूद रहीं।

# ट्रैक्टर की टक्कर से घायल बाइक सवार ने दम तोड़ा

**बिलसंडा,अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव परेवा तुर्राह निवासी खंजन लाल का पुत्र निरभान सिंह(26) सोमवार को गांव गौहनिया में अपनी बहन के घर आया था। बताते हैं कि शाम करीब साढ़े सात बजे बाइक से वह अपने घर के लिए निकला था। तभी गौहनिया गांव के बाहर सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर भाग गया। घटना की जानकारी होते ही पुलिस घटनास्थल पहुंच गई। जहां पुलिस ने परिवार वालों को सूचना देने के बाद शव पोस्टमार्टम को भिजवा दिया। युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। बता दे कि मृतक दो भाइयों में बड़ा था और उसका एक छोटा बच्चा भी है। इस घटना से घर में परिजनों का रो रो बुरा हाल है।

# दुष्कर्म के आरोपी को आठ साल की सजा

विधि संवाददाता, पीलीभीत

- अपर सत्र न्यायाधीश छाया शर्मा ने पारित किया निर्णय

**अमृत विचार:** अपर सत्र न्यायाधीश/त्वरित न्यायालय (महिलाओं के विरुद्ध अपराध) छाया शर्मा ने घर में घुसकर दुष्कर्म करने के एक मामले की सुनवाई के बाद बरखेड़ा थाना क्षेत्र के रहने वाले आरोपी सोनू पुत्र कन्हई लाल को दोषी पाते हुए आठ वर्ष सश्रम कारावास और 15 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। यह भी आदेश किया है कि जुर्माने की धनराशि में से 80 प्रतिशत धनराशि पीड़िता को देय होगी। राज्य सरकार की ओर से पैरवी सहायक शासकीय अधिवक्ता मनोज कुमार मिश्रा ने की।

अभियोजन कथानक के अनुसार बरखेड़ा थाना क्षेत्र एक महिला ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करते हुए बताया कि 30 अप्रैल, 2018 को दोपहर करीब दो बजे वह घरेलू काम से गांव में गई थी। उसकी पुत्री घर पर अकेली थी। जब वादिनी घर पहुंची तो उसकी पुत्री रो रही थी। उसने बताया गांव के ही आरोपी सोनू ने उसके साथ जबरदस्ती गलत काम किया। वादिनी मामले की रिपोर्ट लिखाने थाना बरखेड़ा गई, लेकिन रिपोर्ट नहीं लिखी गयी। न्यायालय के आदेश से रिपोर्ट दर्ज हुई। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश छाया शर्मा की अदालत में हुई। दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली का परिशीलन करने के उपरान्त न्यायालय ने आरोपी सोनू को पीड़िता के साथ घर में घुसकर दुष्कर्म करने का दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

# जनप्रतिनिधियों ने सहायक शोध अफसरों को सौंपे नियुक्ति पत्र

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- गांधी सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष सीएमओ कार्यालय में बरखेड़ा विधायक रहे मौजूद

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट एवं सीएमओ कार्यालय सभागार में जनप्रतिनिधियों ने दो सहायक शोध अधिकारियों (सांख्यिकी) को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इसके साथ ही निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करने को प्रेरित किया। कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार एवं सीएमओ कार्यालय स्थित सभागार में मंगलवार को लखनऊ में हुए मुख्यमंत्री के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. दलजीत कौर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद ने स्वास्थ्य विभाग में चयनित सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी) अनिल कुमार एवं पियूष कुमार सिंह को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस दौरान उन्होंने दोनों नवनियुक्त सहायक शोध अधिकारियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कार्यों को निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर सीडीओ केके सिंह, सीएमओ डॉ. आलोक कुमार, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी अशोक कुमार समेत कई अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।




सीएमओ कार्यालय सभागार में नियुक्ति पत्र देते बरखेड़ा विधायक। ● अमृत विचार




गांधी सभागार में नव चयनित अधिकारी को नियुक्ति पत्र सौंपती जिला पंचायत अध्यक्ष।

## एक नजर

### कांवड़ियों का किया पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** विश्व हिंदू महासंघ भारत के पदाधिकारियों एवं व्यापार मंडल बरखेड़ा के कार्यकर्ताओं ने सावन के पावन माह में ब्लॉक तिराहे पर कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। एवं फल, मिष्ठान,पानी की बोतल कावडियो को वितरित की गई। स्वागत करने वालों में विश्व हिंदू महासंघ भारत के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं युवा व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष प्रिंस भारद्वाज बजरंगी, विश्व हिंदू महासंघ भारत नगर अध्यक्ष अभिषेक गोस्वामी ,व्यापार मंडल के महामंत्री हरीश भारती ,युवा व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष संतोष भारती ,सर्वेश भारती, वंश भारद्वाज, रिशु शर्मा, सुमित मिश्र,गंगासरन शर्मा,गोपाल भोजवाल आदि सहित पदाधिकारी शामिल रहे।

### उपकरण के लिए चिन्हित किए गए दिव्यांग

**पूरनपुर, अमृत विचार :** मंगलवार को ब्लाक परिसर में दिव्यांगजन सशक्तिकरण की ओर से शिविर लगाया गया। इसमें दिव्यांगों का पंजीकरण किया। इस दौरान 32 ट्राई, 11 व्हीलचेयर, बैसाखी और कान की मशीन, कैलीपर, कृत्रिम पैर और कत्रिम हाथ के लिए दिव्यांग चिन्हिति किए गए। इस दौरान सुरेश कुमार मौर्या, सुखबीर सिंह भदौरिया, डा. वीरेंद्र सिंह, दुर्वेश सिंह, संजीव सागर, उमाचरण आदि मौजूद रहे।

### बुजुर्ग का शव दफनाने को लेकर दो समुदायों में विवाद

**पूरनपुर, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव जादौंपुर खुर्द में मंगलवार को एक बुजर्ग की मौत हो गई। परिजन और रिश्तेदार बुजुर्ग के शव को आबादी के पास दफनाने के लिए पहुंचे। इस दौरान दूसरे समुदाय के एक व्यक्ति ने घर के सामने शव दफनाने का विरोध करते हुए शिकायत की। बुजुर्ग के शव को दफनाने से रोकने की जानकारी लगते ही एक सुमदाय के काफी लोग पहुंच गए। इसको लेकर विवाद होने लगा। जानकारी लगते ही एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला, तहसीलदार वीरेंद्र कुमार, नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी के अलावा कोतवाल राजीवकुमार शर्मा फोर्स के साथ मौके पर आ गए। अधिकारियों ने विवाद कर रहे लोगों को समझाया। तहसीलदार वीरेंद्र कुमार ने बताया कि एक व्यक्ति ने आबादी केपास शव दफनाने का विरोध किया। मुतक के परिजनों ने कहा कि पिछले कई बर्षों सेवह अपने परिजनों के शवों को उसी स्थान पर सुपुर्द ए खाक करने के बारे मेंबताया। घंटो चली वार्ता के बाद बुजुर्ग के शव को दूसरे स्थान पर दफनाया गया। तब कहीं जाकर अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

### बरखेड़ा के ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक में सदस्यों ने सचिवों पर लगाए कई गंभीर आरोप

# हमारी सुनते नहीं... ग्राम प्रधानों के हिसाब से सचिव करते हैं काम

संवाददाता, बरखेड़ा

- **गांव में पेयजल लाइन डालने को खोदी सड़कों पर जल निगम के अफसरों को खरी खोटी सुनाई**

**अमृत विचार:** कई माह के बाद हुई क्षेत्र पंचायत की बैठक में जल निगम के कराए कार्यो में बरती गई लापरवाही को लेकर ग्राम प्रधानों ने जमकर हंगामा किया। वहीं बीडीसी सदस्यों ने भी पंचायत सचिव पर गांव में जाने के बाद सूचना न देने पर नाराजगी जताई।

मंगलवार को ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख रामदेवी गंगवार ने की। बकैनिया तालुके महद की सदस्य मुन्नी देवी का विगत दिनों निधन पर दो मिनट का मौन रखा गया। बैठक में ग्राम प्रधानों ने आरोप लगाया जल निगम ने ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल की सप्लाई के लिए आबादी के अंदर मार्ग की खुदाई करके पाइप लाइन डाली थी। काफी समय बीतने के बाद भी ठीक नहीं हो सकी है।

इस मुद्दे को लेकर ग्राम प्रधानों ने नाराजगी व्यक्त की। इस पर जल निगम के अवर अभियंता इरफान राजा ने आगामी 31 अगस्त तक ग्रामों के अंदर खोदे गए मार्गों को ठीक करने का आश्वासन दिया। बीडीसी की बैठक करीब आधा घंटे ही चल पाई होगी कि ब्लॉक प्रमुख रामदेवी गंगवार के अस्वस्थ होने के कारण बैठक की अध्यक्षता के लिए बीडीसी सदस्य धर्मेंद्र कुमार को नामित किया गया।


क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक करती ब्लॉक प्रमुख रामदेवी गंगवार ● अमृत विचार

बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने आरोप लगाते हुए कहा कि ग्राम पंचायत सचिव ग्रामों में जाते हैं। मगर सदस्यों को सूचना नहीं दी जाती है। सचिव ग्राम प्रधान के पास ही जाकर वापस चले आते हैं और उनके हिसाब से ही कार्य करते हैं। इस पर बीडीओ मृदुला ने कहा कि वित्तीय वर्ष की पहली बैठक है। बैठक में महिला ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यों की उपस्थिति काफी है। बुधवार को ब्लाक में कैंप लगेगा।जिसमें ग्राम वासियों की शिकायतें सुनी जाएगी उसके बाद उनका निस्तारण किया जाएगा।

इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष कमलेश कुमार गंगवार ने कहा कि महिला ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य अपने-अपने ग्रामों में समूह की महिलाओं के साथ बैठक कर लखपति दीदी बनाने का कार्य करें। आप लोग विकास कार्यों के प्रस्ताव दे दें। बजट के हिसाब से विकास कार्य कराया जाएगा।

# थाने के गेट पर महिला का शव रखकर परिजनों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता।बिलसंडा

**अमृत विचार :** बेटी की मौत के बाद उसके मासूम बच्चे को दिलाने और सभी नामजद आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग को लेकर मायके वालों में थाने के गेट पर शव रखकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंचे सीओ ने सभी आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया तब जाकर परिजनों का आक्रोश शांत हुआ और वह घर लौट गए।

सर्राफा कारोबारी अमन वर्मा की पत्नी लक्ष्मी वर्मा का शव ससुराल में सोमवार को करीब दोपहर एक बजे दुपट्टे से संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिला था। मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए पति अमन वर्मा, ससुर संजीव वर्मा, सास गुड्डी देवी समेत पांच लोगों के खिलाफ तहरीर दी थी। मंगलवार को शव पोस्टमार्टम से आने के बाद मायके वालों ने थाने के गेट पर रखकर जाम लगा दिया और बेटी के एक वर्षीय मासूम बच्चे को दिलाने की मांग और सभी अभियुक्तों की तुरंत गिरफ्तारी किए जाने की मांग की। काफी देर तक पुलिस से नोकझोंक होती रही। सीओ डॉ प्रतीक दहिया ने परिजनों को शेष अभियुक्तों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने बच्चों को भी दिलवा देने की बात कही। पोस्टमार्टम रिपोर्ट हैंगिंग की पुष्टि हुई है।

# निर्यात को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक अवसरों को खोलने पर दिया जोर

### शहर के एक होटल में आयोजित मंडलीय निर्यातक जागरूकता कार्यक्रम में पीलीभीत, बरेली, बदायूं और शाहजहांपुर के निर्यातक और उद्यमी हुए शामिल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय और जिला प्रशासन की ओर हुए निर्यातक जागरूकता कार्यक्रम में मंडल के निर्यातक एवं उद्यमी जुटे। कार्यक्रम में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने क्षेत्र में निर्यात को बढ़ावा देकर वैश्विक अवसरों को खोलने पर जोर दिया। इस दौरान निर्यातकों एवं उद्यमियों ने कारोबार से जुड़ी समस्याएं भी रखीं।

इस दौरान हुए सत्रों में विषय विशेषज्ञों ने निर्यात संबंधी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। शहर के एक होटल में मंगलवार को निर्यात बंधु योजना और विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की निर्यात हब के रूप में जिला पहल के तहत बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर और बदायूं के उद्योगों के लिए निर्यातक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने जिले में निर्यात को बढ़ावा देकर वैश्विक अवसरों को खोलने के लिए स्थानीय शक्तियों का लाभ उठाने के महत्व पर जोर दिया। निर्यातकों से निर्यात को बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होने अन्य उद्योगों को अपने उत्पादों के निर्यात में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य नए और संभावित निर्यातकों को विदेशी व्यापार के लिए आवश्यक ज्ञान और उपकरणों से लैस करके एमएसएमई को वैश्विक बाजारों पर विजय प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाना है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने स्टॉलों का निरीक्षण कर उद्यमियों की प्रशंसा की।



कार्यक्रम के दौरान मंच पर मौजूद केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद, राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार व अन्य।


कार्यक्रम में मौजूद निर्यातक एवं उद्यमी। ● अमृत विचार

- **केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कार्यक्रम किया आरंभ, उद्यमियों ने कारोबार से जुडी समस्याएं रखीं**
- **सत्रों के माध्यम से विशेषज्ञों ने निर्यात संबंधी बिंदुओं पर उद्यमियों से की विस्तार से चर्चा**

### फल-सब्जी निर्यात सूची में शामिल हुआ पीलीभीत

किसानों की आय दोगुना करने के लिए सरकार हर तरह का जतन कर रही है। इन सबके बीच बड़े पैमाने पर खेती करने वाले किसानों के लिए अच्छी खबर है। वह सब्जियों को निर्यात कर सकेंगे। इसकी शुरूआत मंगलवार को केंद्रीय राज्यमंत्री ने 1200 किलो सब्जियों से भरी गाड़ी को झंडी दिखाकर की। बताया गया कि पहले यह गाड़ी लखनऊ जाएगी। वहां से एग्रीकल्चरल एंड प्रोसेस्ड फूड प्रोडक्टस एक्सपोर्ट डेवलपमेंट अथॉरिटी (एपिडा) के सहयोग से सब्जियों से भरी गाड़ी दुबई भेजी जाएगी। इसके साथ ही निर्यात में फल व सब्जी को स्थान मिलने से इसकी खेती करने वाले किसानों की आय में भारी इजाफा होगा। विदेश में बिक्री के रास्ते खुल जाने से इन फसलों के क्षेत्रफल व गुणवत्ता में भी इजाफा होगा। जितिन ने पीलीभीत की महफ फेड फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड को निर्यात लाइसेंस सौंपा। इसी के साथ पीलीभीत भी फल-सब्जी निर्यात की सूची में शामिल हो गया। ऐसे में जनपद के किसानों के लिए निर्यात की सीधी सुविधा शुरू की गई।



**कार्यक्रम में यह रहे मौजूद**

राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद, विधायक बाबूराम पासवान, नगर पालिका चेयरमैन आस्था अग्रवाल, अपर महानिदेशक विदेश व्यापार, गंगाधर पाण्डा, मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल, पोस्टमास्टर जनरल बरेली अतुल कुमार श्रीवास्तव, डीएम संजय कुमार सिंह, डाक अधीक्षक बरेली विजय वीर सिंह, एडीएम वित्त ऋतु पूनिया, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, एसडीएम सदर देवेंद्र सिंह, उपायुक्त उद्योग संजय कुमार, सहायक आयुक्त आत्मदेव शर्मा, डीसीओ खुशीराम भार्गव समेत मंडल के चारों जिलों के करीब 200 उद्यमी मौजूद रहे।

मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने मंडल में निर्यात की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में एमएसएमई निर्यात की सफलता के लिए महत्वपूर्ण निर्यात नीतियां और प्रक्रियाएं, बाजार अनुसंधान और पहचान, ई-कॉमर्स और डिजिटल मार्केटिंग रणनीतियां, लॉजिस्टिक्स और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन और वित्तपोषण विकल्प एवं जोखिम प्रबंधन पर चर्चा की गई।

### सत्रों में विभिन्न बिंदुओं पर हुई चर्चा

कार्यक्रम में मेंथा ऑयल की खेती उसके निर्यात की संभावनाओं, सरकार की निर्यात प्रोत्साहन योजनाओं, कृषि, कालीन और दरी में निर्यात प्रोत्साहन आदि पर विस्तार से चर्चा हुई। ई-कॉमर्स सत्र में निर्यात उत्पादों के शिपमेंट के लिए लॉजिस्टिक्स के बारे में उद्योगों को जागरूक करने के लिए डाक विभाग के डाकघर निर्यात केंद्र, डीएचएल, अमेजन आदि ने चर्चा की। बैंक और व्यापार विदेशी मुद्रा सेवाओं पर हुए सत्र में निर्यातकों को उपलब्ध वित्तीय सेवाओं के बारे में बताया गया। इसमें भारतीय निर्यात ऋण गारंटी निगम, आईसीआईसीआई बैंक और एक्जिम बैंक के वक्ता शामिल रहे। समापन पर वाणिज्य मंत्रालय के अपर सचिव श्लोक भारद्वाज ने सभी का आभार जताया।

### निर्यातकों ने सफलता की कहानियों से कराया रूबरू

कार्यक्रम में निर्यातकों ने अपनी सफलता की कहानियों से रूबरू कराया। चावल उद्योग से जुड़े शाहजहांपुर के निर्यातक राकेश अग्रवाल, चीनी उद्योग से जुड़े पीलीभीत के अग्रेश, ऑर्गेनिक हर्बल से जुड़े बरेली के अनिल साहनी, मेंथा सेक्टर से बदायूं के प्रतीश कुमार गुप्ता एवं एशेंशियल ऑयल सेक्टर से जुड़े बरेली के निर्यातक गौरव मित्तल शामिल रहे।

## सार-संक्षेप

### स्कूल के बच्चों ने किया कोतवाली का भ्रमण



**पूरनपुर, अमृत विचार :** पुलिस की कार्यशैली से रुबरु होने के लिए किडजी और माउंट लिट्रा जी स्कूल के बच्चे कोतवाली पहुंचे। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक से वार्ता कर उन्हें हाथ से बनाए हुए कार्ड दिए इस दौरान बच्चों ने देश भक्ति गीत, भाषण और कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार शर्मा ने नन्हे मुन्ने बच्चों को कोतवाली का भ्रमण कराया। इस दौरान कार्यालय में किए जाने वाले कार्य के बारे में बताया। पुलिसकर्मियों ने बच्चों को फल और चॉकलेट बांटी। शिक्षकों ने कोतवाल को सम्मानित किया।प्रधानाचार्य हरप्रीत कौर, दरक शिंदा नियाजी, सादिया, सलोनी राज, आकांक्षा सिंह तोमर आदि मौजूद रहीं।

### बीएसए ने प्रधानाध्यापक का रोका वेतन



**पीलीभीत, अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों की शिक्षा गुणवत्ता को परखने के लिए बीएसए अमित कुमार सिंह ने मंगलवार को दो ब्लॉकों के पांच स्कूलों का निरीक्षण। सबसे पहले ललौरीखेड़ा के प्राथमिक विद्यालय अकबरगंज, इसके बाद अमरिया के उच्च प्राथमिक विद्यालय निसरा बरातबोझ, पीएस निसरा, कंपोजिट विद्यालय सरदार नग,र कंपोजिट विद्यालय फरदिया माधवपुर और प्राथमिक विद्यालय तिकुनिया नसीर का निरीक्षण किया। सभी स्कूलों में छात्रों की संख्या ठीक मिली। कंपोजिट विद्यालय सरदार नगर में छात्र इधर-उधर घूमते मिले। शिक्षक एक आपस में बातें करते मिले। इस पर बीएसए ने इंचार्ज प्रधानाध्यापक जुबेर अहमद का वेतन रोकने के आदेश दिए।

# मेडिकल कॉलेज में संवेदनहीना: जांच और इलाज की सुविधा फिर भी गलाघोटू के दो संदिग्ध बच्चे कर दिए रेफर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** इसे संवेदनहीनता ही कहेंगे डिप्थीरिया (गलघोटू) के दो संदिग्ध जिन बच्चों को निजी अस्पताल से मेडिकल कॉलेज भेजा गया। डाक्टरों ने इस मर्ज की जांच होने के बावजूद हायरसेंटर रेफर कर दिया है। यहां भी जब बच्चों का इलाज नहीं हुआ तो परिजन घर वापस आने के बाद दोनों बच्चों को बरेली के निजी अस्पताल ले गए। इधर, दोनों बच्चों में गलघोटू होने की आशंका का पता लगने पर महकमें में खलबली मची है।

स्वास्थ्य विभाग दोनों बच्चों को ट्रेस करने की कोशिश में जुटा हुआ है। परिवार का नंबर बंद आने से मुश्किल और बढ़ गई है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग के अफसर सैंपल की रिपोर्ट आने के बाद ही इस बीमारी की पुष्टि करने की बात कह रहे हैं। बरखेड़ा ब्लॉक के गांव खमरिया पंडरी के रफीक अंसारी ने बताया कि उनके दो बेटे उमर और फरमान है। दोनों जुड़वा है। 7 अगस्त की रात अचानक बुखार आने के बाद दोनों के गले में दर्द और सूजन की समस्या होने लगी। 8 अगस्त को शहर के एक निजी अस्पताल में दोनों बच्चों को दिखाया। जहां डॉक्टर ने डिप्थीरिया (गलघोटू) के लक्षण मालूम होने पर स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी। स्वास्थ्य विभाग ने दोनों मरीजों को ट्रेस कर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। डब्ल्यूएचओ (विश्व स्वास्थ्य संगठन) के जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. विपिन मिश्रा और जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एस के सिंह टीम के साथ खमरिया पंडरी पहुंचे। परिवार के सभी लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इसके अलावा आसपास के घरों में ट्रेसिंग की गई।

किसी व्यक्ति में लक्षण नजर नहीं आने पर एहतियातन दोनों बच्चों के संपर्क में रहे लोगों को दवा देने के बाद मेडिकल कॉलेज भिजवा दिया। यहां डॉक्टरों ने अधिकारियों को सूचना दिए बिना बच्चों को रेफर कर दिया। परिजन बच्चों को लेकर लखनऊ पहुंचे, लेकिन वहां उन्हें भर्ती नहीं किया गया। इसकी जानकारी लगने पर स्वास्थ्य विभाग में खलबली मच गई। आनन फानन में टीम को गांव भेजा गया।

घर पर मिले कुछ अन्य लोगों ने बताया कि लखनऊ में भर्ती नहीं होने पर परिजन दोनों बच्चों को लेकर बरेली चले गए। फिलहाल दोनों बच्चों की लोकेशन बरेली की किसी मजार पर लोकेशन ट्रेस हुई है।अब सवाल यह उठता है कि जब मेडिकल कॉलेज में दोनों का इलाज हो सकता था तो उन्हें रेफर क्यों किया गया?

> नौ वर्ष के दो बच्चों में डिप्थीरिया के लक्षण मिलने की सूचना आई थी। तत्काल टीमों को भेजकर बच्चों को ट्रेस कराया गया। दोनों बच्चों को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। बच्चों का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है। मेडिकल कॉलेज से बिना सूचना के बच्चों को रेफर किया जाना गलत है। फिलहाल दोनों बच्चों की लोकेशन बरेली में मिली है। उन्हें एंबुलेंस भेजकर वापस बुलाया गया है। - **डॉ. आलोक कुमार**, सीएमओ

- **लखनऊ के हायरसेंटर में बेड नहीं मिला तो परिजन बच्चों को ले गए बरेली के निजी अस्पताल**
- **दोनों बच्चों में गलघोटू होने की आशंका का पता लगने पर स्वास्थ्य विभाग में मची खलबली**

### क्या होता है गलाघोंटू डिप्थीरिया (गलाघोंटू)

एक संक्रामक जीवाणु रोग है जो कोरिने बैक्टीरियम डिप्थीरिया नामक बैक्टीरिया के कारण होता है जो विषाक्त पदार्थों का उत्पादन करता है। यह मुख्य रूप से टॉन्सिल, गले, नाक और त्वचा को प्रभावित करता है। 60 वर्ष से अधिक उम्र के वयस्कों और 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में इसके होने का जोखिम अधिक होता है। भीड़-भाड़ वाले या अस्वच्छ वातावरण में रहने वाले कुपोषित लोग और बिना टीकाकरण वाले लोग संक्रमित हो सकते हैं। डिप्थीरिया एंटीटॉक्सिन और दवाएं डिप्थीरिया के इलाज के लिए एक विकल्प हैं।

# शेड्यूल बैंक का दर्जा दिलाएंगे अर्बन कोऑपरेटिव बैंक को


अर्बन कोऑपरेटिव बैंक में पत्रकार वार्ता में जानकारी देतीं चेयरमैन श्रुति गंगवार।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **चेयर पर्सन बनी श्रुति गंगवार ने कहा- बैंक की उन्नति मेरा मिशन, मां सौभाग्य गंगवार के निधन से रिक्त हुआ था पद**

**अमृत विचार:** अर्बन कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के मंगलवार को हुए चुनाव में बरेली के पूर्व सांसद और हाल ही में झारखंड के राज्यपाल बने संतोष गंगवार की बेटी श्रुति गंगवार को चेयर पर्सन चुन लिया गया। श्रुति ने इसके बाद कहा कि वे अर्बन कोऑपरेटिव बैंक को शेड्यूल बैंक का दर्जा दिलाने की कोशिश करेंगी।

इससे पहले श्रुति की मां सौभाग्य गंगवार बैंक की चेयर पर्सन थीं जिनके निधन के बाद यह पद रिक्त हो गया था। नए चेयरमैन को चुनने के लिए 16 जुलाई को शुरू हुई चुनाव प्रक्रिया मंगलवार को पूरी हुई। सोमवार को श्रुति बैंक की निर्विरोध निदेशक बनी थीं।

मंगलवार को उन्हें निदेशक मंडल ने चेयर पर्सन चुन लिया। डीडीपुरम स्थित बैंक मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रबंध समिति के सदस्यों और बैंक अधिकारियों ने इसके बाद पुष्प गुच्छ देकर नवनियुक्त चेयर पर्सन का अभिनंदन किया। श्रुति गंगवार ने कहा कि उनकी मां स्वर्गीय सौभाग्य गंगवार के कार्यकाल में अर्बन कोऑपरेटिव बैंक प्रदेश की सभी अर्बन कोऑपरेटिव बैंकों में पहला स्थान प्राप्त कर चुका है। अब वह बैंक को शेड्यूल बैंक का दर्जा दिलाने की दिशा में काम करेंगी। यह बैंक हमेशा से अपने खाता धारकों को उत्कृष्ट सेवाएं देने के लिए संकल्पित है। अब यह मल्टी स्टेट बैंक है और जल्द इसकी शाखाएं और जिलों में खुलने जा रही हैं। शेड्यूल बैंक बनने के बाद और तेजी से तरक्की की ओर अग्रसर होगा। उन्होंने कहा कि बैंक की उन्नति ही उनका मिशन है और उनकी ओर से यही उनकी मां को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

कार्यक्रम में बैंक के उपाध्यक्ष सरदार परमजीत सिंह ओबराय, प्रबंध निदेशक श्रीपाल कश्यप के अलावा जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह गंगवार, सुबोध सचान, संचालक रामऔतार खंडेलवाल, डॉ. प्रमोद कुमार सक्सेना, डॉ. सुरेश चंद्र रस्तोगी, सागर अग्रवाल, जयेंद्र पाल सिंह, मनीष अग्रवाल, अशोक कुमार, मेवा राम गंगवार, शैलेंद्र माहेश्वरी, रामप्यारी गंगवार, बनवारी लाल, खुशबू मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मनीष अग्रवाल ने किया।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन

संवाददाता, बीसलपुर

- **अखिल भारत हिंदू महासभा ने जताया विरोध, चंदिया हजारा में मार्च निकाला**

**अमृत विचार :** बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार को लेकर जिले में विरोध प्रदर्शन जारी है। मंगलवार को अखिल भारत हिंदू महासभा के पदाधिकारियों ने हिंदुओं के साथ ज्यादती करने वालों पर कार्रवाई की मांग को लेकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

जिसमें कहा गया कि बांग्लादेश में जारी हिंसक प्रदर्शन एवं पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के अपदस्थ होकर बांग्लादेश छोड़ने के बाद से बांग्लादेश में रह रहे अल्पसंख्यक हिंदुओं को साजिश के तहत निशाना बनाया जा रहा है। वर्तमान में बांग्लादेश में कट्टरपंथियों की अंतरिम सरकार अस्तित्व में है, हिंदुओं के आस्था के प्रतीक मंदिरों को तोड़ा जा रहा है। कार्यकर्ताओं ने भारत सरकार से बांग्लादेश में रह रहे अल्पसंख्यक हिंदुओं के संबंध में मानवाधिकारों का कड़ाई से पालन कराने के लिए अंतरिम सरकार से बातचीत करने और वहां रह रहे अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा की जाए बांग्लादेश में जो हिंदू रह रहे हैं उनकी सुरक्षा की मांग की। नगर अध्यक्ष सुनील अवस्थी, नगर महामंत्री महंत अवनीश रतन, ऋतिक मिश्रा, प्रयास मिश्रा, हरीश शर्मा, विशाल, सुमित कुमार, विवेक कुमार ,उमेश कुमार वर्मा, सर्वेश कुमार कश्यप, नरेश कातिब मौजूद रहे।

### बांग्लादेश में शांति के लिए निकाला कैंडल मार्च

**पूरनपुर :** गांव चंदिया हजारा में मंगलवार शाम ग्रामीणों ने बांग्लादेश में शांति के लिए कैंडल मार्च किया। इस दौरान सभी ने सरकार से बांग्लादेश के मामले में हस्तक्षेप करते हुए नरसंहार रुकवाने की मांग की। कैंडिल मार्च गांव के पंचायत घर से गलियों में घूमने के बाद मंदिर पर समाप्त हुआ। प्रधान वासुदेव कुंडू, शंकर राय, प्रवीर सरकार, सनातन वैद्य,दीपांकर सरकार, गनेश सरकार, पलविंदर, गौरांग मंडल और नीरांजन मंडल सहितदर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।


ज्ञापन सौंपते अखिल भारत हिंदू महासभा के पदाधिकारी ● अमृत विचार

# चोरी के सामान के साथ पकड़ा गया चोर

**पूरनपुर, अमृत विचार।** मोहल्ला लाइनपार साहूकारा के राम बहादुर के घर में 11 अगस्त की चोरी हुई थी। मंगलवार को पुलिस को राम बहादुर के घर से चोरी करने वाले चोर की मुखबिर से जानकारी लगी। पुलिस ने ब्लाक रोड पर स्थित एक नवनिर्मित मकान पर दबिश देकर यहां मिले युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पकड़े आरोपी ने अपना नाम साहिल पुत्र साबिर बताया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। कस्बा चौकी इंचार्ज प्रद्युमन कुमार ने बताया कि आरोपी साहिल पर चोरी के लगभग दस मुकदमें दर्ज हैं। वह पहले भी कई बार जेल जा चुका है।

सेवितव्यो महावृक्षः फलच्छाया समन्वितः।
यदि देवाद फलं नास्ति,छाया केन निवार्यते॥

एक विशाल वृक्ष की सेवा करनी चाहिए। क्योंकि वह फल और छाया से युक्त होता है। यदि किसी दुर्भाग्य से फल नहीं देता तो उसकी छाया कोई नहीं रोक सकता है।

## संपादकीय

# भारतीय उच्च शिक्षा

उच्च शिक्षा एक संवेदनशील क्षेत्र है। उच्च शिक्षण संस्थान हमारी शिक्षा के पारिस्थितिकी तंत्र को और अधिक जीवंत बनाने और युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करने की दिशा में काम कर रहे हैं। हाल ही में राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) 2024 की घोषणा की गई, जिसमें भारत के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों की उत्कृष्टता और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया। उम्मीद की जा सकती है कि उच्च शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में मूल्यांकन, मान्यता और रैंकिंग के लिए मजबूत और एकीकृत प्रणाली प्रमुख भूमिका निभाएगी। हालांकि जनसंख्या के अनुपात में उच्च शिक्षण संस्थानों की संख्या एवं गुणवत्ता की दृष्टि से भारत की स्थिति सुखद नहीं है। एनआईआरएफ रैंकिंग राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) की भावना को गहराई से प्रतिबिंबित करती है। एनआईआरएफ विभिन्न मापदंडों के आधार पर देश भर के संस्थानों को रैंकिंग देने की एक पद्धति है। इस वर्ष सभी श्रेणियों में आईआईटी मद्रास ने लगातार छठे साल शीर्ष स्थान बरकरार रखा। दूसरे स्थान पर आईआईएससी बेंगलुरु और तीसरे स्थान पर आईआईटी बॉम्बे है। इंजीनियरिंग श्रेणी में आईआईटी मद्रास फिर से शीर्ष स्थान पर काबिज है। उसके बाद आईआईटी दिल्ली दूसरे और आईआईटी बॉम्बे तीसरे स्थान पर है। विश्वविद्यालयों की रैंकिंग में आईआईएससी बेंगलुरू पहले स्थान पर रहा, उसके बाद जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय और जामिया मिलिया इस्लामिया का स्थान रहा। इस साल की रैंकिंग में तीन नई कैटेगरी भी शामिल किया गया है। एनआईआरएफ रैंकिंग सूची 16 विभिन्न श्रेणियों के लिए जारी की गई है। तीन नई श्रेणियां-राज्य विश्वविद्यालय, कौशल विश्वविद्यालय और मुक्त विश्वविद्यालय जोड़े गए हैं। रैंकिंग के लिए प्रत्येक मापदंड का महत्व संस्थान की श्रेणी के आधार पर अलग-अलग होता है।

भारत जैसे विशाल और विविधता वाले देश में कॉलेजों और विश्वविद्यालयों की रैंकिंग करना विशेष रूप से कठिन है। कुछ शिक्षाविदों का मानना है कि कार्यप्रणाली अधिक पारदर्शी होनी चाहिए। अक्सर यह स्पष्ट नहीं होता है कि किसी संस्थान को इसलिए रैंकिंग नहीं दी गई क्योंकि वह पर्याप्त अच्छा नहीं है या इसलिए क्योंकि उसने भाग नहीं लिया। वास्तव में भारतीय ज्ञान परंपरा का पुनराविष्कार और प्रतिष्ठा राष्ट्रीय शिक्षा नीति की केंद्रीय चिंता है। शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाकर और उसकी पहुंच सर्वसाधारण तक सुनिश्चित करके ही भारत में अंतर्निहित अपरिमित संसाधनों और भारतवासियों की असीम क्षमताओं का पूर्ण विकास संभव है। विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए शैक्षिक उत्कृष्टता का माहौल बनाना होगा। हमारी रैंकिंग व्यवस्था में एक मानदंड के रूप में कौशल को भी शामिल किया जाना चाहिए। साथ ही ढांचे में शिक्षा के अमूर्त पहलुओं को लाने के लिए तंत्र विकसित करना चाहिए।

# धार्मिक पर्व, उत्सव और राजनीति



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

आरंभ में इस तरह के आयोजन स्वाधीनता संग्राम में जनता को एकजुट करके ब्रिटिश साम्राज्यवाद और सांप्रदायिक सद्भाव की अभिव्यक्ति के नाम से इस्तेमाल किए गए, लेकिन उनसे पुनरुत्थानवाद को मदद मिली।

लोकतंत्र में कानून के शासन,संविधान,संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता एवं प्रशासनिक नियमों का महत्व है। उनके जरिए ही नियमन और सामाजिक-सांस्कृतिक-धार्मिक और राजनीतिक गतिविधियों के प्रशासनिक नियमन का प्रावधान है। आज के दौर में धार्मिक पर्व-उत्सव, इवेंट ,धार्मिक कट्टरतावाद और अनुदार राजनीति खूब फल-फूल रही है। खासकर इवेंट संस्कृति और धार्मिक उत्सवधर्मिता ने व्यक्ति और समुदाय विशेष के लोगों को गोलबंद कर लिया है। अब तंत्र खुलकर धार्मिक इवेंट के प्रबंधन और आयोजन में मदद कर रहा है।

आरंभ में इस तरह के आयोजन स्वाधीनता संग्राम में जनता को एकजुट करके ब्रिटिश साम्राज्यवाद और सांप्रदायिक सद्भाव की अभिव्यक्ति के नाम से इस्तेमाल किए गए,लेकिन उनसे पुनरुत्थानवाद को मदद मिली। मसलन गणेश उत्सव या दुर्गा पूजा या रक्षाबंधन पर्व का ब्रिटिश शासन के खिलाफ जनता को गोलबंद करने के प्रयास के रूप में इस्तेमाल किया गया,लेकिन यह एक तरह से धर्म और राजनीति का अंतस्संबंध स्थापित किया,लेकिन जमीनी और वैचारिक तौर पर इसने धार्मिकता और पुनरुत्थानवाद को निर्मित किया। इससे समाज के आधुनिकीकरण की बजाय धर्म और राजनीति के आधुनिक संबंध को जन्म दिया। इन उत्सवों के अवसर पर परंपरागत अखाड़े शस्त्र कला का प्रदर्शन करते निकलते थे। परंपरागत अस्त्र-शस्त्र से सुसज्जित लोग निकलते थे,लेकिन इन दिनों धार्मिक उत्सवों, धार्मिक मेलों या धार्मिक सार्वजनिक इवेंट का चरित्र बदल गया है। इसका प्रधान कारण यह है कि समाज का चरित्र, समाज में सक्रिय विभिन्न समूहों, मध्यवर्ग और बाजार का चरित्र बुनियादी तौर पर बदल गया है।

अब उत्सवों, इवेंट आदि की धुरी है पूंजी,सत्ता समर्थन, प्रचार कला और सत्तातंत्र। इन चार चीजों ने प्रत्येक इवेंट को घेर लिया है। अब हरेक इवेंट बाजार को मदद पहुंचाने, स्थानीय अर्थव्यवस्था को चंगा करने के साथ राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन का प्रतीक बन गया है। इन आयोजनों से धार्मिक उपभोग और धार्मिकता बढ़ी है,लेकिन धर्म के मूल्यों का बाजार के मूल्यों में रूपांतरण हुआ है। धर्म के प्रति निरक्षरता बढ़ी है। प्रतिक्रियावादी राजनीति को अपना वैचारिक आधार बढ़ाने में मदद मिली है। धर्मनिरपेक्षता और उससे जुड़ी संरचनाएं कमजोर हुई हैं। सामाजिक संरचनाओं का विकास बाधित हुआ है। धार्मिक प्रतिस्पर्धा वस्तुतः धर्म को राजनीतिक बनाती है। इससे जातिभेद और जाति प्रतिस्पर्धा बढ़ती है। ये इवेंट जाति के शक्ति प्रदर्शन के प्रतीक में रूपांतरित कर दिए गए हैं। इन उत्सवों ने लोकतांत्रिकीकरण करने बजाय उपभोग के माहौल पुख्ता बनाया है। समाज में प्रतिक्रियादी मूल्यों की खपत बढ़ाई है। लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों के प्रति विद्वेष और अवहेलना का भाव बढ़ा है। समग्रता में सनातन हिन्दू धर्म मजबूत हुआ है।

धर्म जब प्रदर्शन के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं तो धर्म की प्राइवेसी का उल्लंघन होता है। यह धर्म विरोधी आचरण है। धर्म पर विचार करते समय यह भी देखें कि धर्म के प्रचारक कौन हैं? क्या व्यक्ति स्वेच्छा से धर्म की ओर जा रहा है? या उसे मीडिया-विज्ञापन-राजनेता-राजनीतिक दल मिलकर धर्म की ओर ठेल रहे हैं? धर्म के प्रचार के उपकरण कौन से है?

उत्सवों का राजनीतिकरण अंततः सामाजिक भेद और सामाजिक हिंसा को सहज,स्वाभाविक और वैध बनाता है। यही वजह है कि उत्सवों की समाज में धूम मची है। इन उत्सवों का वैचारिक-सामाजिक प्रतिक्रियावाद के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है। स्वाधीनता आंदोलन के दौरान इनके जरिए पुनरुत्थानवाद आया, सांप्रदायिकता जन्मी, भारत विभाजन हुआ। आजादी हासिल करने के बाद इनसे प्रतिक्रियावाद मजबूत हुआ और लोकतंत्र कमजोर हुआ। इन उत्सवों में शुरू से राष्ट्रवाद का तत्व शामिल रहा है। इधर के तीन दशकों में यह और भी अधिक मुखर होकर सामने आया है। पर्व, उत्सव, धार्मिक आयोजनों के पीछे सक्रिय प्रतिक्रियावाद से बचने का एक ही तरीका है इन उत्सवों का अ-राजनीतिकरण किया जाए। मानवीय तर्क और मानवतावाद के नजरिए से आयोजित किया जाए। राजनीतिक वर्चस्व प्रदर्शन और व्यक्ति की सामाजिक हैसियत के प्रदर्शन के रूप में जब भी इनका आयोजन होगा,इससे प्रतिक्रियावादी राजनीति को मदद मिलेगी। राष्ट्र-राज्य कमजोर होगा। राष्ट्रीय एकता कमजोर होगी। इससे प्रतिक्रियावादी व्यक्तिवाद पुख्ता होगा। समाज में मृत मूल्यों को संजीवनी मिलेगी।

एक जमाने में उत्सवों के जरिए पंथों और मिथों की संस्कृति व्यापक स्तर पर प्रसार-प्रचार हुआ, लेकिन इन दिनों मिथों का राजनीतिक ध्रुवीकरण और सामाजिक गोलबंदी के लिए इस्तेमाल हो रहा है। मिथों और उत्सवों की संस्कृति में ग्राम्यबोध, ग्राम्य मूल्य और सामाजिक दासता के विभिन्न मूल्य भी चले आए हैं। पहले ग्राम्य बर्बरता गांवों तक सीमित थी,लेकिन उत्सव संस्कृति और धार्मिक संस्कृति के नए उभार ने इसे शहरों तक फैला दिया है। इसके कारण मास कल्चर, मिथक संसार, राजनीति और ग्राम्य बर्बरता का विलक्षण मिश्रण तैयार हुआ है। इस सब ने व्यक्ति को यथार्थ से आंखें चुराना सिखाया है। इसने 'संस्कृति उद्योग' और 'धर्म उद्योग' को जन्म दिया। ये दोनों कारपोरेट उद्योग से अभिन्न रूप से जुड़े हैं। मिथ जब संस्कृति में दाखिल होते हैं तो वर्चस्व स्थापित करने में मदद करते हैं। मिथों का जितना प्रचार होता है, सामाजिक कट्टरता और अनुदारवादी राजनीति उतनी ही फलती-फूलती है। खुले मन की बजाय बंद दिमाग की संस्कृति, घेटो संस्कृति अपील करने लगती है। सामान्य नागरिक सार्वजनिक स्पेस में खुलकर बातें कहने से परहेज करने लगता है और घर के अंदर लौट जाता है। ऐसी अवस्था में बेचैनी, असुरक्षा, असमानता और भेदभाव पैदा करने में मदद मिलती है। ऐसी अवस्था में प्रगति पदबंध विवादास्पद और अप्रासंगिक लगने लगता हैं और प्रगतिशील लोग अप्रासंगिक लगते हैं।

सभ्यता के प्रश्न विवादास्पद हो जाते हैं। स्वतंत्र विचारों और आस्थाओं पर लोग ध्यान नहीं देते। उनकी अवहेलना करते हैं,नफरत करते हैं। सत्य की कसौटी है जीवन का यथार्थ, सत्य को जानने के लिए जीवन में प्रवेश करने, उसे जानने, समझने, विश्लेषित करने की जरूरत है। प्रतिक्रियावादी ताकतें बार-बार यही कहती हैं कि सत्य तो अज्ञेय है,जो हो रहा है उसे रोक नहीं सकते। सत्य को धर्म के आधार पर परखो,जबकि सच यह है सत्य को धर्म के आधार पर कभी परखा नहीं जा सकता। आज जीवन की संचालक शक्ति है विज्ञान और विज्ञान की खोजें। मिथकों के जरिए यथार्थ जीवन की समस्याओं के समाधान संभव नहीं हैं। धर्म निजी पूजा-उपासना की चीज है। साधना की चीज है। वहां व्यक्ति को आध्यात्मिक सुख मिलता है,लेकिन जीवन सुख के लिए व्यक्ति को यथार्थ जीवन में प्रवेश करना होगा। धर्म को निजी बनाना होगा। इसलिए धर्म को निजी रखना चाहिए। सार्वजनिक राजनीतिक-सामाजिक-आर्थिक समस्याओं के समाधान धर्म के पास नहीं हैं। कायदे से व्यक्ति की धर्म-ईश्वर से प्रगाढ़ता -मैत्री के स्थान पर सामाजिक जीवन के साथ प्रगाढ़ मैत्री होनी चाहिए। ईश्वर प्रेम या धर्म प्रेम को पूजा-उपासना तक सीमित रखो। उसे सार्वजनिक प्रदर्शन की चीज न बनाएं। धर्म-ईश्वर की उपासना निजी चीज है। उसकी प्राइवेसी बनाए रखें।

धर्म जब प्रदर्शन के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं तो धर्म की प्राइवेसी का उल्लंघन होता है। यह धर्म विरोधी आचरण है। धर्म पर विचार करते समय यह भी देखें कि धर्म के प्रचारक कौन हैं? क्या व्यक्ति स्वेच्छा से धर्म की ओर जा रहा है? या उसे मीडिया-विज्ञापन-राजनेता-राजनीतिक दल मिलकर धर्म की ओर ठेल रहे हैं? धर्म के प्रचार के उपकरण कौन से है? धर्म का प्रामाणिक प्रचारक वही है,जो शास्त्रज्ञ हो, संबंधित धर्म से जुड़े शास्त्र और उसकी परंपराओं में दीक्षित और निष्णात हो। इसके बाहर जो लोग हैं वे अनुयायी हो सकते हैं प्रचारक नहीं। मुश्किल यह है कि धर्म के क्षेत्र में बड़ी संख्या अप्रामाणिक प्रचारकों की भीड़ लगी है। अप्रामाणिक प्रचारकों ने ही धर्म की मर्यादाओं का उल्लंघन किया है और धर्म को राजनीति के आगे चलने वाली मशाल बना दिया है। धर्म को राजनीति के आगे रखकर काम करने की परंपरा ईसाई और ब्रिटिश साम्राज्यवाद की परंपरा है। उल्लेखनीय है ब्रिटिश साम्राज्य जहां गया उसके पहले ईसाई धर्म गया। बाद में ब्रिटिश साम्राज्यवाद गया। धर्मनिरपेक्षता ने धर्म को वाद-विवाद-संवाद के केन्द्र में लाकर खड़ा कर दिया। इन दिनों धर्म को प्रदर्शन, राजनीतिक गोलबंदी, वोट बैंक की राजनीति के लिए जमकर इस्तेमाल किया जा रहा है,इससे धर्म की बुनियादी भूमिका ही बदल गई है।

## प्रसंगवश

# बड़ी बातें आमतौर पर सामान्य लोगों के बीच से ही आती हैं

किस्सा 1986 का है। करीब 38 साल पुराना। हम बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में पढ़ते थे। एमटेक कर रहे थे। हम सभी साथियों को स्कॉलरशिप मिलती थी। मिलने वाली स्कॉलरशिप इतनी होती थी कि हमारा खर्च बहुत आराम से चल जाता। कुछ बचा भी लेते। घर से पैसे मंगाने बंद हो गए थे। एक बार ऐसा हुआ कि वजीफा मिलने में देरी हुई। हम इंतजार करते रहे,लेकिन वजीफा हमारे खाते में आया नहीं। लोगों के पास जमा पैसा खत्म होने लगा। बात उधारी तक पहुंच गई, लेकिन उधारी कौन देता? सभी साथियों के हाल करीब एक जैसे ही हो गए थे।

एक दिन हम लोग एक बार फिर ऑफिस में स्कॉलरशिप के बारे में पता करने गए। ऑफिस का क्लर्क शायद हमारी अक्सर होने वाली पूछताछ से बोर गए थे। हमने पूछा तो फिर उकताई आवाज में बोले -"आ जाएगा पैसा। जब आएगा तब बता देंगे।" हम लोगों ने पूछा- "कब तक आएगा पैसा? देर क्यों हो रही है?" क्लर्क जी हमारे तकादे से शायद झल्ला गए थे। झल्लाहट में बोले-"हम तुम्हारे नौकर नहीं हैं,जो तुम्हारी हर बात का जवाब दें।" यह सुनकर हमारे साथ के यादव जी तमतमा गए। तेज आवाज में बोले-"सुनो बाबू जी। तुम हमारे नौकर हो। केवल तुम ही नहीं, सामने बैठे एचओडी भी हमारे नौकर हैं।"



अनूप शुक्ल
कानपुर

क्लर्क जी थोड़ा सकपका कर यादव जी की तरफ देखने लगे। उनको आशा नहीं थी कि कोई छात्र उनको इस तरह जवाब देगा। यादव जी ने अपनी बात को समझाते हुए और भी तेज आवाज में कहा -"हम यहां इसलिए नहीं पढ़ने आते हैं कि तुम लोग यहां नौकरी करते हो,बल्कि तुम लोगों को यहां इसलिए नौकरी मिली है, क्योंकि हम यहां पढ़ने आते हैं।"

इसके बाद हम लोग वापस चले आए। यादव जी की ऊंची आवाज शायद सामने कमरे में बैठे एचओडी तक भी पहुंची होगी। जो भी रहा हो,हम लोगों की स्कॉलरशिप अगले दिन हमारे खाते में आ गई। 38 साल पहले की यह घटना हमारे दिमाग में हमेशा के दिए दर्ज हो गई। अपने सेवाकाल में अक्सर मैं यह बात अपने साथियों के साथ साझा करता रहा। सेवा के किसी भी मौके पर यह याद करता और तदनुसार आचरण का प्रयास करता रहा। सफल होना,असफल रहना अलग बात है, लेकिन अपने साथी की कही यह बात हमेशा याद रही। हमारे साथी यादव जी कोई बड़े विद्वान या तर्क शास्त्री नहीं थे। सामान्य बुद्धि के छात्र थे। उनकी बाद की जिंदगी का मुझे पता नहीं, लेकिन उनकी कही एक बात मुझे जीवन भर याद रही।

हमारे साथी यादव जी कोई बड़े विद्वान या तर्क शास्त्री नहीं थे। सामान्य बुद्धि के छात्र थे। उनकी बाद की जिंदगी का मुझे पता नहीं, लेकिन उनकी कही एक बात मुझे जीवन भर याद रही। अनायास यह बात याद आई। तमाम लोगों को जो सेवा के मौके मिलते हैं वो उसको अपनी ऐंठ में गंवा देते हैं। अपनी ऐंठ को सही ठहराने के अनेक बहाने भी खोज लेते हैं। भाषा बहुत बड़ा हथियार होती है अपनी गलतियां छिपाने के लिए। लोग नरसंहार को भी सही ठहरा लेते हैं।

अनायास यह बात याद आई। तमाम लोगों को जो सेवा के मौके मिलते हैं वो उसको अपनी ऐंठ में गंवा देते हैं। अपनी ऐंठ को सही ठहराने के अनेक बहाने भी खोज लेते हैं। भाषा बहुत बड़ा हथियार होती है अपनी गलतियां छिपाने के लिए। लोग नरसंहार को भी सही ठहरा लेते हैं।

बड़ी बातें आमतौर पर सामान्य लोगों के बीच से ही आती हैं और नजीर बनाती हैं। हाल ही में भाला फेंक प्रतियोगिता में जीते खिलाड़ियों की माताओं ने दूसरों के बेटों के लिए सहज रूप में कहा -"वो भी हमारा ही बेटा है। उसके लिए दुआ करती हूं।" आज जबकि दुनिया बहुत तेजी से चालाक, क्रूर, संहारक और विनाशक होती जा रही है। ऐसे समय ऐसी भली लगने वाली मासूम बातें इंसानियत पर भरोसा दिलाती हैं।

# अमेरिका रक्षा साझेदारी: नया शक्ति समीकरण

21 वीं सदी में अमेरिका और भारत के बीच संबंध सबसे रणनीतिक और महत्वपूर्ण संबंधों में से एक हैं। अमेरिका भारत को एक अग्रणी वैश्विक शक्ति के रूप में उभरने और एक महत्वपूर्ण साझेदार के रूप में समर्थन करता है,जो इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने में सहायक है। अमेरिका और भारत ने एक मजबूत रक्षा औद्योगिक सहयोग स्थापित किया है, जो दोनों देशों के लिए महत्वपूर्ण सैन्य क्षमताओं के सह-विकास और सह-उत्पादन के अवसरों की ओर देखता है। इसके साथ ही भारत और अमेरिका संयुक्त राष्ट्र, जी-20, दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) संबंधित फोरम, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक और विश्व व्यापार संगठन जैसे बहुपक्षीय संगठनों और मंचों में घनिष्ठ सहयोग करते हैं।



सीमा अग्रवाल
देहरादून

भारत के आसपास का भू-राजनीतिक परिदृश्य तेजी से तनावपूर्ण होता जा रहा है। चीन का अपने पड़ोसियों, जिनमें भारत भी शामिल है,के प्रति आक्रामक रवैया क्षेत्रीय तनाव को और बढ़ा रहा है।

भारत के आसपास का भू-राजनीतिक परिदृश्य तेजी से तनावपूर्ण होता जा रहा है। चीन का अपने पड़ोसियों, जिनमें भारत भी शामिल है,के आक्रामक रवैया क्षेत्रीय तनाव को और बढ़ा रहा है। इसके साथ ही पाकिस्तान भी भारत के लिए एक स्थायी चुनौती बना हुआ है। चीन और पाकिस्तान के साथ दो-फ्रंट संघर्ष के खतरे का मतलब है कि भारत को सैन्य और आर्थिक रूप से तैयार रहना होगा। हालांकि भारत का सैन्य आधुनिकीकरण धीमा रहा है और पुरानी हथियार प्रणाली अभी भी उसकी सशस्त्र सेनाओं की मुख्य धारा का हिस्सा हैं। आत्मनिर्भर पहल, जिसका उद्देश्य आत्म निर्भरता प्राप्त करना है,को प्रभावी होने में समय लगेगा। इसके अतिरिक्त रूस के साथ जारी युद्ध और संबंधित आपूर्ति में कमी के कारण भारत रूस पर महत्वपूर्ण सैन्य हार्डवेयर के लिए निर्भर नहीं हो सकता। रूस पर अमेरिकी प्रतिबंध इस समस्या को और जटिल बना देते हैं। इसलिए भारत अपने फाइटर और बख्तरबंद बेड़े को फ्रांस और जर्मनी जैसे यूरोपीय देशों की मदद से उन्नत करने का प्रयास कर रहा है। हालांकि आधुनिक सैन्य उपकरणों में महत्वपूर्ण अंतर को दूर करने के लिए यह पर्याप्त नहीं होगा।

भारतीय वायुसेना वर्तमान में केवल 31 लड़ाकू स्क्वाड्रन के साथ काम कर रही है,जबकि स्वीकृत क्षमता 42 स्क्वाड्रन की है। अनुमान है कि 2030 के मध्य तक यह संख्या केवल 35-36 स्क्वाड्रन तक ही पहुंच पाएगी। अगर इस बीच कोई संघर्ष उत्पन्न होता है तो भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा सकता है। इस स्थिति में भारत की सैन्य क्षमताओं को सुदृढ़ करने में अमेरिका एक महत्वपूर्ण साझेदार के रूप में उभरता है। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने अमेरिका के साथ कई अरब डॉलर के रक्षा समझौते किए हैं, जो रणनीतिक संबंधों की गहराई को दर्शाते हैं। पिछले 15 वर्षों में अमेरिका से भारत को आपूर्ति किए गए प्रमुख रक्षा उपकरणों में सी-130 जे सुपर हरक्यूलिस, सी-17 ग्लोबमास्टर तृतीय और पी-8I पोसाइडन जैसे परिवहन और समुद्री विमान, सीएच-47 एफ चिनूक, एमएच-60 आर सीहॉक और एएच-64 ई अपाचे जैसे हेलीकॉप्टर,हार्पून एंटी-शिप मिसाइलें और एम 777 हॉवित्जर शामिल हैं। नई दिल्ली में हाल ही में आयोजित दो दिवसीय 'यूएस-इंडिया डिफेंस न्यूज कॉन्क्लेवः स्टोरीज ऑफ यूएस-इंडिया डिफेंस एंड सिक्योरिटी पार्टनरशिप' में अमेरिका के भारत में राजदूत एरिक गार्सेटी ने यूएस-भारत रक्षा साझेदारी की संभावनाओं को रेखांकित किया। इस कार्यक्रम का आयोजन अमेरिकी वाणिज्य दूतावास कोलकाता और कंज्यूमर यूनिटी एंड ट्रस्ट सोसाइटी (सीयूटीए) इंटरनेशनल द्वारा किया गया था।

राजदूत गार्सेटी ने अमेरिका की भारत के साथ दीर्घकालिक साझेदारी के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि दोनों देशों के नेता प्रौद्योगिकी, रक्षा, स्टार्टअप्स और अंतरिक्ष में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने भारत को एक ऐसा केंद्र बनाने में रुचि व्यक्त की जहां अमेरिकी जहाजों की मरम्मत हो सके, गुणवत्तापूर्ण नौकरियों का सृजन हो सके और आपसी सिस्टम और प्रशिक्षण को बेहतर ढंग से समझा जा सके। मुक्त व्यापार और नियमों से बंधे हिंद-प्रशांत क्षेत्र को सुनिश्चित करने के लिए दोनों देशों के बीच साझेदारी महत्वपूर्ण है। अद्वितीय जनसांख्यिकीय लाभांश अमेरिकी और भारतीय कंपनियों को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, विनिर्माण, व्यापार एवं निवेश के लिए विशाल अवसर प्रदान करता है। अतः अभूतपूर्व परिवर्तन के दौर से गुजर रही अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था में भारत एक अग्रणी भूमिका के रूप में उभर रहा है और वह अपनी वर्तमान स्थिति का उपयोग अपने महत्वपूर्ण हितों को आगे बढ़ाने के अवसरों का पता लगाने के लिए कर सकता है।

## सोशल फोरम

# दोष किसको दें

हालांकि भ्रष्टाचार किसी भी क्षेत्र में हो, अस्वीकार्य है, लेकिन विश्वविद्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार तो इतना गंभीर मामला है कि इसे एकदम नाकाबिले बर्दाश्त की श्रेणी में रखना चाहिए। किसको दोष दिया जाए? क्या शिक्षकों को, जिन पर दोष मढ़ कर निश्चिंत हो जाने की कला समाज ने और मीडिया ने सीख ली है और निश्चिंत हो चुका है।



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

क्या सरकार को, जिसे सिर्फ आंकड़ेबाजी करनी है और बार-बार यह बताना है कि सरकार शिक्षा पर बजट का सबसे बड़ा हिस्सा खर्च कर रही है। त्रासदी यह कि कुछ बुद्धिजीवियों की अनैतिक जमात से ही निकल-निकल कर बहुत सारे लोग कालेजों और विश्वविद्यालयों के प्रभावी पदों पर पहुंच रहे हैं और दीमक की तरह न केवल हमारी शैक्षणिक संस्कृति को नष्ट कर रहे हैं,बल्कि हमारी सभ्यता के आधार को दीमक की तरह खोखला कर रहे हैं।

संस्कृति और सभ्यता को दीमक की तरह कुतर-कुतर कर खोखली करने से क्या मिलता है उन्हें? चंद अनैतिक पैसे मिलते हैं। वे जितना कमाते हैं उतना ही निर्धनों की नई पीढ़ी की नसों में जहर का संचार करते हैं। उन्हें ईश्वर से डर नहीं लगता। हां, कानून का डर जरूर लगता है, लेकिन वे अक्सर इस काबिल बने रहते हैं कि कानून उनकी जेब में रहता है। अगर कभी दुर्भाग्य से कोई शिकंजे में आ गया तो उसकी दुर्गति होना अलग बात है। अमूमन ऐसा होता नहीं। सब कुछ निर्विघ्न चलता रहता है।

किसे दोष दें? इन मामलों में अक्सर सरकार को? मुर्दा हो चुके शिक्षक संघों को, जिन पर इन अंधेरों और अंधेरगर्दियों से जूझने की ऐतिहासिक जिम्मेवारी है और अतीत में जिन्होंने इन जिम्मेदारियों को जुझारूपन के साथ निभाया है? छात्र संघों को, जिन्हें अस्तित्वहीन बनाए रखने की तमाम साजिशें चलती रही हैं और ये साजिशें सफल भी रही हैं?

समाज को, जिसने यथास्थिति को जैसे स्वीकार कर लिया है और निश्चेष्ट है? मीडिया को तो आजकल सनसनी चाहिए सिर्फ और विश्वविद्यालय नई पीढ़ी को शिक्षा और संस्कार देने के लिए होते हैं, सनसनी की यहां अधिक जगह नहीं।

-फेसबुक वॉल से

# स्वतंत्रता आंदोलन में उत्तराखंड का योगदान

भारतीय स्वाधीनता संग्राम में उत्तराखंड के कुमाऊं और गढ़वाल मंडल के नागरिकों की भी अहम भूमिका रही है। उत्तराखंड के अधिकांश स्वतंत्रता सेनानी आर्य समाज की विचारधारा से प्रभावित थे। महिला स्वाधीनता सेनानियों में भी अधिकतर आर्य समाज को मानने वाली थी। कुमाऊं व गढ़वाल के युवाओं में देश के प्रति कट्टर प्रेम को देखकर ब्रिटिश सरकार ने उनकी सेना में भर्ती पर रोक लगा दी थी। उस समय कुमाऊं के लोगों की राष्ट्रभक्ति को देखकर एक मुहावरा बहुत लोकप्रिय था कि ' कुमाऊं का बैल भी कांग्रेसी होता है' ।

उत्तराखंड से स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने वालों की संख्या बहुत ज्यादा है,परंतु इनमें मुख्य रूप से चंद्रसिंह गढ़वाली,जयानंद भारतीय, कोतवाल सिंह नेगी,जयानंद पांडे,बलदेव सिंह आर्य, शिवदयाल, विजयपाल सिंह, पंडित लेख राम शास्त्री, विशंभर दयाल, माधव सिंह, प्यारेलाल, नरदेव शास्त्री,ठाकुर माधव सिंह, बद्री दत्त पांडे, गोविंद बल्लभ पंत ,नारायण तिवारी ,विक्टर मोहन जोशी,श्यामलाल साह आदि शामिल हैं। अल्मोड़ा, रानीखेत ,नैनीताल ,बागेश्वर ,पौड़ी ,चमोली, देहरादून,हरिद्वार पहाड़ के उन गिने-चुने स्थान में से हैं, जहां से आजादी का बिगुल पूरे उत्तराखंड वासियों को संगठित होकर देश के प्रति न्योछावर होने का जज्बा पैदा करता था। ऐतिहासिक कुली बेगार आंदोलन पूरे पहाड़ में सरयू किनारे स्थित बागेश्वर कस्बे से आरंभ हुआ था,जो बाद में असहयोग आंदोलन में तब्दील हो गया। बागेश्वर का सरयू बगड़ क्षेत्र लोगों को अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ एकजुट होने तथा जन चेतना की ज्योति जगाने वाला प्रमुख केंद्र था। यहीं पर 15 जनवरी 1929 को मकर संक्रांति के अवसर पर देश प्रेमी बद्री दत्त पांडेय तथा विक्टर मोहन जोशी के आह्वान पर हजारों की संख्या में उपस्थित क्रांतिकारियों ने सरयू नदी के पवित्र जल का संकल्प लेकर अंग्रेजों को बेगार न देने की कसम खाई थी। इसी साल राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भी बागेश्वर आए और उन्होंने स्थानीय कांग्रेसियों के सहयोग से स्वराज आश्रम की स्थापना की।



दीपक नौगांई 'अकेला'
शिक्षक, हल्द्वानी

गढ़वाल राइफल्स में कार्यरत चंद्र सिंह गढ़वाली की सबसे बड़ी उपलब्धि 23 मार्च 1930 को पेशावर में निहत्थे प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने के सरकारी आदेशों की अवमानना करने की थी।

1929 में जब संपूर्ण भारत में असहयोग आंदोलन अपनी चरम सीमा पर था तब प्रसिद्ध आर्य समाजी नरदेव शास्त्री ने उत्तराखंड में इस आंदोलन की बागडोर संभाली और लोगों को अपने साथ एकजुट किया। 1930 के अप्रैल माह में स्वदेशी अपनाओ आंदोलन के समय शास्त्री जी ने देहरादून में जिला कोर्ट द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का बहिष्कार कर बीच बाजार में विदेशी कपड़ों की होली जलाई। नमक सत्याग्रह के दौरान नमक सत्याग्रहियों को भेजने पर उन्हें पुनः गिरफ्तार कर 6 माह कारावास की सजा सुनाई गई। 1932 में सत्याग्रह आंदोलन पुनः भड़कने पर शास्त्री जी के नेतृत्व में संपूर्ण उत्तराखंड में शराब की भट्टियां बंद कराई गई। जब भी आजादी की लड़ाई में उत्तराखंड के योगदान की बात आएगी तब चंद्रसिंह गढ़वाली का नाम सम्मान के साथ लिया जाएगा। 1929 में जब महात्मा गांधी कुमाऊं के भ्रमण पर आए थे,तब चंद्र सिंह गढ़वाली गांधी जी से मिलने बागेश्वर गए और उनके हाथों से टोपी पहनकर उसकी कीमत चुकाने का वायदा किया था।

गढ़वाल राइफल्स में कार्यरत चंद्र सिंह गढ़वाली की सबसे बड़ी उपलब्धि 23 मार्च 1930 को पेशावर में निहत्थे प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने के सरकारी आदेशों की अवमानना करने की थी। उनके कहने पर भारतीय सिपाहियों ने लोगों पर गोली चलाने से मनाकर दिया था। आदेशों की अवहेलना करने पर उन्हें फौज से निकाल दिया और नौ साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के समय उन्होंने इलाहाबाद में युवाओं का नेतृत्व किया। अन्य लोगों के साथ उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया गया और 3 साल की सजा सुनाई गई। जेल से छूटने के बाद जब वे गढ़वाल पहुंचे,तो लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया।

कुमाऊं केसरी बद्रीदत्त पांडे के देश की आजादी की लड़ाई में पत्रकारिता के माध्यम से दिए गए योगदान को याद करते हुए उन्हें कुमाऊंवासियों द्वारा 'कुमाऊं केसरी' का खिताब दिया गया। देशभक्ति बद्री दत्त पांडे ने 1908 में इलाहाबाद से प्रकाशित लीडर तथा 1909 में देहरादून से प्रकाशित कॉस्मापॉलिटन में सहायक संपादक के रूप में कार्य किया।

अल्मोड़ा के खुंट गांव निवासी तथा उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री रहे गोविंद बल्लभ पंत छात्र जीवन से ही स्वाधीनता आंदोलन में भाग लेने लगे थे। 1903 में उन्होंने युवाओं को लेकर हैप्पी क्लब नाम की एक संस्था बनाई ,जिसकी सदस्य संख्या सीमित थी तथा क्लब की बैठकें शहर से दूर गुप्त स्थान पर हुआ करती थी। क्लब के सदस्य आंदोलनकारी को सूचनाओं का आदान-प्रदान करते थे। नैनीताल जिले के पदमपुरी निवासी तथा उत्तर प्रदेश तथा उत्तराखंड के मुख्यमंत्री रहे पंडित नारायण दत्त तिवारी ने अपने पिता के पद चिन्हों पर चलते हुए 12 वर्ष की उम्र में ही स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेना शुरू कर दिया था। इसी तरह पौड़ी गढ़वाल के जयानंद भारतीय भी एक प्रमुख स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे,जो आंदोलन में भाग लेने के कारण छह बार जेल गए। 1932 में पौड़ी गढ़वाल में संयुक्त प्रांत के तत्कालीन गवर्नर सर मैलकम हैली के आगमन पर जयानंद भारतीय पुलिस पहरे की परवाह न करते हुए आजादी के नारे लगाने लगे और हैली के सम्मुख तिरंगा झंडा फहरा आए थे।

# डी-फार्मा की फर्जी मार्कशीट देने पर खुसरो डिग्री कॉलेज में छात्रों ने किया प्रदर्शन

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से की शिकायत, इंस्पेक्टर को लगाई फटकार

संवाददाता, बरेली/सीबीगंज

- सीबीगंज थाने पर भी छात्रों ने किया प्रदर्शन, पुलिस ने खदेड़ा

**अमृत विचार :** मोटी फीस वसूल कर डीफार्मा की फर्जी मार्कशीट देने से नाराज छात्रों ने मंगलवार को खुसरो कॉलेज गेट पर प्रदर्शन कर हंगामा किया। छात्रों ने सीबीगंज थाने पर भी प्रदर्शन किया लेकिन पुलिस ने उन्हें वहां से खदेड़ दिया। छात्रों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य से शिकायत की तो उन्होंने इंस्पेक्टर को फटकार लगाते हुए रात 8 बजे तक रिपोर्ट तलब की।

डी-फार्मा का कोर्स कर चुके और कोर्स कर रहे शनि मौर्य, अजय सिंह, सुमित, महेश राठौर, हसनैन, सलामत खान, राजेंद्र शर्मा, आजम, मुकीम, मिज राव, सद्दाम, फिरोज खां, नासिर हुसैन, मोहम्मद तौफीक, अशरफ समेत कई छात्र मंगलवार को खुसरो डिग्री कॉलेज पहुंचे और नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। छात्रों का आरोप था कि कॉलेज के एमडी शेर अली जाफरी और उनका बेटा फिरोज अली जाफरी, तारिक, जाकिर समेत अन्य ने डी-फार्मा का कोर्स कराने के नाम पर वर्ष 2019 से 2024 तक करीब 400 छात्रों से प्रति छात्र दो लाख तीस हजार रुपये की फीस वसूल की है। जिसकी रसीद भी छात्रों के पास है। छात्रों ने फीस स्कूल के बैंक खाते में जमा की है। जब कॉलेज ने डी फार्मा की मार्कशीट दी तो छात्रों इसे मेडिकल के लाइसेंस, नौकरी आदि में लगाया, जहां सत्यापन में मार्कशीट फर्जी पाई गई। छात्रों का आरोप है कि एमडी शेर अली जाफरी ने स्कूल की शिक्षिकाओं को आगे कर उन्हें धमकाया और झूठे मुकदमे दर्ज कराने की धमकी देकर कालेज से बाहर करा दिया। छात्र थाना सीबीगंज पहुंचे मगर इंस्पेक्टर राजबली सिंह ने उनकी सुनवाई नहीं की। इसके बाद छात्रों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य को कार्यालय में पहुंचकर पूरा प्रकरण बताया। इस मामले में जिलाधिकारी के निर्देश पर उपजिलाधिकारी मीरगंज ने भी कई बिंदुओं पर कॉलेज से रिपोर्ट मांगी है।

### एसएसपी की फटकार पर दौड़े इंस्पेक्टर

छात्रों ने मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य से शिकायत की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने तुरंत इंस्पेक्टर राजबली को फेन पर फटकार लगाई ओर उन्हें कार्यालय बुलाया। उन्होंने कहा कि छात्र यहां क्यों आए हैं। उनकी समस्या का समाधान थाना पर क्यों नहीं हुआ। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि छात्रों की रिपोर्ट दर्ज क्यों नहीं की जा रही है। इंस्पेक्टर ने कहा कि जांच चल रही है। जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज कर ली जाएगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने रात 8 बजे तक पूरी रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए। इसके बाद इंस्पेक्टर ने पुलिस टीम के साथ खुसरो कॉलेज पहुंच कर जांच की।

"मैं पुलिस टीम के साथ खुसरो कॉलेज गया था। जांच चल रही है। कुछ डॉक्यूमेंट कॉलेज ने उपलब्ध कराए हैं। 391 बच्चों का मामला है। कुछ बच्चों ने पूरी फीस जमा न कर बीच में ही कोर्स छोड़ दिया था। जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

–**राजबली सिंह**, थाना प्रभारी सीबीगंज

# परिवहन निगम के सहायक यातायात निरीक्षक निलंबित

बरेली कार्यालय

- 50 हजार रुपये कमाई होने की बातचीत का ऑडियो हुआ था वायरल
- देहरादून मार्ग पर पुल के पास और सहारनपुर मार्ग पर होने वाली कमाई का जिक्र हो रहा था

**अमृत विचार:** परिवहन निगम के सहायक यातायात निरीक्षक को आरएम ने निलंबित कर दिया है। सहायक यातायात निरीक्षक का 50 हजार रुपये की कमाई का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था और सेवा प्रबंधक की जांच में वह दोषी पाया गया।

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के मुख्यालय के प्रवर्तन दल में तैनात सहायक यातायात निरीक्षक रवि प्रकाश और उनके दो साथियों के बीच हुई बातचीत का ऑडियो पिछले दिनों वायरल हुआ था। इसमें देहरादून मार्ग पर पुल के पास और सहारनपुर मार्ग पर होने वाली कमाई का जिक्र हो रहा था। इसकी शिकायत प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर से की गई थी।

मामले की जांच सेवा प्रबंधक धनजी राम कर रहे थे। उन्होंने जांच में सहायक यातायात निरीक्षक को दोषी पाया गया। बरेली रीजन के आरएम दीपक चौधरी ने बताया कि सहायक यातायात निरीक्षक रवि प्रकाश का 8 अगस्त को 50 हजार रुपये लेने से संबंधित ऑडियो वायरल हुआ था। जांच में उनका भ्रष्टाचार में लिप्त पाया जाना साबित हुआ। जांच में सामने आया कि सहायक यातायात निरीक्षक ने अन्य कर्मचारियों को भी भ्रष्टाचार के लिए प्रेरित किया गया, जिसके बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया। निलंबन की अवधि में रवि प्रकाश को सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय बदायूं डिपो से संबद्ध किया गया है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बफरी अब्दुल नवीपुर वि.ख. फतेहगंज पश्चिमी, बरेली

**निविदा आमन्त्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बफरी अग्दुल नवीपुर की ओर से निविदा वर्ष 2024–25 में मनरेगा के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष ग्रा.पं. में निर्माण कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्ति हेतु सीलबन्द निविदाएं 16.08.2024 तक ग्राम पं. कार्यालय पर अपरान्ह 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन दिनांक 16.08.2024 को ग्रा. पं. अध्यक्ष महोदय/प्रधान एवं समिति के समक्ष सायं 4:00 बजे खोली जाएगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | माप | सामग्री अनु. | अनु. लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रामाशंकर के मकान से ओमप्रकाश के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण | 100x 3.5 मीटर | प्रथम ईट, सीमेन्ट, पत्थर, रोड़ा, बजरी, बजरफुट | 342629 |
| 2. | अमन के घर से गोविन्द राम के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण | 100x 3.5 मीटर | प्रथम ईट, सीमेन्ट, पत्थर, बजरी, बजरफुट | 375484 |

**नियम व शर्ते :-** (1) निविदादाता निविदा के साथ पैन नं. की छाया प्रति आवश्यक रूप से संलग्न करेंगे। (2)समस्त सामग्री आर.ई.डी./पी.डब्लू.डी. के मानक के अनुसार आपूर्ति की जायेगी। (3) निविदादाताओं को सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर करनी होगी। जिसका कोई भी भाड़ा देय नहीं होगा। (4) निविदा फर्म सम्बन्धी दिशा–निर्देश व शर्ते अधोहस्ताक्षरी ग्रा.पं. बफरी अब्दुल नवीपुर बरेली के कार्यालय में रू. 200 व 14 प्रतिशत वैट नगद जमा कर दिनांक तक किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। (5) किसी भी समय ग्राम पंचायत द्वारा निविदा निरस्त की जा सकती है।

**श्रीमती सीनू राठौर–ग्राम प्रधान** **श्री पुष्पेन्द्र कुमार गंगवार–ग्राम विकास अधिकारी**

## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी

**रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार चलाई जाएगी:-**

**04829/04830 जोधपुर-गोरखपुर-जोधपुर विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 14 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04829 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04830 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 16:15 | जोधपुर | 04:00 | -- |
| 04:30 | 04:45 | दिल्ली जं. | 13:50 | 14:00 |
| 20:50 | -- | गोरखपुर | -- | 23:25 |

**चलने के दिन: 04829 जोधपुर** से 15.08.2024 से 26.09.2024 (वीरवार) को और **04830 गोरखपुर** से 16.08.2024 से 27.09.2024 (शुक्रवार) को।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** मेड़ता रोड, डेगाना जं., छोटी खाटू, डीडवाना, लाडनूं, सुजानगढ़, रतनगढ़, चूरू जं., सादुलपुर, लोहारू जं., महेन्द्र गढ़, रेवाड़ी जं., गुड़गांव, दिल्ली कैंट, दिल्ली जं., गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, अयोध्या कैंट, अयोध्या, मनकापुर जं., बस्ती एवं खलीलाबाद स्टेशन।

**रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें**

You Tube पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2523/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### अपराध रजिस्टर में कमियां मिलने पर एडीजी ने लगाई फटकार

बरेली। एडीजी रमित शर्मा ने थाना थाना बारादरी, इज्जतनगर, महिला थाना, बदायूं के थाना दातागंज, उसावां, अलापुर एवं हजरतपुर, मुरादाबाद के थाना सिविल लाइन्स, मझोला एवं महिला थाना, थाना चन्दौसी, बनियाठेर के अपराध रजिस्टर की जांच की। इन रजिस्टर में कई कमियां मिलीं और कई विवेचनाएं भी लंबित चल रही हैं। उन्होंने तीखी नाराजगी जताई।

# बरेली कॉलेज में हिंदी विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष निलंबित

बरेली कार्यालय

- प्रबंध समिति ने शिक्षकों से अभद्रता मामले में की कार्रवाई

**अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में हिंदी की पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. मीना यादव को शिक्षकों से अभद्रता करने के मामले में प्रबंध समिति के सचिव देवमूर्ति ने निलंबित कर दिया है। सचिव ने रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में समिति बनाकर मामले की जांच सौंपी है। समिति की रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सचिव से हिंदी विभाग के शिक्षकों ने कुछ दिनों पहले विभाग के शिक्षकों के अलावा कॉलेज के अन्य शिक्षकों ने सचिव से शिकायत की थी कि प्रो. मीना यादव अभद्र व्यवहार करती हैं। उन्होंने विभागाध्यक्ष प्रो. परमजीत कौर के साथ भी अभद्रता की है। सचिव ने इसे अनुशासनहीनता मानते हुए सोमवार शाम प्रो. मीना यादव को निलंबित कर दिया और जांच बैठा दी है। इसके लिए रिटायर्ड रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में समिति बनाई है। समिति में प्रबंध समिति के एक सदस्य और कॉलेज की एक शिक्षिका को नामित किया गया है। बरेली कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव देवमूर्ति ने कहा कि हिंदी विभाग के शिक्षकों की शिकायत पर अनुशासनहीनता के मामले में प्रो. मीना यादव को निलंबित किया है। मामले में जांच बैठाई है।

# किशोरी से दुष्कर्म करने के दोषी को 10 वर्ष कैद

**बरेली, अमृत विचार:** 10 वर्ष पूर्व किशोरी को बहलाकर ले जाने बाद दुष्कर्म करने के आरोपी थाना हाफिजगंज खाई खेड़ा निवासी रियाज अहमद परीक्षण में दोषी पाया गया। स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट रामानन्द ने दोषी को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। 35 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की 75 प्रतिशत रकम पीड़िता को बतौर मुआवजा मिलेगी।

सरकारी वकील सरनाम सिंह ने बताया कि पीड़िता के पिता ने 14 अक्टूबर 2014 को तहरीर देकर बताया कि रियाज अहमद उसकी नाबालिग पुत्री पर बुरी नियत रखता था। कई दफा समझाया। इससे वह रंजिश मानने लगा था। वह 7 अक्टूबर 2014 की शाम 6 बजे पुत्री को ले गया । पीड़िता ने अदालत में बताया कि रियाज उसे बहलाकर ले गया था। 10-12 दिन तक केसरपुर के एक मकान में रखकर दुष्कर्म किया। विरोध करने पर पिता को जान से मारने की धमकी दी। फिर केसरपुर से छोटा हाथी (लोडर वाहन) के जरिए दिल्ली ले गया। दिल्ली में 21 दिन रखा। 8 अक्टूबर 2014 को जबरन डरा धमकाकर निकाह करा दिया। रियाज उसे अपनी ननिहाल बंगाल ले गया। उसके बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट लेकर गया। जहां पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया था। मामले में शासकीय अधिवक्ता ने सात गवाह पेश किए थे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद दातागंज (बदायूँ)

पत्रांकः– 116/न0पा0परि0दातागंज/2024–25 दिनांकः – 13.08.2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निदेशक स्थानीय निकाय निदेशालय उ0प्र0 सेक्टर–7, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ के कार्यालय के पत्र संख्या – 4/805 /स्व0 शौ0 /2022–23, दिनांक – 10.07.2024 के क्रम में मा0 उच्चतम न्यायालय में दाखिल रिट याचिका संख्या – 324 ऑफ 2020 डा0 बलराम सिंह बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया में पारित आदेश दिनांक – 20.10.2023 के अनुपालन में प्रदेश के मैनुवल स्कैवेंजरों एवं अस्वच्छ शौचालयों का सर्वेक्षण नगर पालिका परिषद दातागंज सीमान्तर्गत स्थित समस्त 25 वार्डो में किया जा रहा है । अतः कोई भी सर्वसाधारण दिनांक – 22.08.2024 तक कार्यालय नगर पालिका परिषद दातागंज में उपस्थित होकर या श्री प्रत्यांशु सक्सेना लिपिक नगर पालिका परिषद दातागंज के मो0 नम्बर–9639963333 पर सम्पर्क कर अस्वच्छ शौचालयों तथा मैनुवल स्कैवेंजरों की सूचना दे सकता है। जिससे इनका नियमानुसार सर्वेक्षण / चिन्हीकरण का कार्य पूर्ण किया जा सके ।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद दातागंज**
**बदायूँ ।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत अकवरपुर विकास खण्ड उसावाँ (बदायूं)

पत्रांकः– मीमो दिनांकः – 13.08.2024

ग्राम पंचायत अकवरपुर विकास खण्ड उसावाँ (बदायूँ) में राज्य वित्त /15वॉ वित्त आयोग (टाइड/अनटाइड) ओ0डी0एफ0 प्लस, आर0जी0एस0ए0, मनरेगा के अन्तर्गत वर्ष 2024–25 में उपलब्ध धनराशि एवं धन आने की प्रत्याशा में निम्नानुसार अंत्येष्टि स्थल, परिवार रजिस्टर, कम्पयूटरी त करने हेतु गौशाला एवं प्रस्तावित / स्वीकृत निर्माण कार्य हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता अनुसार उच्च कोटि की सामग्री (ईट, इण्टरलॉक, सीमेन्ट, मौरंग, बजरी, रेता, सरिया, टाईल, बजरफुट, सेनेटरी आईटम, हैण्डपम्प का मटेरियल आदि) निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें / कुटेशन आमंत्रित की जाती है । इच्छुक फर्मे एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 14.08.2024 से दिनांक 28.08.2024 दोपहर 12 बजे तक ग्राम पंचायत सचिवालय में रखे बॉक्स में सीलबन्द लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 2 बजे खेली जायेगी। स्वी त निविदा/कुटेशन को सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी । सामग्री की आपुर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पायी जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी । निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा ।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | साइज | अनु0लागत |
|---|---|---|---|
| 01 | अकवरपुर में राधेश्याम के घर से पूरन के घर तक सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 80 मी0 | 438080.00 |
| 02 | अन्नपूर्णा योजन्नातर्गत फेयर प्राइस शॉप एवं जन सुविधा केन्द्र का निर्माण कार्य। | 1 नग | 733056.00 |

**सचिव** **प्रधान**
**अलख निरंजन** **श्रीमती सुनीता देवी**


# अलीगढ़–मुरादाबाद पैसेंजर में मिला ढाई साल की बच्ची का शव

**चन्दौसी, अमृत विचार:** रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर खड़ी अलीगढ़-मुरादाबाद पैसेंजर में एक बोगी के शौचालय के पास कपड़े में लिपटा ढाई वर्षीय बच्ची का शव मिला। जीआरपी व आरपीएफ ने बच्ची के शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, मगर शिनाख्त नहीं हो सकी।

मंगलवार की सुबह 7.45 बजे अलीगढ़ से चलकर चन्दौसी होकर मुरादाबाद जाने वाली पैसेंजर प्लेटफार्म नंबर पर तीन पर पहुंची। किसी यात्री की नजर बोगी नंबर 14305 में शौचालय के आगे फर्श पर कपड़े में लिपटी ढाई वर्षीय बच्ची के शव पर पड़ी। जीआरपी व आरपीएफ बच्ची के शव को सीएचसी लेकर पहुंची। वहां डॉ.विपिन सागर ने बताया कि बच्ची की मौत सात से आठ घंटे पहले हो चुकी है। बच्ची के बायीं ओर सिर में चोट का गहरा निशान था। यह चोट भी आठ से दस दिन पहले की लगी बताई गई। इससे लगता है कि किसी ने बच्चे के शव को अलीगढ़ रेलवे स्टेशन पर खड़ी ट्रेन में रख दिया।

### ई-कचरा जलाने की बड़ी फैक्ट्री पकड़ी, काम करते मिले बाल श्रमिक

**संभल, अमृत विचार :** बिछौली के जंगल में बड़े पैमाने पर ई–कचरा जलाने का मामला पकड़ में आया है। प्रशासनिक अधिकारियों के नेतृत्व में आधा दर्जन विभागों के अधिकारियों ने ई कचरा जलाने की बड़ी फैक्ट्री पकड़ी है। बाल श्रमिक और महिलाएं जोखिम भरा काम करते मिले।


## कार्यालयः सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, बरेली सम्भाग, बरेली ।

पत्रांक 1368 /स्वी0 अनु0/म0बा00ख0/ हैण्ड/ परि0 ई–निविदा/2024–25 / बरेली दिनांक 13/08/2024

**अल्पकालीन ई–टेण्डर नोटिस**

कार्यालय आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उ0प्र0, जवाहर भवन, लखनऊ, के पत्रांक 3285/अ0आ0वि0/मक्का, बाजरा एवं ज्वार /63/2024–25 दिनांक 05.08.2024 के साथ संलग्न शासनादेश सं0 569/29–4–2024/304/2021 दिनांक 02.08.2024 के द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024–25 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत मक्का, बाजरा क्रय व्यवस्था संबंधी समय सारिणी में दिये गये निर्देशों तथा खाद्यायुक्त कार्यालय के पत्रांक 956/ आ0वि0शा0/ हैण्ड परि0 / सिंगल स्टेज/आर0एफ0पी0 2023 दिनांक 29.02.2024 के साथ संलग्न शासनादेश सं0 380/ 29–6–2024/ई–6099/2641/2020 दिनांक 26.02.2024 तथा शासनादेश संख्या–878/29–06–2021–85 सा/17 दिनांक 14.06.2021 एंव संशोधित शासनादेश सं0 1555/29.06.2021 दिनांक 03.09.2021 द्वारा निर्गत प्राविधानों के अन्तर्गत खाद्यायुक्त कार्यालय द्वारा दिये गये निर्देशों अनुपालन में बरेली सम्भाग में खरीफ विपणन वर्ष 2024–25 के अन्तर्गत खाद्य विभाग की विपणन शाखा के प्रस्तावित ( जिलाधिकारी से अनुमोदन के अधीन) मक्का एवं बाजरा क्रय केन्दों पर हैण्डलिंग कार्य हेतु तथा शासन के पत्र संख्या 831/29–4–2023–385/19 दिनांक 25.07.2023 एवं अपर आयुक्त (विपणन), खाद्य तथा रसद विभाग, उ0प्र0 जवाहर भवन लखनऊ के पत्रांक 3773/अ0वि0श0 / है0परि0/ परि0 दर / 359 / 2022 दिनांक 25.07.2023 के साथ संलग्न राज्य स्तरीय कमेटी (एस0एल0सी0) की दिनांक 10.07.2023 को सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त के आलोक में मक्का एंव बाजरा क्रय केन्द्रों पर परिवहन कार्य हेतु ई–टेण्डरिंग के माध्यम से ई – निविदायें आंमत्रित की जाती है।

हैण्डलिंग/परिवहन कार्य हेतु निविदायें केन्द्रवार प्राप्त की जायेगी। संलग्न सूची सं0 01 के अनुसार जनपद बरेली में 09, जनपद बदायूँ में 15, एवं जनपद शाहजहाँपुर में 7, कुल 31 प्रस्तावित बाजरा क्रय केन्द्रों पर एंव संलग्न सूची सं0 02 के अनुसार जनपद बदायूँ में 04 प्रस्तावित मक्का क्रय केन्द्रों पर हैण्डलिंग / परिवहन कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। शासनादेश सं0 569/29–4–2024/304/2021 दिनांक 02.08.2024 में निर्धारित व्यवस्थान्तर्गत क्रय केन्द्रों का चयन जिलाधिकारी द्वारा किया जायेगा । यदि जिलाधिकारी द्वारा प्रस्तावित क्रय केन्द्रों में से किसी क्रय केन्द्र का चयन नहीं किया जाता है अथवा चयन के उपरान्त निरस्त किया जाता है तो क्रय केन्द्र हेतु डाली गयी समस्त हैण्डलिंग / परिवहन की निविदायें निरस्त समझी जायेगी ।

हैण्डलिंग कार्य हेतु निर्धारित निविदा प्रपत्र मूल्य धरोहर धनराशि निविदा विशिष्टीकरण निविदा खुलने की तिथि एवं अन्य सम्बन्धित जानकारी http://etender.up.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है। हैण्डलिंग कार्य हेतु निविदा प्रपत्र शुल्क 500 + 90 (जी0एस0टी0) = 590 /– तथा प्रत्येक निविदा के साथ हैण्डलिंग कार्य के लिये धरोहर धनराशि रू0 30,000/– तथा परिवहन कार्य हेतु निविदा प्रपत्र शुल्क 500 + 90 (जी0एस0टी0) = 590/– तथा प्रत्येक निविदा के साथ परिवहन कार्य के लिये धरोहर धनराशि रू0 15,000 / – सम्भागीय वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी (खाद्य), बरेली के पदनाम से खाता संख्या 0232104000190848 आई0एफ0एस0सी0 कोड IBKL0000232 आई0डी0बी0आई0 बैंक सिविल लाइन्स बरेली में आर0टी0जी0एस0 / एन0ई0एफ0टी0 से जमा किया जायेगा। प्रत्येक निविदा के साथ निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि के रिसीट / यू0टी0आर0 की "स्कैन्ड कापी" ऑनलाइन निविदा प्रपत्र के साथ निविदादाता द्वारा अपलोड की जायेगी।

निविदा प्रपत्र ऑनलाइन वेबसाइट http://etender.up.nic.in पद पर दिनांक 22.08.2024 को अपराह्न 02:00 तक अपलोड की जा सकती है। टेक्निकल बिड दिनांक 22.08.2024 को अपराह्न 03:00 बजे तदर्थ गठित ई–निविदा समिति के द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल विड के प्रपत्रों की जांचोपरान्त इसमें अहर्य निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदा पर विचार किया जायेगा तदोपरांत वित्तीय निविदा, निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदा को बिना कारण कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, बरेली के पास सुरक्षित होगा।

निविदा की शर्त में परिवर्तन तथा शुद्धि पत्र आदि की सूचना केवल ई–टेण्डर वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होंगे।

**(मनिकन्डन ए0)**
**सम्भागीय खाद्य नियन्त्रक**
**बरेली सम्भाग, बरेली**


# गोलीकांड के मुख्य आरोपी का साथ देने में हेड कांस्टेबल निलंबित

**बरेली, अमृत विचार :** पीलीभीत बाईपास पर प्लॉट पर कब्जे को लेकर हुए गोलीकांड के मुख्य आरोपी राजीव राणा के संपर्क में रहने वाले हेड कांस्टेबल जसबीर सिंह को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने निलंबित कर दिया। जसबीर सिंह राजीव राणा के होटल में पार्टी भी करने जाता था।

22 जून की सुबह पीलीभीत बाईपास पर महादेव मार्बल शोरूम के पास करोड़ों की जमीन पर कब्जे के लिए राजीव राणा और आदित्य उपाध्याय पक्ष में फायरिंग हुई थी। राजीव राणा और उपाध्याय पक्ष के होटल और मैरिज हाल पर बुलडोजर चला दिया गया था। मामले में जांच चल रही है। जांच में पाया कि हेड कांस्टेबल जसबीर सिंह मुख्य आरोपी राजीव राणा के संपर्क में लगातार था। वह राजीव राणा के होटल पर फायरिंग कांड के पहले से ही आता जाता रहता था। प्रारंभिक जांच में भूमिका संदिग्ध पाए जाने के कारण उसे निलंबित कर दिया गया।

### मुसलमान अपने मकान, दुकान और मदरसों पर लगाएं तिरंगा

**बरेली, अमृत विचार :** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात से जुड़े उलमा ने मंगलवार को बिहारीपुर स्थित दारुल उलूम शाने आला हजरत पर गोष्ठी का आयोजन किया। अध्यक्षता करते हुए संगठन के अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने मुसलमानों से अपील करते हुए कहा कि अपनी दुकान, मकान और मदरसा पर 15 अगस्त को तिरंगा झंडा लगाएं। स्वतंत्रता दिवस के जश्न को मनाएं। मौलाना ने कहा कि तिरंगा भारत की शान है। मौलाना सूफी मुजाहिद हुसैन ने कहा कि देश की स्वतंत्रता में हिंदुओं और मुसलमानों का मिश्रित योगदान रहा है। मुफ्ती शेख सिराजुद्दीन कादरी, मौलाना अबसार रजा हबीबी ने भी विचार रखे। समाजसेवी हाजी नाजिम बेग ने सरकार से स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम से डाक टिकट जारी करने और चौराहों के नाम रखने की मांग की।


## सूचना

मैथोडिस्ट चर्च इण्डिया सोसायटी मुख्यालय मुम्बई एवं क्षेत्रीय प्रबन्धन इकाई नॉर्थ इण्डिया रीजनल कॉफ्रेन्स के बरेली जिले में पूर्व मे एक विद्यालय जिसका नाम नॉर्थ इण्डिया थियोलॉजिकल कॉलेज है जो कि लम्बे समय पूर्व बन्द हो चुका है एवं कॉलेज परिसर मे विभिन्न संस्थान निवास आदि पूर्व से चले आ रहे हैं। परिसर की सम्पत्ति सामान्य उपयोग की है व स्वामित्व मैथोडिस्ट चर्च इन इण्डिया सोसायटी को प्राप्त है। परिसर 106, सिविल लाइन्स में स्थित है एवं परिसर के अन्दर के किसी भी सम्पत्ति का विक्रय नहीं किया गया है। उक्त के क्रम मे लगाये गये सभी आरोप पूर्णतया असत्य, निराधार, विधि विरूद्ध एवं सत्यता से परे हैं। विभिन्न मीडिया चैनल पर निहित स्वार्थ मे लिप्त व्यक्तियों जो सोसायटी के आय के साधनों व सम्पत्तियों पर अवैध रूप से कब्जा करना चाहते हैं द्वारा लगाये गये हैं वह अस्वीकार है। **मैथोडिस्ट चर्च इन इण्डिया सोसायटी जरिये जिला अधीक्षक, बरेली पादरी विजय के0 हैरिसन 106, सिविल लाइन्स, बरेली।**

## पब्लिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल पीरामल केपीटल एण्ड हाउसिंग फाइनेंस लि. शाखा बरेली से श्रीमती संगीता कश्यप पत्नी श्री सुरेश कश्यप नि. किला छावनी बरेली एक किता मकान रक्बई 41.80 वर्गमी. जो खसरा नं. 116मि. में से वाके स्वाले नगर नवदिया तह. व जिला बरेली जिसकी चौहददी पूरब में मकान कैलाश, पश्चिम में प्लाट निक्षत्रपाल, उत्तर में मकान हरवंश पाल व दक्षिण में रास्ता 10 फिट चौड़ा है को बंधक रखकर मेरे मुवक्किल से ऋण ले रहे है उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित एक मूल बैनामा जो श्री यासीन के पक्ष में श्रीमती गंगादेई ने किया था जिसकी रजिस्ट्री स.र. बरेली में दिनांक 06.07.2005 को फो.प्र.पु. सं. 1 खण्ड 1239 के पृष्ठ 399 से 412 पर क्रमांक 5047 पर हुई है जो रमेश आदि द्वारा मिश्री लाल राठौर के हक में निष्पादित किया गया है जिसके खोने की सूचना दिनांक 28.07.2024 को थाना किला बरेली पर दर्ज कराई जा चुकी है ।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी अन्य व्यक्ति/बैंक/संस्था आदि को उक्त बंधक सम्पत्ति के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सामान्य कार्य दिवस के 15 दिन के अन्दर मेरे मुवक्किल पीरामल केपीटल एण्ड हाउसिंग फाइनेंस लि. शाखा बरेली पर या मेरे कार्यालय पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दर्ज करा सकता है उक्त समयावधि बीत जाने के उपरान्त मेरे मुवक्किल द्वारा उक्त ऋण जारी कर दिया जायेगा ।

दिनांक : 12.08.2024 **मुनीश कुमार सक्सेना**
**एडवोकेट**
**चैम्बर नं.–27 न्यू बिल्डिंग बंगलिया**
**सिविल कोर्ट बरेली**
**सूचीबद्ध अधिवक्ता पी.के.ए.हा.फा.लि. बरेली**
**मो. नं.–9997389012**

## कार्यालय उपजिलाधिकारी जलालाबाद शाहजहाँपुर

पत्रांक: 886/रा0का0/ 2024–25 दिनांक : 06 अगस्त, 2024

**प्रेस विज्ञप्ति**

एततद्वारा सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर में तहसील सभागार समय 11.00 बजे से 3.00 बजे तक उपलब्ध तालाबों का आवंटन/नीलामी संलग्न सूची के अनुसार तहसील सभागार जलालाबाद में दिनांक 27.08.2024 में विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें नीलामी अधिकारी तहसीलदार जलालाबाद की अध्यक्षता में किया जायेगा। इस नीलामी में ग्राम प्रधान व सदस्यों एवं जन सामान्य को सूचित करते हुए तालाबों की नीलामी में स्वयं उपस्थित रहकर शत–प्रतिशत मछुआ समुदाय/अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के पक्ष में कराना सुनिश्चित करें, मछुआ समुदाय को प्रथम वरीयता दी जायेगी। मछुआ समुदाय का व्यक्ति यदि गांव सभा में नही रहता है तो अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के व्यक्ति के पक्ष में नीलामी की जायेगी। 2.000 हेक्टेयर से वडे तालाबों की नीलामी मत्स्य जीवी सहकारी समितियों के पक्ष में होगी। नीलामी में भाग लेने वाले प्रतिभागी का विज्ञापन की तिथि से 6 माह की तिथि के अन्दर का नवीनतम आय एवं जाति प्रमाण पत्र होना चाहिए।

**नीलामी स्थल –** तहसील सभागार जलालाबाद
**नीलामी की तिथि व समय :** 27.08.2024 समय प्रात 11.00 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक लक्ष्य अवषेश रहने पर दिनांक 02.09.2024 व 06.09.2024 समय यथावत
**नीलामी अधिकारी :–** नायव तहसीलदार जलालाबाद

| क्रमांक | ग्राम का नाम | गाटा सं0 | क्षेत्रफल | बोली हेतु जमानत धनराशि रू0 में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ठिगरी | 969 | 0.5910 | 2955 |
| 2 | कोयला ज्ञानपुर | 1284ग | 0.437 | 2185 |
| 3 | कटेली | 314 | 0.506 | 2530 |
| 4 | हुल्लापुर | 113मि | 0.364 | 1820 |
| 5 | सुल्तानपुर | 37 / 1 | 0.263 | 1315 |
| 6 | पेहना | 208 | 0.2150 | 1075 |
| | | 201 | 0.4330 | 2165 |
| | | 60 | 0.5020 | 2510 |
| | | 199 | 0.7890 | 3945 |
| 7 | अमापुर अमेला | 138 | 0.2390 | 1195 |
| 8 | हारगुरैया | 202 | 0.3280 | 1640 |
| 9 | अमिलिया | 11 | 0.7370 | 3685 |
| | | 14 | 0.2430 | 1215 |
| | | 1080 | 0.388 | 1940 |
| | | 1355 | 0.291 | 1455 |
| | | 767 | 0.216 | 1080 |
| 10 | कोना याकूवपुर | 115च | 1.0500 | 5250 |
| | | 616 | 0.214 | 1070 |
| 11 | ढका ता0 उजेरा | 849 | 0.405 | 2025 |
| | | 942 | 0.210 | 1050 |
| 12 | विरिया खुर्द | 184क | 0.450 | 2250 |
| | | 354मि | 1.096 | 5480 |
| 13 | मुडिया खुर्द | 309 | 0.567 | 2835 |
| 14 | चौखुटिया | 294 | 0.255 | 1275 |
| 15 | विरिया कला | 42 | 0.705 | 3525 |
| 16 | दियुरा | 413 | 0.518 | 2590 |
| | | 356 | 0.393 | 1965 |
| 17 | खाडे दियुरिया | 110 | 0.955 | 4775 |
| 18 | मोहददीनपुर | 187 | 0.425 | 2125 |
| | | 185 | 0.239 | 1195 |
| 19 | बारी | 149 | 0.600 | 3000 |
| 20 | लेही | 132 | 0.291 | 1455 |
| 21 | जिराऊ | 364 | 0.478 | 2390 |
| | | 403 | 0.421 | 2105 |
| | | 461 | 0.425 | 2105 |
| 22 | खण्डहर | 1612 | 0.5830 | 2915 |
| | | 1525 | 0.2350 | 1175 |
| 23 | जिगनेरा | 644मि | 0.2290 | 1145 |
| | | 664 | 0.2430 | 1215 |
| 24 | गुनारा | 111 | 0.2470 | 1235 |
| | | 320मि | 0.3440 | 1720 |
| 25 | भटादेवर | 226 | 0.3760 | 1880 |
| 26 | नगरिया बुजुर्ग | 241 | 0.7370 | 3685 |
| 27 | ढका ता0 उजेरा | 1143 | 1.3030 | 6515 |
| | | 1134 | 2.7840 | 8920 |
| 28 | गुलडिया | 1341 | 0.5630 | 2815 |
| | | 1482 | 0.1740 | 870 |
| 29 | चमरडुही | 319 | 0.4050 | 2050 |
| | | 365 | 1.0440 | 5220 |
| | | 364 | 1.2950 | 6475 |
| | योग :– | कुल 50 किता | 28.801 | |

1–नीलामी आवंटन अधिकत 10 वर्ष के लिये होगा। राजस्व संहिता 2006 के अनुसार 2.000 हे0 से कम क्षेत्रफल वाले तालाब पटटा नीलामी की न्यून्तम धनराशि 5000/– रू0 प्रति हे0 प्रति वर्ष निर्धारित की गयी है। 2.000हे0 से अधिक क्षेत्रफल वाले तालाबों के लिए न्यून्तम धनराशि 10000/– रू0 दर से प्रति हे0 प्रति वर्ष निर्धारित है कम पर नही होगी। प्रथम वरीयता मछुआ समुदाय को दी जायेगी। मछुआ समुदाय का व्यक्ति यदि गांव सभा में नही रहता है तो अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति को नीलाम किया जायेगा।
2–नीलामी होने की स्थिति में प्रतिभाग करने वाले व्यक्ति को जमानत धनराशि बोली बोलने से पूर्व जमा करनी होगी तथा नीलामी सम्पन्न होने के प्रश्चात नीलाम ग्रहीता को सर्वोच्च बोली की धनराशि जो तय होगी अर्थात 01 वर्ष का लगान तत्काल जमा करना होगा। तथा यही धनराशि प्रतिवर्ष लगान के रूप में जमा करना होगा। नीलाम स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार एवं अन्तिम निर्णय उपजिलाधिकारी जलालाबाद में निहित है।
3–नीलामी समय समय पर जारी होने वाले शासनादेशों/माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के अधीन होगी।
4– पटटे की शर्तो एवं नीलामी से संबंधित किसी अन्य जानकारी हेतु रजिस्ट्रार कानूनगों तहसील जलालाबाद के (पटल सहायक) मो0 9568892457 पर किसी कार्य दिवस में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

UP – 218309 दिनांक 12.08.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in, पर उपलब्ध है।

**तहसीलदार** **उप जिलाधिकारी**
**जलालाबाद** **जलालाबाद**

## एक नजर

### महाराष्ट्रः ट्रक से टकराई कार, चार लोगों की मौत

**चंद्रपुर।** महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में एक कार के खड़े ट्रक से टकरा जाने की घटना में कम से कम चार लोगों की मौत हो गयी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना सोमवार रात गढ़चंदूर-चंद्रपुर रोड पर हुई। उन्होंने बताया कि जीवती क्षेत्र के पांच लोग कार से अपने गांव लौट रहे थे। कार का चालक सड़क किनारे खराब खड़े ट्रक को नहीं देख पाया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान सूरज गव्हाले (22), सुनील किजगीर (27), आकाश पेंडिर (22) और श्रेयश पाटिल के रूप में हुई है। अजय गायकवाड़ नामक एक अन्य व्यक्ति गंभीर घायल हो गया।

### दिल्लीः सात लोगों को एसीबी ने किया गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार रोधी शाखा (एसीबी) ने जीएसटी धोखाधड़ी मामले में कथित संलिप्तता को लेकर सात लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि 96 फर्जी कंपनियों को 54 करोड़ रुपये से अधिक की जीएसटी राशि मंजूर की गई। एसीबी के संयुक्त पुलिस आयुक्त मधुर वर्मा ने बताया कि आरोपियों की पहचान जीएसटी अधिकारी बबीता शर्मा, अधिवक्ता राज सिंह सैनी, नरेंद्र कुमार सैनी मुकेश सोनी, ट्रांसपोर्टर सुरजीत सिंह और ललित कुमार तथा फर्जी कंपनियों में से एक के मालिक मनोज गोयल के रूप में हुई है।

### कोर्ट ने अभिषेक बोइनपल्ली की अंतरिम जमानत बढ़ाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में हैदराबाद के व्यवसायी अभिषेक बोइनपल्ली की अंतरिम जमानत मंगलवार को बढ़ा दी। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू के उपलब्ध नहीं होने के कारण मामले की सुनवाई 14 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दी। बोइनपल्ली की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी कि याचिकाकर्ता को अक्टूबर 2022 में गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने मुवक्किल को जमानत देने का अनुरोध करते हुए मनीष सिसोदिया मामले का जिक्र किया।

# जमानत नियम है, जेल अपवादः सुप्रीम कोर्ट

### शीर्ष अदालत ने कहा- अगर अदालतें उचित मामलों में जमानत से इनकार करेंगी तो बुनियादी अधिकारों का उल्लंघन होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत एक आरोपी व्यक्ति को जमानत देते हुए व्यवस्था दी कि इस तरह के विशेष कानूनों के तहत अपराधों में भी जमानत नियम है, जेल अपवाद है का सिद्धांत लागू होता है।



● न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति अगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने सुनाया फैसला

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति अगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि अगर अदालतें उचित मामलों में जमानत से इनकार करना शुरू कर देंगी तो यह बुनियादी अधिकारों का उल्लंघन होगा। पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा, अभियोजन पक्ष के आरोप बहुत गंभीर हो सकते हैं, लेकिन जमानत के मामले पर विचार करना अदालत का कर्तव्य है। अदालतें उचित मामलों में जमानत देने से इनकार करना शुरू कर देंगी, तो यह अनुच्छेद 21 के तहत प्रदत्त अधिकारों का उल्लंघन होगा।

## जनहित याचिका पर केंद्र से मांगा जवाब

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को केंद्र से भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) से अप्राकृतिक यौन संबंध और कुकर्म के अपराधों के लिए दंडात्मक प्रावधानों को बाहर करने पर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा।

बीएनएस ने हाल ही में भारतीय दंड संहिता का स्थान लिया है। अदालत ने कहा कि विधायिका को बिना सहमति के अप्राकृतिक यौन संबंधों के मुद्दे पर ध्यान देने की जरूरत है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और



● कहा- बीएनएस से अप्राकृतिक संबंध के दंडात्मक प्रावधानों को बाहर करने पर रुख स्पष्ट करें

न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा, वो प्रावधान कहां है? कोई प्रावधान ही नहीं है। वो है ही नहीं। कुछ तो होना चाहिए। सवाल ये है कि अगर वो (प्रावधान) वहां नहीं है, तो क्या वो अपराध है? अगर कोई अपराध नहीं है और उसे मिटा दिया जाता है, तो वो अपराध नहीं है... पीठ ने कहा, (सजा की) मात्रा हम तय नहीं कर सकते, लेकिन अप्राकृतिक यौन संबंध का ध्यान विधायिका को रखना चाहिए। अदालत ने केंद्र के वकील को इस मुद्दे पर निर्देश प्राप्त करने के लिए समय दिया और मामले की अगली सुनवाई 28 अगस्त को तय की। अदालत गंतव्य गुलाटी नामक वकील की जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जो व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हुए थे।

### राष्ट्रपति से मुलाकात



झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने उनसे राज्य के विकास से संबंधित विषयों पर चर्चा की। ● अमृत विचार

## फल विक्रेता ने वन रक्षक को कुचला, शव को घसीटा

**सिंगरौली (मध्यप्रदेश), एजेंसी**

● सिंगरौली जिला मुख्यालय से करीब 80 किलोमीटर दूर दरबारी नाला गांव में हुई घटना

मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले में एक फल विक्रेता ने पुरानी रंजिश में वाहन से 35 वर्षीय वन रक्षक को कथित तौर पर कुचल दिया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ग्रामीणों के इस दावे की जांच कर रही है कि आरोपी चालक ने बाइक को कुछ दूर तक घसीटा और फिर अपने वाहन के साथ मौके से भाग गया।

एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना मंगलवार सुबह सिंगरौली जिला मुख्यालय से करीब 80 किलोमीटर दूर दरबारी नाला गांव में हुई। पुलिस के उपमंडल अधिकारी आशीष जैन के अनुसार, मृतक की पहचान शीतल सिंह गौड़ के रूप में हुई है। गौड़ मोटरसाइकिल से अपनी ड्यूटी पर जा रहे थे, तभी आरोपी कमलेश साकेत ने जानबूझकर अपने ट्रक से गौड़ की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।

## एफओआरडीए ने हड़ताल वापस ली

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

### महिला प्रशिक्षु चिकित्सक से दरिंदगी का मामला

फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (एफओआरडीए) ने मंगलवार को कहा कि वह कोलकाता में एक प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और हत्या को लेकर अपनी हड़ताल वापस ले रहा है क्योंकि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने उनकी मांगें स्वीकार कर ली हैं। एफओआरडीए के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार रात केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा से उनके आवास पर मुलाकात की।

एफओआरडीए ने कहा कि बुधवार सुबह से हड़ताल समाप्त करने का निर्णय मरीजों के हित में लिया गया है। एसोसिएशन द्वारा जारी बयान के अनुसार, बैठक का एक महत्वपूर्ण परिणाम था कि स्वास्थ्य मंत्री ने केंद्रीय सुरक्षा कानून पर काम करने के लिए एफओआरडीए की भागीदारी से एक समिति गठित करने पर सहमति जतायी है। मंत्रालय ने आश्वासन दिया है कि इस पर कार्य अगले 15 दिनों के भीतर शुरू हो जाएगा। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से एक आधिकारिक सूचना जल्द ही आने की उम्मीद है।

### दुष्कर्म मामले पर इस्तीफा दें ममता : गिरिराज

**बेगूसराय (बिहार)।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कोलकाता में एक डॉक्टर की बलात्कार के बाद हत्या के मामले पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से इस्तीफा मांगा है। सिंह ने बेगूसराय में पत्रकारों से कहा कि ममता बनर्जी को शर्म आनी चाहिए, क्योंकि यह वर्षों पहले दिल्ली में हुए कुख्यात निर्भया सामूहिक बलात्कार से भी अधिक भयानक है।

## अडाणी और जाति जनगणना को लेकर जनांदोलन करेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● महासचिवों, राज्य प्रभारियों और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुखों की बैठक में हुए कई फैसले

कांग्रेस ने मंगलवार को फैसला किया कि वह अडाणी समूह से जुड़े महाघोटाले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के गठन और जाति जनगणना कराने की मांग तथा संविधान के सम्मान को लेकर देशव्यापी जनांदोलन शुरू करेगी।

पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता राहुल गांधी के साथ महासचिवों, राज्य प्रभारियों और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुखों की बैठक में यह फैसला किया गया। बैठक के बाद खरगे ने बेरोजगारी, महंगाई और संविधान पर हमले को लेकर केंद्र की नरेन्द्र मोदी नीत सरकार पर निशाना साधा और उस पर देश के गरीबों एवं मध्य वर्ग के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया। खरगे ने आरोप लगाया कि संविधान पर हमला लगातार जारी है।

## जगदंबिका पाल होंगे समिति के अध्यक्ष

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ लोकसभा सदस्य जगदंबिका पाल विवादास्पद वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति की अध्यक्षता करेंगे। लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी एक अधिसूचना में कहा गया है कि लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला ने पाल को 31 सदस्यीय समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया है। विधेयक के प्रावधानों पर लोकसभा में विपक्ष के विरोध के बीच सरकार ने इसे दोनों सदनों की संयुक्त समिति को भेजने



● वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार के लिए संयुक्त संसदीय समिति का किया गया गठन

का फैसला किया था। संयुक्त समिति में 31 सदस्य हैं। इनमें लोकसभा से 21 और राज्यसभा से 10 सदस्य हैं। अगले सत्र तक समिति रिपोर्ट सौंपेगी।

लोकसभा और राज्यसभा ने शुक्रवार को केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रीजीजू द्वारा पेश एक प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया था, जिसमें समिति का हिस्सा बनने के लिए सदस्यों को नामित किया गया था। इस संयुक्त समिति में लोकसभा से जिन 21 सदस्यों को शामिल किया गया है उनमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आठ और कांग्रेस के तीन सांसद शामिल हैं। राज्यसभा से समिति में शामिल किए गए सदस्यों में से चार भाजपा के और एक-एक सदस्य कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक), वाईएसआर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के हैं।

## सोमैया के खिलाफ अदालत ने आगे जांच की जरूरत बताई

**मुंबई।** मुंबई की एक अदालत ने भाजपा नेता किरीट सोमैया और उनके बेटे के खिलाफ धोखाधड़ी के मामले को बंद करने से इनकार करते हुए कहा कि मामले में आगे जांच जरूरी है क्योंकि पुलिस ने इस बात की जांच नहीं की है कि नौसेना के विमानवाहक पोत विक्रांत को बचाने के लिए उनके द्वारा एकत्र किए गए धन का क्या किया गया। मजिस्ट्रेट अदालत ने आठ अगस्त को मुंबई पुलिस के आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ द्वारा जमा क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार नहीं किया था।

## कांस्टेबल पत्नी, दो बच्चों और मां की हत्या कर खुदकुशी की

**भागलपुर (बिहार), एजेंसी**

● पत्नी के विवाहेतर संबंध होने के संदेह में घटना को दिया अंजाम

बिहार के भागलपुर जिले की पुलिस लाइन में एक व्यक्ति ने अपनी कांस्टेबल पत्नी के विवाहेतर संबंध होने के संदेह में कथित तौर पर उसकी, दो बच्चों और मां की गला रेतकर हत्या कर दी और फिर खुद भी फांसी लगा ली।

जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कार्यालय में तैनात बिहार पुलिस की कांस्टेबल की पहचान नीतू कुमारी के रूप में हुई है, जबकि उसके पति का नाम पंकज है। पुलिस ने तीन अन्य मृतकों के नाम का खुलासा नहीं किया है। पुलिस ने घटनास्थल से कथित तौर पर पंकज द्वारा लिखा गया एक सुसाइड नोट बरामद किया है। इसमें पंकज ने कबूल किया है कि उसने खुदकुशी से पहले अपनी पत्नी, दो बच्चों और मां की हत्या करने और फिर आत्महत्या करने की बात कबूल की है।

## अनंतनाग के जंगलों में आतंकियों का तलाशी अभियान जारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के घने जंगलों में छिपे आतंकवादियों का पता लगाने के लिए सुरक्षा बलों ने मंगलवार को चौथे दिन भी तलाशी अभियान जारी रखा है। शनिवार को मुठभेड़ में दो सैनिक शहीद हो गये थे। पुलिस महानिरीक्षक, कश्मीर वीके बिरदी ने कहा कि दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग के जंगलों में छिपे आतंकवादियों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान जारी है। अभी तक आतंकवादियों से कोई संपर्क नहीं हो पाया है।

### स्वतंत्रता का जश्न



स्वतंत्रता दिवस से पूर्व मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस को रोशनी से सजाया गया। ● एजेंसी

## अगर आप मुझे वोट नहीं देंगी तो आपके खातों से लड़की बहिन के पैसे वापस ले लूंगा : रवि

**मुंबई, एजेंसी**

महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सहयोगी एवं अमरावती जिले के बडनेरा विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय विधायक रवि राणा ने कहा कि अगर महिलायें आगामी विधानसभा चुनाव में उन्हें वोट नहीं देंगी तो वह लड़की बहिन वित्तीय सहायता योजना के तहत उन्हें दिये गये पैसे वापस ले लेंगे।

कांग्रेस और राकांपा (शरदचंद्र पवार) द्वारा राणा की टिप्पणी की आलोचना करने और इस योजना को राजनीति से प्रेरित करार देने के बाद, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को कहा कि एक भाई द्वारा अपनी बहनों को दिया गया उपहार कभी वापस नहीं लिया जा सकता।



● बडनेरा विस क्षेत्र से निर्दलीय विधायक रवि राणा की टिप्पणी की कांग्रेस-राकांपा ने की निंदा

विपक्षी दलों की आलोचना के बाद राणा ने दावा किया कि उन्होंने यह टिप्पणी मजाक में की थी। एकनाथ शिंदे सरकार की प्रमुख मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना के तहत राज्य की पात्र महिलाओं को 1,500 रुपये प्रति माह दिए जाएंगे। राणा ने सोमवार को अमरावती में एक सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा, चुनाव के बाद मैं इस राशि को 1,500 रुपये से बढ़ाकर 3,000 रुपये (प्रति माह) करने की मांग करूंगा। मैं आपका भाई हूं... लेकिन अगर आपने अपना आशीर्वाद नहीं दिया, तो मैं आपके बैंक खातों से 1,500 रुपये वापस ले लूंगा। राणा की पत्नी एवं पूर्व सांसद तथा भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार नवनीत राणा को अमरावती संसदीय क्षेत्र से इस साल हुये आम चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। 'महायुति' सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को लेकर की गई रवि राणा की टिप्पणी से गठबंधन को होने वाले नुकसान और विपक्ष को बढ़त मिलने के खतरे के आलोक में विधायक ने दावा किया कि वह हल्के-फुल्के अंदाज में बोल रहे थे।

## गृह सचिव के साथ बैठक करेगा निर्वाचन आयोग

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

● जम्मू कश्मीर की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की जाएगी

निर्वाचन आयोग जम्मू कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए बुधवार को केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला के साथ एक बैठक करेगा जहां उसकी योजना विधानसभा चुनाव कराने की है। यह जानकारी सूत्रों ने दी। निर्वाचन आयोग ने जम्मू कश्मीर में चुनाव तैयारियों की पिछले सप्ताह समीक्षा की थी।

जम्मू में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने इस बात पर जोर दिया था कि आयोग केंद्र शासित प्रदेश में जल्द से जल्द विधानसभा चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। कुमार ने कहा कि कोई भी बाहरी या आंतरिक ताकत चुनाव प्रक्रिया को पटरी से नहीं उतार सकती। लोकसभा चुनाव में जम्मू कश्मीर में रिकॉर्ड मतदान के बाद कुमार ने कहा था, यह सक्रिय भागीदारी जल्द ही होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए एक बहुत बड़ी सकारात्मक बात है, ताकि केंद्र शासित प्रदेश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया जारी रहे। जम्मू कश्मीर में जब भी विधानसभा चुनाव होंगे, वह 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त किए जाने और तत्कालीन राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित किए जाने के बाद पहला चुनाव होगा। जम्मू कश्मीर में चुनावी प्रक्रिया आमतौर पर एक महीने तक चलती है।

## भाजपा ने राहुल गांधी और अखिलेश पर साधा निशाना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि दो लड़कों की राजनीतिक ताकत में जब से इजाफा हुआ है, उत्तर प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंद हो गए हैं।

भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में सपा पर अपराधियों को पनाह देने का आरोप लगाया और बलात्कार तथा बलात्कार के प्रयास के आरोप में उससे जुड़े दो लोगों की गिरफ्तारी को लेकर यादव नीत पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सपा जहां अपराधियों का बचाव कर रही है वहीं विपक्षी गठबंधन के सदस्य अपने सहयोगियों के आपराधिक तत्वों की रक्षा करने में भी एक-दूसरे की मदद कर रहे हैं। त्रिवेदी ने कहा, दो लड़कों



● कहा- दो लड़कों की राजनीतिक ताकत में इजाफे से उत्तर प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंद हुए

से जुड़े लोग अपराध करते रहे हैं। इन दो लड़कों की ताकत बढ़ने के बाद से अपराधियों का दुस्साहस बढ़ रहा है। ज्ञात हो कि राज्य में 2017 के विधानसभा चुनाव के लिए अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बीच गठबंधन के बाद दोनों की जोड़ी उप्र के दो लड़कों के रूप में प्रसिद्ध हुई थी। हाल के लोकसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश में सपा और कांग्रेस गठबंधन ने भाजपा नीत राजग के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन किया था।

## तीन राज्यों में महिला कांग्रेस, 9 में एनएसयूआई अध्यक्ष बदले

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने अरुणाचल, कर्नाटक तथा चंडीगढ़ में महिला कांग्रेस के अध्यक्ष तथा बिहार ओडिशा, दिल्ली सहित 9 राज्यों में छात्र संगठन एनएसयूआई के अध्यक्ष बदले हैं। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने मंगलवार देर रात यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इन नियुक्तियों को मंजूरी दी है। नंदिता हुड्डा को चंडीगढ़, चीकू नाची को अरुणाचल प्रदेश तथा सौम्य रेड्डी को कर्नाटक महिला कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया है। जयशंकर प्रसाद को बिहार, सिकंदर बोरा को चंडीगढ़, आशीष लांबा को दिल्ली, अभिनंदन ठाकुर को हिमाचल, बिनय ओरांव को झारखंड, जॉयस्वान केएच को मणिपुर, उदित नारायण प्रधान को ओडिशा, प्रियंका चौधरी को पश्चिम बंगाल तथा वाई वेंकटा स्वामी को तेलंगाना एनएसयूआई का नया अध्यक्ष बनाया गया है।

## शुक्राणु या अंडाणु दानकर्ता का बच्चे पर अधिकार नहीं

**मुंबई, एजेंसी**

बंबई उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि शुक्राणु या अंडाणु दान करने वाले का बच्चे पर कोई कानूनी अधिकार नहीं होता और वह उसका जैविक माता-पिता होने का दावा नहीं कर सकता। अदालत ने इसी के साथ 42 वर्षीय एक महिला को उसकी पांच वर्षीय जुड़वां बेटियों से मिलने की अनुमति दे दी।

महिला ने अपनी याचिका में कहा कि सरोगेसी के जरिये पैदा हुई उसकी बेटियां उसके पति और अंडाणु दान करने वाली छोटी बहन के साथ रह रही हैं। याचिकाकर्ता के पति ने दावा किया था कि चूंकि उसकी साली ने अंडाणु दान दिया था, इसलिए उसे जुड़वा बच्चों की जैविक माता कहलाने का वैध अधिकार है और उसकी पत्नी का उन पर कोई अधिकार नहीं है। हालांकि, न्यायमूर्ति मिलिंद जाधव



● बंबई उच्च न्यायालय ने कहा- ऐसे लोग जैविक माता-पिता होने का दावा नहीं कर सकते

की एकल पीठ ने पति की दलील को खारिज करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता की छोटी बहन अंडाणु दान करने वाली है लेकिन उसे यह दावा करने का कोई वैध अधिकार नहीं है कि वह जुड़वा बच्चों की जैविक मां है। अदालत ने कहा कि छोटी बहन की भूमिका अंडाणु दान करने की है, बल्कि वह स्वैच्छिक दानकर्ता है और अधिक से अधिक वह आनुवंशिक मां बनने की अर्हता रखती है, इससे अधिक कुछ नहीं।

**पहल** 'एक भारत-एक टिकट' पहल को बढ़ावा देने को साझेदारी की

## मिलकर काम करेंगे रेलवे-एनसीआरटीसी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय रेलवे और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने एक भारत-एक टिकट पहल को बढ़ावा देने के लिए साझेदारी की है जिससे रेलवे और नमो भारत ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों के लिए टिकट खरीदने का अनुभव बेहतर होगा। एक बयान में यह जानकारी दी।

इस साझेदारी से यात्री भारतीय रेलवे और रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) सेवाओं के लिए एक ही मंच से टिकट प्राप्त कर पाएं। भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) से ट्रेन की ई-टिकट बुक करने के बाद उपयोगकर्ता अब अतिरिक्त सेवा के रूप में प्रति बुकिंग पर अधिकतम आठ यात्रियों के लिए नमो भारत ट्रेन की टिकट बुक करने का विकल्प भी चुन सकते हैं। बयान में कहा गया कि नमो भारत ट्रेन टिकट को बुक करने का विकल्प पीएनआर (पैसेंजर नेम रिकॉर्ड) कंफर्मेशन पेज पर प्रदर्शित होगा और उपयोगकर्ता के ट्रेन टिकट बुकिंग के रिकॉर्ड से भी यह विकल्प दिखाई देगा। प्रत्येक नमो भारत ट्रेन टिकट के लिए एक क्यूआर कोड जारी किया जाएगा और उसे इलेक्ट्रॉनिक रिजर्वेशन स्लिप (ईआरएस) पर आसानी से मुद्रित किया जा सकेगा। नमो भारत ट्रेन टिकट के लिए जारी क्यूआर कोड ट्रेन यात्रा की तिथि के चार दिन की अवधि के लिए वैध होंगे जिसके तहत यह टिकट नमो भारत ट्रेन यात्रा की तिथि से एक दिन पहले, यात्रा तिथि से तथा यात्रा तिथि के दो दिन बाद तक वैध होगा।

### मोबाइल पर संदेश और ईमेल से बुकिंग की होगी पुष्टि

नमो भारत ट्रेन की टिकट बुकिंग प्रक्रिया पूरी होने पर उपयोगकर्ताओं को मोबाइल पर संदेश और ईमेल के माध्यम से पुष्टि की जाएगी, जिसमें पंजीकृत मोबाइल नंबर और ईमेल पर नमो भारत ट्रेन का क्यूआर कोड विवरण भेजा जाएगा। आईआरसीटीसी से नमो भारत ट्रेन टिकट लेने पर किराये में सुविधा शुल्क (पांच रुपये और कर) जोड़ा जाएगा। इसके अलावा टिकट खरीदने के लिए आईआरसीटीसी मंच पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान माध्यम का उपयोग भी कर सकेंगे। अगर उपयोगकर्ता टिकट रद्द करवाता है तो उसे नमो भारत ट्रेन का पूरा किराया वापस कर दिया जाएगा लेकिन आईआरसीटीसी सुविधा शुल्क, भुगतान शुल्क और संबंधित कर वापस नहीं होगा।

# आरटीओ में भी पासपोर्ट कार्यालय की तरह दें सुविधाएं

## मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में परिवहन निगम एवं परिवहन विभाग को दिए दिशा निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कहा- सड़कों पर न चलने पाएं डग्गामार वाहन
- प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा फेसलेस सर्विसेज शुरु करें


मुख्यमंत्री मंगलवार को अपने सरकारी पर परिवहन विभाग की समीक्षा करते हुए।

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आरटीओ कार्यालयों में पासपोर्ट कार्यालयों की तर्ज में सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को परिवहन निगम एवं परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि आरटीओ कार्यालयों में जनोपयोगी सुविधाएं बढ़ाएं। लोगों को अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े। तकनीक का सहारा लें और प्रक्रियाओं का सरलीकरण करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि फर्जी लाइसेंस कतई न बनने पाएं। आरटीओ ऑफिस में बाहरी व्यक्तियों की अनावश्यक उपस्थिति न हो। ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए उपलब्ध सारथी ऐप एवं पोर्टल की तरह प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा फेसलेस सर्विसेज को शुरु करें। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चे प्रदेश ही नहीं देश का भविष्य हैं। उनके जीवन के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके लिए अभियान चलाकर स्कूली वाहनों का फिटनेस टेस्ट कराएं। सिर्फ ट्रेंड चालक ही वाहनों को चलाते मिले इसका विशेष ध्यान रखें। योगी ने कहा कि डग्गामार वाहन सड़कों पर न चलने पाएं, उन्हें जीरो प्वाइंट पर ही रोकें।

### गृह, खनन व परिवहन विभाग की बने टास्क फोर्स

मुख्यमंत्री ने गृह, खनन और परिवहन विभाग टास्क फोर्स बनाकर ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों पर कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए कहा कि दूसरे राज्यों से आने वाले ओवरलोडेड वाहनों को बॉर्डर पर ही रोकें। योगी ने कहा कि सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी नियमों का प्रदेश में सख्ती से पालन करें। इसमें किसी तरह की लापरवाही न होने पाए। उन्होंने कहा कि कंडम वाहनों को जल्द से जल्द स्क्रैप कर दें ताकि प्रदूषण का स्तर कम हो सके।

### महाकुंभ में सात हजार डेडीकेटेड बसों की हो व्यवस्था

योगी ने कहा कि 2025 में आयोजित होने वाला महाकुंभ 2019 के सापेक्ष और दिव्य और भव्य होगा। महाकुंभ में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को यात्रा में कोई असुविधा न हो इसके लिए सात हजार डेडीकेटेड बसों का संचालन करें। साथ ही इन बसों को चलाने वाले चालकों एवं परिचालकों की ठीक ढंग से ट्रेनिंग कराई जाए। उनके पास आईकार्ड एवं यूनिफॉर्म हो इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चरणबद्ध तरीके से नए बस स्टेशनों का निर्माण कराएं। उनकी डिजाइन ऐसी तैयार करें, जिसमें उत्तर प्रदेश की कला एवं संस्कृति की झलक दिखे।

# इटावा में दो बहनों की हत्यारी बड़ी बहन को उम्र कैद

**इटावा, एजेंसीः** इटावा में जिला जज की अदालत ने दो बहनों की हत्यारी बड़ी बहन को उम्र कैद की सजा सुनाई है जबकि उसके प्रेमी को सबूतों के अभाव में रिहा कर दिया गया है। जिला शासकीय अधिवक्ता शिवकुमार शुक्ला ने मंगलवार को बताया कि 8 अक्टूबर 2023 को थाना बलरई क्षेत्र के ग्राम बहादुरपुर में जयवीर सिंह पाल की बेटियों शिल्पी (7) और रोशनी (5) की गला रेत कर हत्या कर दी गयी थी। इस घटना को अंजाम देने में 21 वर्षीया बड़ी बेटी अंजली पाल उर्फ अंजू को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। अंजू छोटी बहनो से बॉयफ्रेंड से मिलने की शिकायत करने से नाराज थी। मामले में जिला एवं सत्र न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए अंजली पाल को सजा सुनाई।

## सार-संक्षेप

### अपराधी को पकड़ने गयी पुलिस टीम पर हमला महिला दरोगा समेत छह पुलिसकर्मी घायल

**सहारनपुर, एजेंसी :** जिले के नकुड़ थाना इलाके में एक अपराधी को गिरफ्तार करने गयी पुलिस टीम पर उसके समर्थकों ने हमला बोलकर बदमाश को छुड़ा लिया। इस हमले में महिला उपनिरीक्षक समेत छह पुलिसकर्मी घायल हो गये और पुलिस का वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने 31 नामज़द और 25 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है और घटना में शामिल तीन महिलाओं व तीन पुरुषों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन ने बताया कि सोमवार देर शाम थाना नकुड़ के अबेहटा चौकी प्रभारी नरेन्द्र भडाना अपनी टीम के साथ मादक पदार्थ मामले में फरार आरोपी जावेद उर्फ टिकू को गिरफ्तार करने उसके गांव घाटमपुर गये थे। जैन ने बताया कि पुलिस टीम जावेद को गिरफ्तार करके जैसे ही गाड़ी से ले जाने लगी, तभी उसके कुछ सहयोगियों ने पुलिस टीम पर हमला कर वाहन को घेर लिया।

### अनपरा व बारा की दो इकाइयां ठप, बिजली संकट

**लखनऊ।** अनपरा व बारा की दो इकाइयां मंगलवार को ठप हो गई, जबकि पहले से बंद कई इकाइयां चालू नहीं हो सकीं। इससे बिजली संकट गहरा गया। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों ने बताया कि अनपरा की 210 मेगावाट व बारा बिजलीघर की 660 मेगावाट क्षमता की दो इकाइयां ठप हो गईं। इन इकाइयों को चालू करने के प्रयास जारी रहे, पर देर रात तक इकाइयां चालू नहीं हो सकीं। सूत्रों ने बताया कि अनपरा की 210 मेगावाट की दूसरी इकाई और ओबरा सी की 660 मेगावाट व ओबरा की 200 मेगावाट क्षमता की दो इकाइयों पिछले कई दिनों से बंद चल रही हैं। इससे लगभग दो हजार मेगावाट बिजली उत्पादन घट गया है। मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आयात की जा रही है।

### चित्रकूट के स्कूल में 23 छात्र-छात्राएं बेहोश हुए

**बांदा, एजेंसी :** चित्रकूट जिले में मंगलवार को एक पूर्व माध्यमिक विद्यालय में एक-एक कर 23 छात्र-छात्राएं बेहोश हो गये। चिकित्सक के मुताबिक, बारिश के बाद तेज़ धूप के कारण बच्चे बेहोश हुए। बिहारा गांव के पूर्व माध्यमिक विद्यालय (जूनियर हाईस्कूल) के प्रधानाध्यापक राममिलन कुशवाहा ने बताया कि मंगलवार सुबह नियमित समय पर विद्यालय खुला और प्रार्थना के बाद छात्र-छात्राएं अपनी-अपनी कक्षाओं में जाने लगे, तभी एक-एक कर 23 छात्र-छात्राएं बेहोश होकर जमीन पर गिर गए। ये सभी बच्चे छठी, सातवीं और आठवीं के विद्यार्थी हैं। उन्होंने बताया कि सभी बीमार बच्चों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां इलाज के बाद वे सभी स्वस्थ हो गए। बच्चों का इलाज करने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवरामपुर के चिकित्सक डॉक्टर फूल सिंह ने बताया कि बारिश के बाद निकली तेज़ धूप में प्रार्थना के दौरान काफी देर तक खड़े रहने से बच्चे बेहोश हुए।

### कड़ी सुरक्षा में घर पहुंची सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता

**मसौधा अयोध्या, अमृत विचार :** नगर पंचायत भरतकुंड भदरसा क्षेत्र की सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता को सोमवार रात करीब 12 बजे डॉक्टरों की निगरानी में पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उसके घर पहुंचाया गया। घर पर भी पीड़िता चार माह तक डॉक्टरों की निगरानी में रहेगी और समय-समय पर उसका स्वास्थ्य परीक्षण होता रहेगा। इसके साथ ही एक महिला सब इंस्पेक्टर के साथ तीन महिला आरक्षी तथा एक सब इंस्पेक्टर के साथ तीन कांस्टेबल पीड़िता के घर पर पहरा देते रहेंगे। वहीं नगर भाजपा विधायक वेद प्रकाश गुप्ता के साथ बिहार के कैबिनेट मंत्री हरीश साहनी व पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष नीलम साहनी मंगलवार दोपहर पीड़िता के घर पहुंचकर उसका हालचाल लिया। आर्थिक सहायता सहित सुरक्षा के मुकम्मल इंतजाम का भरोसा दिलाया।

# मदरसा छात्रों के सरकारी स्कूलों में दाखिले को जमीअत देगा चुनौती

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में प्रवेश की अनिवार्यता का विरोध

**अमृत विचारः** मदरसे में पढ़ने वाले छात्रों का सरकारी स्कूलों में दाखिला अनिवार्य किये जाने के खिलाफ जमीअत उलमा-ए-हिंद सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी कर चुका है। जमीअत ने अपनी बात रखने के लिए मदरसों में छात्र संख्या, पठन-पाठन का स्तर, प्रत्येक विषय पर कितने घंटे उस्ताद को मेहनत करना पड़ती है, जैसे बिंदुओं पर ब्यौरा तैयार किया है।

जमीअत उलमा हिंद के कार्यवाहक महामंत्री एवं शहरकाजी मौलाना हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी ने बताया कि सरकार के सामने जमीअत अपना पक्ष रख चुका है, लेकिन कई जिलों से शिकायत मिल रही है कि मदरसों में जाकर शिक्षा अधिकारी दबाव बना रहे हैं कि बच्चों को सरकारी स्कूलों में भेजा जाए। इससे मदरसों में चलने वाले कोर्स की पढ़ाई चौपट हो जायेगी।

### क्या है पूरा मामला

योगी सरकार ने राज्य के सभी सरकारी सहायता प्राप्त मदरसों के लिए आदेश जारी किया है कि सभी गैर मुस्लिम छात्रों एवं मान्यता प्राप्त मदरसों के सभी छात्रों को बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में प्रवेश दिया जाए। तत्कालीन मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने सभी जिलाधिकारियों को राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग का हवाला देते हुए आदेश दिया था कि सभी मदरसे जो यूपी मदरसा शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त नहीं हैं, उनमें पढ़ने वाले सभी बच्चों का परिषदीय स्कूलों में प्रवेश कराया जाए।

# 15 अगस्त व त्योहारों पर निर्बाध मिलेगी बिजली

**लखनऊ, अमृत विचार:** 15 अगस्त व त्योहारों पर प्रदेश के लोगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति मुहैया होगी। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने वितरण कंपनियों को समुचित इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने कहा कि बिजली वितरण तंत्र को सुधारने पर समुचित उपाय नहीं किए गए हैं, ऐसे में लोगों को गुणवत्तापरक बिजली आपूर्ति को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल की ओर से प्रबंध निदेशकों को जारी पत्र में कहा गया है कि स्वतंत्रता दिवस व आगामी त्योहारों रक्षा बंधन, जन्माष्टमी व पुलिस भर्ती परीक्षा के अवसर पर लोगों को गुणवत्तापरक बिजली आपूर्ति की जाए।

# मुरादाबाद सहित 8 और जिलों तक बढ़ा नंदनी कृषक समृद्धि योजना का दायरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश दुग्ध उत्पादन में भले ही देश में प्रथम स्थान पर है, लेकिन, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान की अपेक्षा प्रति पशु दूध की उत्पादकता कम है। इसे बढ़ाने के लिए सरकार ने वर्ष 2023 में नंद बाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत नंदनी कृषक समृद्धि योजना शुरू की थी। अब इसका दायरा बढ़ाया जा रहा है। पायलट प्रोजेक्ट में छूटे आठ मंडल मुख्यालय वाले जिलों को भी योजना में शामिल कर लिया गया है।

पिछले वर्ष लखनऊ, कानपुर, अयोध्या, बरेली, प्रयागराज, झांसी, मेरठ, आगरा, गोरखपुर और वाराणसी में योजना शुरू की गई थी। अयोध्या समेत कुछ जिलों में इकाइयां संचालित हैं, कुछ जिले प्रक्रिया में हैं। अब मुरादाबाद, अलीगढ़, आजमगढ़, विन्ध्याचल, देवीपाटन, चित्रकूट, बस्ती व सहारनपुर को भी योजना में शामिल कर लिया गया है। इन जिलों में पशुपालक 62.50 लाख रुपये से 25-25 उन्नत नस्ल की साहीवाल, गिर, थारपारकर व गंगातीरी नस्ल की गायों की इकाई (डेयरी) लगाएंगे। इस पर 50 फीसद से अधिक अनुदान सरकार देगी। इसके अलावा शेष 57 जिलों में मिनी नंदनी कृषक समृद्धि योजना शुरू करने की प्रक्रिया चल रही है। इसमें 24 लाख रुपये से 10 गाय की डेयरी लगाने पर 12 लाख रुपये पशुपालक को अनुदान मिलेगा।

### प्रदेश में 2023 तक दुग्ध उत्पादन की स्थिति

देसी गाय - प्रति पशु 3 .6 किग्रा प्रतिदिन, भैस - प्रति पशु 5 .2 किग्रा प्रतिदिन

### यहां दुग्ध उत्पादन और बिक्री बेहतर

लखनऊ, हरदोई, झांसी, मेरठ और चंदौली। **ये जिले पीछे :** सीतापुर, लखीमपुर खीरी, मिर्जापुर, आजमगढ़, बलिया।

# आईटीआई प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद द्वारा सत्र 2024-25 (एक वर्षीय) और सत्र 2024-26 (दो वर्षीय) के लिए प्रदेश में संचालित राजकीय और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में प्रवेश पाने वाले अभ्यर्थियों के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं।

चयनित अभ्यर्थी अपने प्रवेश परिणाम की जानकारी परिषद की आधिकारिक वेबसाइट http:// www.scvtup.in अथवा http://www.upvesed.gov.in/dte पर जाकर प्राप्त कर सकते हैं। राजकीय आईटीआई अलीगंज, लखनऊ के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि प्रथम चरण के प्रवेश की तिथि 16 अगस्त 2024 तक निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थी दिए गए लिंक पर क्लिक कर अपनी पंजीकरण संख्या और जन्मतिथि दर्ज करके बुलावा पत्र का प्रिंट प्राप्त कर सकते हैं।

### फ्रीज और फ्लोट में से चुनना होगा एक विकल्प

प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र की प्रति, सभी आवश्यक मूल प्रमाण पत्रों की प्रतियों और दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ राजकीय आईटीआई अलीगंज, लखनऊ के प्रधानाचार्य से संपर्क कर प्रवेश लेना होगा। प्रवेश प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थी को फ्रीज (स्थिर) और फ्लोट (विस्थापित) में से किसी एक विकल्प का चयन करना होगा, जिसके आधार पर उन्हें संस्थान में प्रवेश मिलेगा।

# कॉलेजियम ने नौ अपर न्यायाधीशों की स्थायी नियुक्ति के लिए की सिफारिश

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** मुख्य न्यायाधीश डॉ. डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के नौ अपर न्यायाधीशों के नामों की सिफारिश केंद्र सरकार को भेजी है।

उक्त न्यायाधीशों को हाईकोर्ट के स्थायी न्यायाधीशों के रूप में नियुक्त करने का प्रस्ताव भेजा है, जिनमें न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी, न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम, न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता, न्यायमूर्ति नंद प्रभा शुक्ला, न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र, न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर, न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार, न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला और न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल शामिल हैं। 28 मई 2024 को इलाहाबाद हाईकोर्ट के कॉलेजियम ने सर्वसम्मति से उक्त न्यायाधीशों को स्थायी न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए सिफारिश की थी।

## वर्ग पहेली-161

**बाएं से दाएं**

1.1. नकल 2. देखादेखी 3. किसी की विशेषताओं को अपने आचरण में ढालना।

3.1. किसी तरल पदार्थ के बहने या गिरने की निरंतरता 2. प्रवाह, धार, जलधारा, लहर 3. नदी 4. नदी के जल का बहाव 5. किसी वस्तु का क्रम 6. पहाड़ का किनारा 7. परंपरा 8. शर्त 9. घड़े में पानी गिरने के लिए बनाया गया छेद 10. सेना का अगला भाग 11. लकीर; रेखा 12. प्राचीन समय में राजा भोज की राजधानी 13. किसी वस्तु का किसी दिशा में बराबर बढ़ते जाना।

5. मुकदमा लड़ना, मुकदमे लड़ने की क्रिया या भाव।

7.1. रात को आकाश में चमकने वाला एक प्रकार का पिंड, सितारा, नक्षत्र 2. आंख की पुतली।

9. शहरों में रिहाइशी बस्तियां बसाने वाले उद्योगी।

**ऊपर से नीचे**

1.1. अराजक होने की स्थिति या भाव 2. राजशून्यता

2.1. कण, दाना, छोटा टुकड़ा 2. सूजी 3. बारूद का दाना।

4.1. अरबी घोड़ा 2. अरब देश का शिकारी कुत्ता।

6. दरार पड़ना, विदीर्ण होना, फटना।

8.1. भस्म, राख 2. धूल, मिट्टी 3. जली हुई वस्तु का अंश 4. खारा नमक।




### वर्ग पहेली -160 का हल




# भगोड़े जोड़ों के विवाह को पंजीकृत करने पर जताई चिंता

विधि संवाददाता, प्रयागराज



- फर्जी विवाह पंजीकृत किए जाने की बढ़ती घटनाओं पर हाईकोर्ट ने जताई चिंता

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर फर्जी विवाह पंजीकृत किए जाने की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कोर्ट के समक्ष कई याचिकाओं में विवाह को 'वैवाहिक अनुबंध पत्र' के माध्यम से संपन्न होने के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, जो दूल्हा और दुल्हन के अधिकारों और दायित्वों का विवरण देने वाला एक उपकरण है। यह विशेष रूप से उन मामलों में देखा जाता है, जहां हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 5 के उल्लंघन में विवाह को हिंदू रीति रिवाजों और परंपराओं के अनुसार संपन्न होने का दावा किया जाता है।

इसके अलावा कोर्ट ने यह भी कहा कि विवाह रजिस्ट्रार का कार्यालय नियमित रूप से ऐसे विवाहों को 'वैवाहिक अनुबंध पत्र' जैसे सामान्य दस्तावेजों और आवेदकों द्वारा तैयार किए गए जाली दस्तावेजों के आधार पर पंजीकृत करता है, जो भगोड़े जोड़ों द्वारा गुप्त रूप से किए गए विवाह के मामलों में सरकार द्वारा नियुक्त सार्वजनिक नोटरी द्वारा विधिवत नोटरीकृत करते हैं। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की एकलपीठ ने एक जोड़े द्वारा पुलिस और परिवार वालों से उनके जीवन और संपत्ति की रक्षा करने का निर्देश की मांग करते हुए दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया है।

याचिका के अनुसार याचियों ने अपने परिवार वालों के इच्छा के विरुद्ध 30 फरवरी 2024 को जामा मस्जिद जैतवारा, मुरादाबाद में अपनी मर्जी से मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार शादी की। इसके बाद प्रयागराज में 'वैवाहिक अनुबंध पत्र' शीर्षक के साथ एक नोटरी हलफनामा तैयार किया जो कुछ अधिकारों और देनदारी को रेखांकित करता है। सरकारी अधिवक्ता ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि उक्त दस्तावेज फर्जी हैं। बहस के दौरान कोर्ट ने कुछ मुद्दों पर अपनी गहरी चिंता व्यक्त की, जैसे बहुत से मामलों में यह आरोप लगाया जाता है कि अक्सर किसी एक पक्ष की वयस्क आयु का झूठा दावा करने के लिए जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड जाली पाए जाते हैं। हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 5 का उल्लंघन करके घर से भागे हुए जोड़े द्वारा की गई शादी के मामलों में विवाह अधिकारी को प्रस्तुत किए गए दस्तावेज इस बात का गलत संकेत देने के लिए जाली की तरह इस्तेमाल किए जाते हैं कि लड़कियों की उम्र 18 वर्ष से अधिक है।

## सुडोकू -74

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 8 | | | 7 | | | |
| 4 | | 9 | | | | | 5 | |
| | 7 | | 4 | | 1 | | | 6 |
| | | | 1 | 4 | | | 2 | |
| | 3 | 1 | 5 | | 2 | 9 | 8 | |
| | 4 | | | 8 | 6 | | | |
| 7 | | | 2 | | 4 | | 1 | |
| | 9 | | | | | 3 | | 2 |
| | | | 6 | | | 7 | | 8 |

### सुडोकू -73 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 |
| 8 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 1 | 2 | 4 | 6 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 6 | 9 | 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 5 | 7 |
| 2 | 7 | 5 | 3 | 4 | 6 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 8 | 4 | 5 | 9 | 7 | 3 | 2 | 6 |
| 4 | 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 1 | 7 | 2 |
| 7 | 5 | 8 | 2 | 1 | 4 | 9 | 6 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 अगस्त बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-नवमी 10 .23 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अनुराधा 12 .13 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

**मेष:** आज पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोगों को नुकसान हो सकता है। व्यर्थ के कार्यों में अपना समय बर्बाद न करें। कर्मचारियों के बीच आपकी छवि खराब हो सकती है। प्रेमी जन से अपने मन की बात कर सकते हैं, लेकिन वो आपकी बातों को ज्यादा महत्व नहीं देगा।

**वृष:** आज इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स की खरीदी कर सकते हैं। मन काफी प्रसन्न रहेगा। लोगों के चहेते बने रहेंगे। विरोधी और आलोचक आपके सामने टिक नहीं पाएंगे। महत्वपूर्ण कार्यों को एक साथ पूरे करने में सफल रहेंगे।

**मिथुन:** आज रुके हुए कार्य शुरू हो जाएंगे। महिला वर्ग आपके घरेलू कार्यों को लेकर काफी व्यस्त रहेंगे। आपका मूड काफी अच्छा रहने वाला है। आपका मन धार्मिक कार्यों में लगेगा। कारोबार की स्थिति में सुधार आएगा।

**कर्क:** आज का दिन बहुत ही शुभ रहने वाला है। नसों में खिंचाव की समस्या हो सकती हैं। प्रेमीजन के साथ अच्छा समय बिताएंगे। मित्रों के साथ अच्छी और सार्थक चर्चा होगी। बच्चों के करियर और शिक्षा को लेकर परेशानी दूर होगी।

**सिंह:** आज घरेलू खर्च के कारण मानसिक तनाव होने की संभावना है। बाहरी व्यक्तियों से ज्यादा मेलमिलाप न करें। परिवार और संबंधियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। व्यायाम करने से आपके स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**कन्या:** आज व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं। आपके द्वारा पूर्व में लिए गए निर्णयों की परीक्षा हो सकती है। लंबी दूरी की यात्रा कर सकते हैं। दिखावे व शौक में धन खर्च करेंगे। अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**तुला:** आज नई जॉब मिलने की संभावना बन सकती है। किसी मित्र की सहायता से आपको काफी अच्छा लाभ प्राप्त होगा। वैवाहिक संबंधों में परस्पर सामंजस्य उत्तम रहेगा। अपनी मन:स्थिति को मजबूत बना रखें। आपकी उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** आज संपत्ति खरीदने के लिए दिन बहुत अच्छा है। व्यापार के नए अवसर प्राप्त होंगे। जॉब इंटरव्यू में सम्मिलित हो रहे हैं तो आपको सफलता मिल सकती है। उच्च अधिकारी वर्ग के सहयोग से कठिन कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी।

**धनु:** आज अपने व्यवहार को सहज और धैर्यवान बनाकर रखें। कारोबार में परेशानी होने की आशंका है। मौसम का नकारात्मक असर आपकी सेहत पर प्रभाव पड़ सकता है। भावुक होने के कारण अच्छी बातें भी आपको बुरी लग सकती है।

**मकर:** आज धार्मिक प्रवृत्ति के लोगों से आप जुड़ सकते हैं। पति-पत्नी को आपस में बात अवश्य करनी चाहिए। मन में नकारात्मक विचार आ सकते हैं। मित्रों से संबंध बहुत ही अच्छे रहेंगे। किसी पर भी आंख मूंदकर भरोसा न करें।

**कुंभ:** आज रिश्तों को बचाने के लिए संयम का परिचय दें। प्रतियोगी परीक्षा में आपको सफलता मिल सकती है। मनोनुकूल कार्यों को आप काफी समय देंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहने वाला है। नए काम की शुरुआत कर सकते हैं।

**मीन:** आज अपनी बौद्धिक क्षमता का कुशल प्रयोग कर पाएंगे। जिम्मेदारी वाले कार्यों से आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिए। काफी अच्छे लोगों से आपकी मुलाकात हो सकती है। अत्यधिक काम के साथ आपको भरपूर आराम भी करना चाहिए।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
शिव शक्ति — सुबह : 09 .00
कल किसने देखा — रात : 09 .00

**&pictures**
मक्खी — सुबह : 11 .06
विक्की डोनर — रात : 08 .00

**Sony Pix**
घोस्टबस्टर्स — दोपहर : 12 .07
द डॉर्क नाइट — रात : 09 .00

**Zee Cinema**
वांटेड — सुबह : 10 .54
मायोन — रात : 07 .30

**Colors Cineplex**
आरक्षण — सुबह : 10 .22
येवडु — शाम : 05 .40

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बच्चा दादी के पास आया और बोला दादी मां आप टे बोलो।
दादी- टे
बच्चा- फिर से बोलो टे.. कितना बढ़िया बोलती हैं। आप मम्मी को क्यों नहीं सुना देतीं।
दादी- मतलब तेरी मम्मी को क्यों सुनाऊं?
बच्चा- वह अपनी सहेलियों से कह रही थीं, इसकी दादी पता नहीं कब टे बोलेंगी।

पत्नी – हाय राम आपके सिर से खून क्यों निकल रहा है?
पति – अरे मेरे दोस्त ने ईंट मार दी।
पत्नी – आप भी मार देते, आपके हाथ में कुछ नहीं था क्या?
पति – हम्म मेरे हाथ में उसकी बीवी का हाथ था।
फिर पति के चेहरे से भी खून निकला।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 78,956.03 | 24,139 |
| गिरावट | 692.89 | 208 |
| प्रतिशत में | 0.87 | 0.85 |

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 2060, राज श्री 1390, फ़ॉर्चून कि. 1720, रविन्द्रा 1950, फॉर्चुन ली. 1570, जय जवान 1495, सचिन 1520, सूरज 1520, अवसर 1640, राग गोल्ड 1620, गृहणी ली 1510, क्लासिक (किलो) 1670, मोर 1640, चक्र टिन 1875, ब्लू 1635, आशीर्वाद मस्टर्ड 1880, स्वास्तिक 2030 ।किराना-( प्रतिकु.) Chest निजामाबाद 19000, जीरा 31000, लाल मिर्च 19000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-900 ।चावल - ( प्रति कु0 ) डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9600, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10400, जेनिथ 10600, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 ।दाल दलहन -मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10800, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7275-7900, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10700, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900,चना काला 8050, दाल चना 8650, लाल हिंदुस्तान 8750, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9500, चना अकोला 8400, डबरा 10200-11200, सच्चा हीरा 13200, मोटा हीरा 15000, अरहर गोला मोटा 14600, अरहर पटका मोटा 15000, अरहर कोरा मोटा 15400, अरहर पटका छोटा 15300-15700, अरहर कोरी छोटी 16600 ।चीनी - डालमियां 4060, पीलीभीत 4050, नवाबगंज 4040, बहेड़ी 4050 ।

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 72700 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 71700 |
| सिल्वर ( पक्की) | 825 (अनुमानित) |

# देश की कराधान व्यवस्था उचित, चुनौतियों से निपटने को धनराशि की जरूरत : वित्त मंत्री

## वैज्ञानिकों से अक्षय ऊर्जा के भंडारण पर अधिक शोध करने की सीतारमण ने की अपील

भोपाल, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को मौजूदा कराधान व्यवस्था को उचित ठहराते हुए कहा कि देश को चुनौतियों का सामना करने और अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों के लिए धनराश की जरूरत है। सीतारमण भोपाल में भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर) के 11वें दीक्षांत समारोह को संबोधित किया।

वैज्ञानिक समुदाय से अक्षय ऊर्जा के भंडारण पर अधिक शोध करने की अपील करते हुए सीतारमण ने कहा कि दुनिया ने जीवाश्म ईंधन से अक्षय ऊर्जा में बदलाव के लिए बहुत सारा धन देने का वादा किया है, लेकिन यह आना अभी बाकी है। वित्त मंत्री ने कहा कि लेकिन भारत ने इंतजार नहीं किया। पेरिस (पेरिस समझौते) में किए वादे हमारे अपने पैसे से पूरे किए गए। कई बार वित्त मंत्री होने के नाते मुझे लोगों को यह जवाब देना पड़ता है कि हमारे



भोपाल में आयोजित कार्यक्रम को संबांधित करतीं वित्तमंत्री निर्माला सीतारमण। ● एजेंसी

● केंद्रीय मंत्री ने भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान के 11वें दीक्षांत समारोह को किया संबोधित

कर ऐसे क्यों हैं? हम इससे भी कम क्यों नहीं कर सकते? मेरी इच्छा है कि मैं इसे शून्य पर ला सकूं, लेकिन भारत की चुनौतियां गंभीर हैं और इनसे पार पाना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने वैज्ञानिक अनुसंधान में भारी निवेश किया है। मैं चाहती हूं कि मेरे सामने स्नातक, पीएचडी धारक बहुत विद्वान लोग हों जो भारत की चुनौतियों को समझें। मैं भारत जैसे विकासशील देश के लिए ऊर्जा के उन स्थायी स्रोतों में से एक के रूप में नवीकरणीय ऊर्जा का उदाहरण लेती हूं।

वैज्ञानिकों से नवाचारों के साथ आने का आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि भारत अपनी ताकत से जीवाश्म ईंधन से नवीकरणीय ऊर्जा की ओर बढ़ रहा है क्योंकि देश कहीं और से पैसे का इंतजार नहीं कर सकता। सीतारमण ने शोध के लिए और अधिक धन पर कहा कि सरकार सिर्फ बातें नहीं कर रही है। वह अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) में पैसा लगा रही है कर से अर्जित धन। मेरा काम राजस्व उत्पन्न करना है, लोगों को परेशान करना नहीं है। हमें अनुसंधान के लिए धन की आवश्यकता है। दीक्षांत समारोह के दौरान मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, भोपाल के लोकसभा सांसद आलोक शर्मा और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# गैर-पंजीकृत इकाइयों के काटे कनेक्शन

### अनचाही कॉल

● ट्राई ने दूरसंचार कंपनियों से कहा- ऐसी इकाइयों को दो साल के लिए काली सूची में डाले

नई दिल्ली, एजेंसी

दूरसंचार नियामक ट्राई ने मंगलवार को दूरसंचार कंपनियों को निर्देश दिया कि अनचाही (स्पैम) कॉल करने वाले गैर-पंजीकृत टेलीमार्केटिंग कंपनियों के सभी दूरसंचार संसाधनों का कनेक्शन काटे। साथ ही उन्हें दो साल तक के लिए काली सूची में भी डाल दिया जाए। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने दूरसंचार कंपनियों को इस निर्देश का पालन करने और की गई कार्रवाई के बारे में पाक्षिक आधार पर नियमित ब्योरा देने के लिए भी कहा है।

ट्राई ने जारी निर्देश में कहा कि इस निर्णायक कार्रवाई से बिना पंजीकरण वाले टेलीमार्केटिंग कंपनियों से उपभोक्ताओं को की जाने वाली स्पैम कॉल में कमी आने और ग्राहकों को राहत मिलने की उम्मीद है। ट्राई ने कहा कि स्पैम कॉल करने वाली गैर-पंजीकृत टेलीमार्केटिंग कंपनियों के सभी दूरसंचार साधनों का कनेक्शन काट देने और दूरसंचार वाणिज्यिक संचार ग्राहक वरीयता विनियमन, 2018 के तहत ऐसी कॉल करने वालों को काली सूची में डालने के लिए दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को निर्देश दिए गए हैं। नियामक ने कहा कि अगर कोई गैर-पंजीकृत टेलीमार्केटर इस निर्देश का उल्लंघन कर प्रचारात्मक कॉल करने के लिए दूरसंचार संसाधनों का दुरुपयोग करे तो उसके सभी दूरसंचार संसाधनों का कनेक्शन दो साल तक के लिए काट देंगे और दो साल के लिए काली सूची में भी डाल दिया जाएगा। किसी भी दूरसंचार कंपनी से उन्हें नए संसाधन आवंटित नहीं किए जाएंगे।



### कार्रवाई का अपडेट देने का दिया निर्देश

नियामक ने कहा कि निर्देश के एक महीने में दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को डीएलटी मंच पर स्थानांतरित होगा और सात दिन में रिपोर्ट देनी होगी। ट्राई ने दूरसंचार कंपनियों को निर्देश का पालन और हर महीने की पहली और 16 तारीख को की गई कार्रवाई का अपडेट देने का भी निर्देश दिया है। नियामक ने स्पैम कॉल पर लगाम लगाने की मंशा से पिछले हफ्ते सभी दूरसंचार कंपनियों के नियामकीय प्रमुखों के साथ बैठक की थी। इसमें एयरटेल, बीएसएनएल, रिलायंस जियो, टाटा टेलीसर्विसेज, वोडाफोन आइडिया, क्वॉड्रेंट टेलीवेंचर्स आदि के अधिकारियों ने शिरकत की थी।

# सरकार एथनॉल की कीमतों में बढ़ोतरी पर कर रही विचार

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार नवंबर 2024 से शुरू होने वाले सत्र के लिए एथनॉल की कीमतों में वृद्धि के प्रस्ताव पर विचार कर रही है। साथ ही वह कच्चे माल के विविधीकरण पर जोर दे रही है, क्योंकि उसका लक्ष्य 2025-26 तक पेट्रोल में 20% मिश्रण का लक्ष्य हासिल करना है। पेट्रोलियम मंत्रालय के संयुक्त सचिव की अध्यक्षता वाली समिति ने प्रस्ताव पर चर्चा पहले ही कर ली है।

सूत्रों ने बताया कि एथनॉल की

● 2025-26 तक 20% एथनॉल मिश्रण को प्राप्त करने का लक्ष्य

कीमतों में संशोधन गन्ने के मूल्य के आधार पर होगा। सहकारिता मंत्री अमित शाह ने पिछले सप्ताह जैव ईंधन निर्माण के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान करते हुए कहा था कि भारत 2030 की मूल समयसीमा से पहले ही 2025-26 तक 20% एथनॉल मिश्रण लक्ष्य को प्राप्त कर लेगा। सरकार द्वारा तय एथनॉल की कीमतें 2022-23 सत्र (नवंबर-अक्टूबर) से यथावत हैं।

## टाटा ने स्थानीय रूप से विनिर्मित रेंज रोवर स्पोर्ट की आपूर्ति की शुरू

**मुंबई।** टाटा मोटर्स के स्वामित्व वाली जगुआर लैंड रोवर ने घरेलू बाजार में स्थानीय रूप से विनिर्मित रेंज रोवर स्पोर्ट की आपूर्ति शुरू करने की मंगलवार को घोषणा की। कंपनी ने कहा कि अब रेंज रोवर भारत में निर्मित होगा। जगुआर लैंड रोवर ने इस वर्ष मई में घोषणा की थी कि वह भारत में टाटा मोटर्स के पुणे संयंत्र में रेंज रोवर और रेंज रोवर स्पोर्ट का विनिर्माण करेगी। कंपनी के अनुसार, पेट्रोल तथा डीजल दोनों इंजन में उपलब्ध नई रेंज रोवर स्पोर्ट की कीमत 1.40 करोड़ रुपये (एक्स-शोरूम) है। जेएलआर इंडिया के प्रबंध निदेशक राजन अंबा ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है क्योंकि हम स्थानीय रूप से निर्मित रेंज रोवर स्पोर्ट की आपूर्ति शुरू कर रहे हैं। इसके साथ ही, रेंज रोवर का पूरा खंड अब भारत में बना है। स्थानीय स्तर पर अब छह वाहनों का विनिर्माण किया जा रहा है।

# सेंसेक्स 693 अंक टूटा, निफ्टी में भी आई गिरावट

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स करीब 700 अंक लुढ़क कर 79,000 अंक के स्तर से नीचे आ गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने के बीच एचडीएफसी बैंक, एसबीआई और आईटीसी में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा। वहीं, जिंस, बैंक तथा वित्तीय शेयरों में भारी नुकसान तथा शेयरों का मूल्यांकन अधिक होने को लेकर चिंता से बाजार में तेज गिरावट आई।

बीएसई का सेंसेक्स 692.89 अंक यानी 0.87 प्रतिशत की गिरावट के साथ 78,956.03 अंक पर बंद हुआ। कारोबार



● एचडीएफसी, एसबीआई और आईटीसी में बिकवाली से नुकसान

के दौरान यह 759.54 अंक तक नीचे आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 208 अंक यानी 0.85 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,139 अंक पर बंद हुआ। बीएसई में 2,676 शेयर नुकसान में, 1,266 लाभ में रहे। 84 के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि वैश्विक बाजारों में मिली-जुली धारणा के बीच घरेलू बाजार नुकसान में रहा।

### निवेशकों की पूंजी 4.52 लाख करोड़ रुपये घटी

**नई दिल्ली।** विदेशी पूंजी की निकासी के बीच मंगलवार को एचडीएफसी बैंक में भारी बिकवाली की वजह से घरेलू शेयर बाजार में गिरावट आने से निवेशकों की संपत्ति 4.52 लाख करोड़ रुपये घट गई। बाजार में आई इस तेज गिरावट से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 4,52,565.44 करोड़ रुपये घटकर 4,45,30,265.42 करोड़ रुपये (5.30 लाख करोड़ डॉलर) रह गया। व्यापक बाजार में बीएसई का स्मॉलकैप सूचकांक 1.16 प्रतिशत और मिडकैप सूचकांक 0.98 प्रतिशत घट गया।

## एक नजर

### जीएसटी परिषद की बैठक 9 सितंबर को

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद की बैठक नौ सितंबर को होगी। परिषद ने एक्स के आधिकारिक खाते पर नई दिल्ली में होने वाली 54वीं बैठक की जानकारी दी। केंद्र तथा राज्यों के वित्त मंत्रियों वाली जीएसटी परिषद, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के संबंध में सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था है। यह एक जुलाई 2017 से काम कर रही है। बैठक में दरों को युक्तिसंगत बनाने, कर स्लैब को कम करने, जीएसटी के तहत उलटा शुल्क हटाने पर चर्चा होने की उम्मीद है। पिछली परिषद की बैठक 23 जून को हुई थी।

### फर्जी जीएसटी पंजीकरण के खिलाफ शुरू होगा अभियान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने कहा है कि कर अधिकारी 16 अगस्त से फर्जी जीएसटी पंजीकरण के खिलाफ दो महीने का विशेष अभियान शुरू करेंगे। पहले, इस तरह का अभियान पिछले साल मई में चलाया गया था। इसमें 24,000 करोड़ रुपये से अधिक की संदिग्ध जीएसटी चोरी से जुड़े करीब 22,000 फर्जी पंजीकरणों का पता चला था। वरिष्ठ केंद्र और राज्य कर अधिकारियों वाली राष्ट्रीय समन्वय समिति ने पिछले महीने विशेष अभियान शुरू करने का फैसला किया था।

### सात कंपनियां इंडिया सूचकांक में होंगी शामिल

**नई दिल्ली।** एमएससीआई की नवीनतम सूचकांक समीक्षा के अनुसार, वोडाफोन आइडिया तथा ऑयल इंडिया सहित सात कंपनियां 30 अगस्त 2024 से एमएससीआई इंडिया सूचकांक में शामिल होंगी। सूचकांक संकलक एमएससीआई की घोषणा के अनुसार, डिक्सन टेक्नोलॉजीज (इंडिया), ऑयल इंडिया, ओरेकल फाइनेंशियल सर्विसेज सॉफ्टवेयर, प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स, रेल विकास निगम, वोडाफोन आइडिया और जायडस लाइफसाइंसेज सूचकांक में शामिल हुए हैं।

### योजनाओं के मूल्यांकन के लिए मांगे गए प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** नीति आयोग ने स्वास्थ्य, कृषि और शिक्षा सहित नौ महत्वपूर्ण क्षेत्रों में केंद्र प्रायोजित योजनाओं के मूल्यांकन के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किये हैं। आयोग के अनुसार, प्रत्येक क्षेत्र को जीईएम पोर्टल के माध्यम से एक अलग आवेदन की आवश्यकता होगी। केंद्र प्रायोजित नौ योजनाएं कृषि और संबद्ध क्षेत्र, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा और ग्रामीण विकास से जुड़ी हैं। केंद्र प्रायोजित योजनाओं (सीएसएस) का क्रियान्वयन राज्य सरकार करती हैं लेकिन एक निर्धारित हिस्सेदारी के साथ केंद्र सरकार इसकी प्रायोजक होती हैं।

# ताप बिजली संयंत्रों को अनुबंधित मात्रा से अधिक कोयला देगी कोल इंडिया

नई दिल्ली, एजेंसी

कोल इंडिया लि. (सीआईएल) ने मंगलवार को कहा कि स्वतंत्र विद्युत संयंत्रों सहित ताप बिजली संयंत्रों को वार्षिक अनुबंधित मात्रा (एसीक्यू) से अधिक कोयला आपूर्ति की जाएगी। सीआईएल के बोर्ड द्वारा वार्षिक अनुबंधित मात्रा (एसीक्यू) से अधिक आपूर्ति की अनुमति देने के लिए रास्ता साफ करने के बाद यह घटनाक्रम सामने आया है।

कोल इंडिया लिमिटेड ने कहा कि इसके साथ ही सीआईएल ने पहले के प्रावधान को हटा दिया है, जिसके तहत बिजली संयंत्रों और आईपीपी को वार्षिक अनुबंधित मात्रा (एसीक्यू) के अधिकतम 120% तक कोयला आपूर्ति की अनुमति थी। अब, इस



● सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ने कहा- सीआईएल ने पहले के प्रावधान को हटाया

● बिजली संयंत्रों और आईपीपी को एसीक्यू के अधिकतम 120% तक आपूर्ति की थी अनुमति

सरलीकरण से उन बिजली संयंत्रों को लाभ होगा, जो अपनी निर्धारित वार्षिक अनुबंधित मात्रा (एसीक्यू) से अधिक मात्रा में कोयला उठाना पसंद करते हैं। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है, जब कोयले की मांग में कमी के संकेत मिल रहे हैं। घरेलू कोयला उत्पादन में कोल इंडिया की हिस्सेदारी 80 प्रतिशत से अधिक है। सीआईएल की खानों में वर्तमान में 7.2 करोड़ टन का कोयला भंडार है, जो पिछले साल 12 अगस्त तक 4.9 करोड़ टन की तुलना में 47 प्रतिशत अधिक है। कोयला आधारित संयंत्रों को आपूर्ति वित्त वर्ष 2023-24 में अभूतपूर्व 61.97 करोड़ टन तक पहुंच गई, जो अनुमानित मांग का 101.6 प्रतिशत है। 2022-23 में बिजली क्षेत्र द्वारा 58.66 करोड़ टन उठाव की तुलना में, मात्रा के संदर्भ में वृद्धि 3.19 करोड़ टन की थी, जो 5.4 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।

## अडाणी की सात कंपनियों के शेयर टूटे तीन में लाभ

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह की 10 में से सात कंपनियों के शेयर मंगलवार को मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। तीन कंपनियां अडाणी टोटल गैस, अडाणी ग्रीन और अडाणी एनर्जी बढ़त में रहीं। कारोबार समाप्ति पर अडाणी विल्मर का शेयर 2.37% नीचे रहा।

अडाणी एंटरप्राइजेज में 1.92%, अंबुजा सीमेंट्स में 1.86%, अडाणी पोर्ट्स में 1.24% की गिरावट रही। एसीसी (0.54%), अडाणी पावर (0.20%) और एनडीटीवी (0.20%) भी नुकसान में रहे। हालांकि, अडाणी टोटल गैस का शेयर 1.94% मजबूत हुआ। अडाणी ग्रीन एनर्जी 1.38% और अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस 0.70% चढ़ गए। कारोबार के दौरान अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस के शेयर में 6.28% का उछाल आया।

# एप्पल : प्रतिस्पर्धा आयोग ने जांच रिपोर्ट ली वापस

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एप्पल की कथित प्रतिस्पर्धा-विरोधी गतिविधियों से संबंधित मामले में जांच रिपोर्ट को वापस ले लिया है। इसमें शामिल पक्षों के कानूनी अधिकारों की रक्षा के लिए यह कदम उठाया गया है। नियामक का यह कदम एप्पल की तरफ से जताई चिंता के बीच आया है।

अमेरिकी कंपनी ने कहा है कि उसके कारोबार से संबंधित गोपनीय जानकारी उस जांच रिपोर्ट का हिस्सा थी जो मामले में शामिल पक्षों को भेजी थी। सीसीआई के सचिव इंद्रपाल सिंह बिंद्रा ने कहा कि महानिदेशक को जारी किए निर्देश प्रक्रियात्मक प्रकृति के हैं। इसका उद्देश्य इसमें शामिल सभी पक्षों



● कानूनी अधिकारों की रक्षा के लिए सीसीआई ने उठाया कदम

के कानूनी अधिकारों की रक्षा करना है। नियामक ने महानिदेशक से गैर-गोपनीय रिपोर्ट से गोपनीय कारोबारी जानकारी हटाने को कहा है। कानून के तहत नियामक पहली नजर में नियम के उल्लंघन के सबूत मिलने पर संबंधित कंपनी के खिलाफ अपने महानिदेशक को जांच का आदेश देता है। जांच रिपोर्ट सीसीआई को सौंप दी जाती है, तो रिपोर्ट का गैर-गोपनीय संस्करण कंपनी और संबंधित पक्षों के साथ उनकी प्रतिक्रिया के लिए साझा किया जाता है।

## मारुति सुजुकी ने जापान को फ्रोंक्स का निर्यात किया शुरू

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया ने मंगलवार को कहा कि उसने अपने स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन फ्रोंक्स का जापान को निर्यात शुरू कर दिया है। देश की कार विनिर्माता कंपनी ने कहा कि गुजरात के पीपावाव बंदरगाह से 1,600 से अधिक वाहनों की पहली खेप जापान रवाना हुई। फ्रोंक्स मारुति सुजुकी की पहली एसयूवी होगी जिसे जापान में पेश किया जाएगा।

कंपनी इस मॉडल को गुजरात संयंत्र से तैयार करती है। फ्रोंक्स मारुति सुजुकी का दूसरा मॉडल है जिसे जापान में निर्यात किया जा रहा है। 2016 में बलेनो का जापान में निर्यात हुआ था। कंपनी के प्रबंध निदेशक हिसाशी ताकेउची ने कहा कि जापान दुनिया के सबसे अधिक गुणवत्ता-सचेत और उन्नत मोटर वाहन बाजारों में से एक है।

# देश का स्मार्टफोन बाजार 3.2% बढ़कर 3.9 करोड़ इकाई पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में 2024 की दूसरी तिमाही में स्मार्टफोन बाजार में 3.2% की वृद्धि हुई और यह 3.9 करोड़ इकाई पहुंच गया। बाजार अनुसंधान कंपनी इंटरनेशनल डेटा कॉरपोरेशन (आईडीसी) ने मंगलवार को एक रिपोर्ट में कहा, चीनी स्मार्टफोन विनिर्माता वीवो का 16.5% हिस्सेदारी के साथ बाजार में दबदबा रहा। इसकी बिक्री सालाना आधार पर 6.7% बढ़ी।

सुपर प्रीमियम खंड में एप्पल सबसे आगे रही, जिसमें 67,000

● चीनी स्मार्टफोन विनिर्माता वीवो का 16.5% हिस्सेदारी के साथ बाजार में रहा दबदबा

रुपये से अधिक कीमत वाले स्मार्टफोन शामिल हैं। इसकी बाजार हिस्सेदारी 83%, जबकि सैमसंग की 16% रही। वीवो ने वाई सीरीज, मिड-प्रीमियम वी सीरीज और एक्स फोल्ड 3 प्रो के जरिये विभिन्न मूल्य खंडों में कई पेशकश के साथ दूसरी तिमाही में बढ़त जारी रखी। मोटोरोला ने विभिन्न मूल्य खंडों में उत्पाद खंड के आधार पर सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की।

# सरकारी विभागों से भुगतान में देरी से वितरण कंपनियों के समक्ष वित्तीय समस्याएं : इक्रा

नई दिल्ली, एजेंसी

सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली वितरण कंपनियां (डिस्कॉम) सकल तकनीकी और वाणिज्यिक नुकसान में कमी के बावजूद वित्तीय समस्याओं का सामना कर रही हैं। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इक्रा ने रिपोर्ट में ये बात कही।

एजेंसी ने वितरण कंपनियों की वित्तीय स्थिति खराब होने का प्रमुख कारण बिजली के एवज में राज्य सरकार के विभागों से होने वाले भुगतान में देरी को बताया है। उसने बिजली वितरण खंड के लिए नकारात्मक दृष्टिकोण बनाये



● बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, ओडिशा और उत्तर प्रदेश में वितरण कंपनियों के लिए घाटा 20% से अधिक

रखा है। बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने और उच्च सब्सिडी भुगतान से बिजली कंपनियों का अखिल भारतीय समग्र तकनीकी और वाणिज्यिक (एटीएंडसी) नुकसान 2021-22 में घटकर 16.5% और 2022-3 में 15.8% हो गया। जबकि 2020-21 में यह 23% था। इसके बावजूद बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, ओडिशा और उत्तर प्रदेश में वितरण कंपनियों के लिए घाटा 20% से अधिक है। कंपनियों का प्रदर्शन लागत की तुलना में कम शुल्क दर, नियामकीय मंजूरी की तुलना में अधिक एटीएंडसी नुकसान और अधिक कर्ज बोझ से बाधित हुआ है।

### सिंगापुर-हांगकांग में भारतीय मसालों का मामला

# मसालों के किसी ब्रांड पर कोई पाबंदी नहीं : अनुप्रिया

नई दिल्ली, एजेंसी

मसाला उद्योग के प्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल के इस बयान पर राहत व्यक्त की है कि सिंगापुर और हांगकांग के अधिकारियों ने भारतीय मसालों की खेप को जांच के लिए रोका है। इस कार्रवाई से भारत के किसी ब्रांड के मसालों पर कोई पाबंदी नहीं मानी जा सकती है। मसाला उद्योग के प्रतिनिधि ने कहा कि मंत्रालय के ताज़ा स्पष्टीकरण ने



● मसाला उद्योग के प्रतिनिधियों को मंत्री के बयान से मिली राहत

भारतीय मसालों की गुणवत्ता के बारे में चल रहे अटकलों को समाप्त कर दिया है। पटेल ने स्पष्ट किया है कि सिंगापुर और हांगकांग ने होल्ड-एंड-टेस्ट प्रणाली लागू की थी। इस तरह की कार्रवाई किसी भी भारतीय मसाला उत्पाद या ब्रांड पर प्रतिबंध नहीं है।

# सोना 500 रुपये मजबूत, चांदी स्थिर

नई दिल्ली, एजेंसी

मजबूत वैश्विक रुख और घरेलू मांग में तेजी के बीच सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 500 रुपये की बढ़त के साथ 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर जा पहुंचा। शनिवार को 99.9% शुद्धता वाला सोना 72,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 83,500 रुपये प्रति किलो पर बनी रही। इस बीच, दिल्ली में 99.5% शुद्धता वाला सोना अपने पिछले बंद भाव



● मजबूत वैश्विक रुख और घरेलू मांग में पीले धातु में आई तेजी

के मुकाबले 500 रुपये मजबूत होकर 72,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर जा पहुंचा। व्यापारियों ने सोने की कीमतों में तेजी का श्रेय खुदरा विक्रेताओं के साथ आभूषण विक्रेताओं की बढ़ी मांग को दिया।

विदेशी बाजार में सोना 1.30 डॉलर प्रति औंस की तेजी के साथ 2,502.70 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि मंगलवार को सोने में तेजी आई क्योंकि सुरक्षित निवेश वाली संपत्तियों की मांग ने कीमती धातु की तेजी को समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, इस बात की चिंता थी कि ईरान इस सप्ताह की शुरुआत में इजरायल पर हमला कर सकता है, जिससे सोने के सुरक्षित निवेश का प्रीमियम बढ़ गया है।

# मक्का आयात नीति किसानों के हितों के विपरीत

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय कृषक समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण बीर चौधरी ने मक्के के आयात को प्रोत्साहित करने की सरकार की नीति को किसानों के हित के विपरीत बताते हुए इस पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया है। भारतीय राज्य फार्म निगम के अध्यक्ष रह चुके चौधरी ने कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिख कर मक्का आयात पर लिए गए फैसले पर गहरी चिंता जतायी है।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा मक्का का आयात विशेषतः उस समय पर करना जब कि नई फसल बाजार में आने को तैयार है, किसानों के प्रति संवेदनहीनता ही नहीं बल्कि कुठाराघात है। भारत



● कृषक समाज के अध्यक्ष ने सरकार की नीति पर तत्काल पुनर्विचार करने का किया अनुरोध

के कई राज्य मक्का के महत्वपूर्ण उत्पादक हैं और कृषि मंत्रालय के अनुसार इस वर्ष मक्के की बुवाई सामान्य से 10% बढ़ कर 82.25 लाख हेक्टेयर तक पहुंची है। चौधरी ने कहा कि आयात से घरेलू बाजार में मक्का की कीमतें कम हुईं तो किसानों को आर्थिक हानि होगी।

### मक्का आयात नीति

**आयात कोटा :** निर्धारित मात्रा के अनुसार मक्का का आयात करने की अनुमति दी जाती है।

**कस्टम ड्यूटी :** आयातित मक्का पर लागू कस्टम ड्यूटी और टैक्स की दरें तय की जाती हैं।

**क्वालिटी स्टैंडर्ड :** गुणवत्ता और मानक तय किए जाते हैं, जैसे कि उसकी किस्म और स्वास्थ्य प्रमाण पत्र।

**आयात लाइसेंस :** मक्का के आयात के लिए व्यवसायों और कंपनियों को विशेष लाइसेंस प्राप्त करना होता है।

**आयात अनुमोदन :** आयात से पहले अनुमोदन की प्रक्रिया, जिसमें दस्तावेज जमा किए जाते हैं।

**विवर्तन नीति :** विशेष परिस्थितियों में, उत्पादन में कमी, आयात की स्थिति और नियमों में बदलाव हो सकता है।

**सुरक्षा मानक :** मक्का के आयात के लिए स्वास्थ्य और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करना।







## खेल डायरी

### बीएफआई ने नए विदेशी कोच के लिए मंगाए आवेदन

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में निराशाजनक अभियान के बाद भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने मंगलवार को नये विदेशी कोच के लिए आवेदन मंगाए हैं। पेरिस ओलंपिक में देश का कोई भी मुक्केबाज उम्मीदों पर खरा नहीं उतर सका और कोई भी पदक नहीं जीत सका जिसमें मौजूदा विश्व चैंपियन निकहत जरीन और लवलीना बोरगेहेन शामिल थीं। भारत ने तोक्यो ओलंपिक में एक पदक लवलीना की बदौलत जीता था। महासंघ के विज्ञापन के अनुसार भारतीय मुक्केबाजी महासंघ आगामी चार साल के लिए अपनी एलीट राष्ट्रीय टीम के लिए विदेशी मुक्केबाजी कोच नियुक्त करना चाहता है। इसके अनुसार भारत का मुख्य लक्ष्य आगामी ओलंपिक खेलों, एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों और अन्य बड़े टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ नतीजे हासिल करने का होगा।

### प्रज्ञानानंदा लगातार दो मैचों में अच्छी स्थिति से फिसले



**सेंट लुइस (अमेरिका)।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा सेंट लुइस रैपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट के पहले दिन लगातार दो मैचों में दबदबा बनाने के बाद चूक गए और तालिका में सबसे नीचे रहे। अमेरिका के लेवोन एरोनियन के खिलाफ शुरुआती मुकाबले में काले मोहरों से खेलते हुए प्रज्ञानानंदा ने सकारात्मक शुरुआत की लेकिन उन्हें ड्रॉ से संतुष्ट होना पड़ा। दिन के दूसरे मैच में उन्हें फ्रांस के मैक्सिम वाचिएर-लाग्रेव के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद वह तालिका में आखिरी स्थान पर खिसक गए। प्रज्ञानानंदा इन दोनों मैचों में अपने खेल के शीर्ष पर होने के बावजूद जीत दर्ज करने में नाकाम रहे। टूर्नामेंट के रैपिड वर्ग में छह और दौर के मुकाबले बाकी है। वाचिएर-लाग्रेव संभावित छह में से पांच अंक लेकर सबसे आगे हैं, जबकि रूस के इयान नेपोमनियाचची के साथ लेनियर डोमिनगुएज और एरोनियन की अमेरिकी जोड़ी संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। प्रज्ञानानंदा के पास वापसी करने का पूरा मौका है क्योंकि टूर्नामेंट में अभी रैपिड के छह और ब्लिट्ज के 18 दौर के मुकाबले बचे हुए हैं।

### स्वतंत्रता दिवस पर कबड्डी को तवज्जो मिलना बड़ी बात

**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता दिवस पर प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 11 के खिलाड़ियों की नीलामी को लेकर उत्साहित कबड्डी स्टार असलम इनामदार ने कहा कि कबड्डी भारत का खेल है और स्वतंत्रता दिवस के दिन इस खेल को तवज्जो मिलना बहुत बड़ी बात होगी। असलम प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 10 के सबसे कीमती खिलाड़ी रहे हैं। पुणेरी पल्टन के कप्तान असलम इनामदार ने पिछले सीजन में अपनी टीम को पहली बार पीकेएल खिताब दिलाया था। गत चैंपियन ने एक बार फिर अपनी विजयी टीम पर भरोसा दिखाया है और सीजन 11 के लिए 12 खिलाड़ियों को अपने साथ बरकरार रखा है। नए सीजन के लिए अपनी टीम के बारे में असलम ने कहा मुझे खुशी है कि हमने अपने खिलाड़ियों के मुख्य समूह को अपने साथ बरकरार रखा है। हम युवा पल्टन अकादमी से आने वाले और प्रो कबड्डी लीग में अच्छा प्रदर्शन करने वाले इतने सारे खिलाड़ियों को देखकर भी खुश हैं। पिछले सीजन में हमारी टीम के सभी खिलाड़ियों का रिश्ता बहुत मजबूत था और अब बरकरार रखे गए खिलाड़ियों के साथ यह रिश्ता इस सीजन में भी जारी रहेगा। 15 अगस्त जैसे खास दिन पर खिलाड़ियों के लिए फ्रेंचाइजी द्वारा बोली लगाना एक अलग एहसास होगा।

### श्रीलंका के बल्लेबाजी कोच होंगे इयान बेल

**कोलंबो।** श्रीलंका ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैच की शृंखला से पहले मंगलवार को इयान बेल को बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया। श्रीलंका क्रिकेट ने अपनी वेबसाइट पर इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इंग्लैंड की तरफ से 118 टेस्ट मैच में 7727 रन बनाने वाले बेल इस सप्ताह के आखिर में टीम से जुड़ जाएंगे। श्रीलंका क्रिकेट ने कहा वह 16 अगस्त से टीम के साथ काम करना शुरू कर देंगे और तीन टेस्ट मैच की शृंखला के समापन तक उससे जुड़े रहेंगे। बेल को इंग्लैंड क्रिकेट की अच्छी समझ है और उनकी भूमिका इस शृंखला में महत्वपूर्ण हो सकती है। श्रीलंका का इंग्लैंड दौरा 21 से 25 अगस्त तक मैनचेस्टर में पहले टेस्ट से शुरू होगा। दूसरा टेस्ट 29 अगस्त से दो सितंबर तक लॉर्ड्स में जबकि तीसरा और अंतिम टेस्ट छह से 10 सितंबर तक ओवल में खेला जाएगा।

# ओलंपिक के लिए पसंदीदा कोच भी नहीं मिला : अश्विनी

नई दिल्ली, एजेंसी



● भारतीय युगल बैडमिंटन विशेषज्ञ पोनप्पा बोलीं- मुझे पैसे नहीं मिले, देश को यह बताना कि मैंने पैसे लिए थे यह हास्यास्पद है

भारतीय युगल बैडमिंटन विशेषज्ञ अश्विनी पोनप्पा ने मंगलवार को कहा कि उन्हें पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए खेल मंत्रालय से बहुत कम या कोई व्यक्तिगत वित्तीय सहायता नहीं मिली और यहां तक कि कोच के लिए उनके अनुरोध को भी खारिज कर दिया गया।

भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) एक दस्तावेज लेकर आया है, जिसमें पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ी को प्रदान की गई वित्तीय सहायता का विवरण दिया गया है। इस दस्तावेज के अनुसार अश्विनी को टॉप्स के अंतर्गत 4,50,000 रुपये तथा अभ्यास और प्रतियोगिता (एसीटीसी) के वार्षिक कैलेंडर के तहत 1,48,04,080 रुपये प्रदान किए गए थे। अश्विनी ने कहा मैं वास्तव में बहुत हैरान हूं। मुझे पैसे नहीं मिलने पर कोई आपत्ति नहीं है लेकिन देश को यह बताना कि मैंने पैसे लिए थे, हास्यास्पद है। मुझे पैसे नहीं मिले थे। अगर आप राष्ट्रीय शिविर की बात कर रहे हैं तो उसने भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों पर 1.5 करोड़ खर्च किए गए थे। मेरे पास अपनी पसंद का कोच भी नहीं था। जहां तक मेरे निजी ट्रेनर की बात है तो मैंने उसका खर्चा स्वयं उठाया। मैंने किसी से पैसा नहीं लिया। मैं नवंबर 2023 तक अपने खर्चे पर खेलती रही। जब हमने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर दिया तभी मुझे टॉप्स में शामिल किया गया। साइ के एक सूत्र ने 1.48 करोड़ रुपये के खर्च का विवरण देते हुए बताया यह धनराशि उन सभी प्रतियोगिताओं में यात्रा, रहने, भोजन शुल्क आदि पर खर्च की गई जिनमें उन्होंने ओलंपिक से पहले भाग लिया था। यह धनराशि भारतीय बैडमिंटन संघ को एसीटीसी के तहत दी गई थी। अश्विनी ने कहा मंत्रालय ने हमेशा मेरा समर्थन किया है। पिछले साल मुझे कोई सहयोग नहीं मिला और यह ठीक है। आप यह नहीं कह सकते कि मुझे 1.5 करोड़ रुपये दिए हैं।

# भारत को टेस्ट शृंखला में 3-1 से हरा सकता है ऑस्ट्रेलिया : पोंटिंग

दुबई, एजेंसी



● 1991-92 में हुई थी पांच टेस्ट मैच की शृंखला

रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारत के खिलाफ घरेलू मैदान पर लगातार दो टेस्ट शृंखलाओं में हार के बाद ऑस्ट्रेलिया के पास साबित करने के लिए काफी कुछ होगा। पैट कमिंस की अगुवाई वाली टीम इस साल नवंबर-दिसंबर में होने वाली पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 3-1 से जीत सकती है।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया के पिछले दो दौरों में टेस्ट शृंखला 2-1 के समान अंतर से जीती थी। वह अब 22 नवंबर से शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैच की शृंखला में विश्व की नंबर एक टेस्ट टीम और मेजबान ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगा। पोंटिंग ने द आईसीसी रिव्यू में कहा, यह एक प्रतिस्पर्धी शृंखला होने जा रही है। हम फिर से पांच टेस्ट मैच की शृंखला खेल रहे हैं जो इस शृंखला की दूसरी महत्वपूर्ण बात है। भारत और ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी बार 1991-92 में पांच टेस्ट मैच की शृंखला खेली थी। तब भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था।

# मनु की नजर कई ओलंपिक पदक जीतने पर

## एक साथ दो पदक फिर जीतकर बढ़ाना है देश का मान



कोच और परिवार के साथ निशानेबाज मनु भाकर ने की केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान से भेंट। ● एजेंसी

नई दिल्ली, एजेंसी

पेरिस में दो पदक जीतने वाली भारत की अनुभवी पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर की नजरें ओलंपिक में कई पदक जीतने पर लगी है। 22 वर्ष की मनु आजादी के बाद एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गईं। उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और सरबजोत सिंह के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीते। वह 25 मीटर पिस्टल में भी कांस्य जीतने से मामूली अंतर से चूक गईं।

मनु ने कहा हम सभी पदक जीतने के लिए काफी मेहनत करते हैं, लेकिन अगर भविष्य में दो से अधिक पदक एक ही ओलंपिक में जीत पाती हूं तो यह शानदार होगा। कड़ी मेहनत करके भविष्य में बेहतर प्रदर्शन का लक्ष्य है। मैं भविष्य में भारत के लिए और ओलंपिक पदक जीतना चाहती हूं। मनु समापन समारोह में अनुभवी हॉकी गोलकीपर पी आर श्रीजेश के साथ भारत की ध्वजवाहक थीं। उन्होंने कहा यह जीवन में एक बार मिलने वाला अनुभव था। मैं इसके लिए शुक्रगुजार हूं और इसे ताउम्र याद रखूंगी। श्रीजेश भैया के साथ मेरा बहुत अच्छा संबंध है। मैं उन्हें बचपन से जानती हूं। वह काफी दोस्ताना, मददगार और विनम्र रहते हैं। उन्होंने मेरे लिए समापन समारोह में काम बहुत आसान कर दिया। मनु की मां सुमेधा भाकर ने कहा मैं उसके लिये बहुत खुश हूं।

### दिल्ली विश्व कप से बाहर रह सकती है मनु

**नई दिल्ली।** पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर अक्टूबर में होने वाले विश्व कप से बाहर रह सकती है क्योंकि उन्होंने तीन महीने का ब्रेक लेने का फैसला किया है। उनके कोच जसपाल राणा ने यह जानकारी दी। जसपाल ने कहा मुझे नहीं पता कि वह अक्टूबर में होने वाले विश्व कप में खेलेंगी या नहीं क्योंकि वह तीन महीने का ब्रेक ले रही है। वह लंबे समय से कड़ी मेहनत कर रही है तो यह नॉर्मल ब्रेक है। निशानेबाजी विश्व कप दिल्ली में 13 से 18 अक्टूबर के बीच होगा। जसपाल ने कहा कि ब्रेक के बाद वे 2026 एशियाई खेल और राष्ट्रमंडल खेलों पर काम करेंगे।



दिल्ली के इंदिरा गांधी हवाई अड्डे पर प्रशंसकों ने किया कांस्य विजेता हॉकी टीम का भव्य स्वागत। ● एजेंसी

# पेरिस से लौटी हॉकी टीम का भव्य स्वागत

नई दिल्ली, एजेंसी

पेरिस ओलंपिक के समापन समारोह में शामिल होने के बाद लौटे भारतीय हॉकी टीम के दूसरे बैच के सदस्यों का दिल्ली के इंदिरा गांधी हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत हुआ।

इस दौरान हवाई अड्डे पर पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे प्रशंसकों ने ढोल-नागाडों साथ भारतीय हॉकी खिलाड़ियों का स्वागत किया। ढोल-नागाड़ों की धुन पर खिलाड़ी भी नाचते हुए नजर आए। उल्लेखनीय है कि इससे पहले शनिवार को भारतीय पुरुष हॉकी टीम का कुछ सदस्यों का दल नई दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचा था। शेष खिलाड़ी ओलंपिक खेल 2024 के समापन समारोह के लिए रुके हुए थे। भारतीय हॉकी टीम ने ओलंपिक में स्पेन को 2-1 से हराकर कांस्य पदक जीता था। हॉकी टीम के साथ कुश्ती में कांस्य पदक जीतने वाले अमन सहरावत भी स्वेदश लौटे हैं।

### 10 सितंबर से पहले भविष्य की बनाएंगे योजना : खेल मंत्री मनसुख मांडविया

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को बताया कि वह 10 सितंबर से पहले कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम के साथ बैठक करेंगे ताकि 2028 लॉस एंजिल्स खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के प्रयासों के मद्देनजर भविष्य की योजना बना सकें। उन्होंने मंगलवार सुबह पेरिस से लौटने के बाद स्टार गोलकीपर पीआर श्रीजेश, डिफेंडर संजय, अमित रोहिदास और स्ट्राइकर अभिषेक को सम्मानित किया। मांडविया ने कहा आप लोगों का प्रदर्शन शानदार रहा, हम स्वर्ण पदक नहीं जीत पाए, लेकिन हम इसके बहुत करीब पहुंच गए थे और सेमीफाइनल में हार के बाद जिस तरह से आपने प्रदर्शन किया, वह सराहनीय है, लेकिन यह सफर का अंत नहीं है और मैं 10 सितंबर तक आपके साथ बैठकर भविष्य की रणनीति पर विचार करूंगा ताकि हम लॉस एंजिल्स से स्वर्ण पदक लेकर लौटें। मैं इस बारे में आपकी राय लूंगा कि इसे कैसे आगे बढ़ाया जाए और सरकार की ओर से आपको हर संभव सहायता प्रदान करने का प्रयास करूंगा। खेल मंत्री ने यह भी कहा कि भारतीय दल भले ही पिछले तोक्यो ओलंपिक के पदकों की बराबरी नहीं कर सका लेकिन वह उनके प्रदर्शन से संतुष्ट हैं।

# विनेश की अपील पर खेल पंचाट ने फैसला 16 तक टाला

पेरिस, एजेंसी

● 13 को आना था फैसला, कैस ने तीसरी बार किया स्थगित, संयुक्त रजत के लिए विनेश ने की थी अपील

खेल पंचाट (कैस) के तदर्थ प्रभाग ने मंगलवार को भारतीय पहलवान विनेश फोगाट की पेरिस ओलंपिक में फाइनल से पहले अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ अपील पर फैसला फिर 16 अगस्त तक स्थगित कर दिया। खेल पंचाट को सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मंगलवार को फैसला सुनाना था लेकिन इसे फिर तीसरी बार टाल दिया गया। इससे 29 वर्षीय भारतीय पहलवान का इंतजार बढ़ गया है।

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की विज्ञप्ति के अनुसार, खेल पंचाट के तदर्थ प्रभाग के अध्यक्ष ने विनेश फोगाट बनाम यूनाईटेड विश्व कुश्ती (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति मामले में एकमात्र मध्यस्थ डॉ. एनाबेले बेनेट को अपना फैसला सुनाने के लिए शुक्रवार 16 अगस्त 2024 पेरिस समय के अनुसार शाम छह बजे तक अनुमति दी है। इस पहलवान ने पिछले बुधवार को खेल पंचाट में इस फैसले के खिलाफ अपील की और मांग की कि उसे क्यूबा की पहलवान युस्नेलिस गुजमेन लोपेज के साथ संयुक्त रजत पदक दिया जाए। हालांकि दुनिया भर के दिग्गज खिलाड़ियों ने इस 29 वर्षीय पहलवान का समर्थन किया है जो अपने तीसरे ओलंपिक खेलों में भाग ले रही थी।

# अल्टीमेट टेबल टेनिस टूर्नामेंट में भाग नहीं लेंगी श्रीजा

**नई दिल्ली।** भारत की स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण 22 अगस्त से शुरू होने वाले अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटेटे) टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं।

अकुला ने अपने बयान में कहा मुझे यह बताते हुए दुख हो रहा है कि मुझे स्ट्रेस फ्रैक्चर हो गया है और चिकित्सक की सलाह पर मुझे छह हफ्ते आराम करने की जरूरत है, दुर्भाग्य जिसका मतलब यह है कि मैं यूटेटे 2024 में भाग नहीं ले पाऊंगी। अकुला को यूटेटे 2024 में जयपुर पैट्रियट्स के लिए खेलने के लिए चुना गया था। अकुला के चोटिल होने के बाद टीम में अंडर-19 युवा राष्ट्रीय चैंपियन और यूटेटे की नई खिलाड़ी निथ्याश्री मणि को जगह दी गई है।

# पैरालंपिक में 25 से ज्यादा पदक जीतने का लक्ष्य

जयपुर, एजेंसी

● भारतीय पैरालंपिक समिति प्रमुख बोले- पैरा खेलों में रिकॉर्ड प्रदर्शन को रखना है जारी, 84 खिलाड़ियों का दल लेगा हिस्सा

भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) प्रमुख देवेंद्र झाझड़िया ने मंगलवार को कहा कि देश को 28 अगस्त से शुरू होने वाले पैरालंपिक में देश को 25 से ज्यादा पदक की उम्मीद है।

पेरिस पैरालंपिक में भारत का सबसे बड़ा 84 खिलाड़ियों का दल भाग ले रहा है। झाझड़िया खुद दो पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय दल 2021 तोक्यो पैरालंपिक और 2023 हांग्झोउ एशियाई पैरा खेलों के रिकॉर्ड प्रदर्शन की लय को जारी रखना चाहेगा। भारत ने तोक्यो पैरालंपिक में 19 पदक और पैरा एशियाई खेलों में ऐतिहासिक 111 पदक जीते थे। झाझड़िया ने यहां पीसीआई द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा यह भारत का पैरालंपिक खेलों में अब तक का सबसे बड़ा पैरा दल है। हमें अच्छे प्रदर्शन का भरोसा है और हमें भरोसा है कि हम 25 से ज्यादा पदक जीतेंगे। भारत 12 स्पर्धाओं में हिस्सा लेगा जिसमें तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, कैनोइंग, साइकिलिंग, दृष्टिबाधित जूडो, पावरलिफ्टिंग, रोइंग, निशानेबाजी, तैराकी, टेबल टेनिस और ताइक्वांडो शामिल हैं।

# पैरालंपिक बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत पर लगा 18 माह का प्रतिबंध

कुआलालंपुर, एजेंसी



● डोपिंग संबंधी नियमों के उल्लंघन का आरोप नहीं खेल पाएंगे पैरालंपिक

● 28 से परेसि में शुरू हो रहे हैं पैरालंपिक, पिछली बार जीता था पदक

विश्व बैडमिंटन संघ (बीडब्ल्यूएफ) ने भारतीय पैरालंपिक बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत पर डोपिंग संबंधी नियमों के उल्लंघन को लेकर 18 महीने का प्रतिबंध लगाया है।

बीडब्ल्यूएफ के इस प्रतिबंध के कारण प्रमोद 28 अगस्त से पेरिस में शुरु हो रहे पैरालंपिक में नहीं खेल पाएंगे। बीडब्ल्यूएफ की ओर से जारी बयान में कहा गया, एक मार्च 2024 को कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन ऑफ स्पोर्ट (सीएएस) एंटी-डोपिंग डिवीजन ने भगत को 12 महीनों के भीतर तीन बार ठिकाने की जानकारी न देने के लिए बीडब्ल्यूएफ एंटी-डोपिंग नियमों का उल्लंघन करने का दोषी पाया। एसएल3 एथलीट भगत ने इस फैसले के खिलाफ सीएएस अपील डिवीजन में अपील की। 29 जुलाई 2024 को सीएएस अपील डिवीजन ने भगत की अपील को खारिज कर दिया और एक मार्च 2024 के सीएएस एंटी-डोपिंग विभाग के फैसले की पुष्टि की। सीएएस के डोपिंग विभाग ने एक मार्च 2024 को इस फैसले के बारे में बताया कि यह प्रतिबंध एक सितंबर 2025 तक लागू रहेगा। उल्लेखनीय है कि टोक्यो पैरालंपिक में बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत ने स्वर्ण पदक जीता था।

# एलेक्सी पोपिरिन ने रूबलेव को हराकर नेशनल बैंक ओपन का खिताब जीता

मांट्रियल, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया के एलेक्सी पोपिरिन ने रूस के पांचवीं वरीयता प्राप्त आंद्रे रूबलेव को 6-2, 6-4 से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस खिताब जीत लिया जो उनके कैरियर का सबसे बड़ा एकल खिताब है।

विश्व रैंकिंग में 62वें स्थान पर काबिज पोपिरिन ने दूसरे दौर में 11वीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन को हराया। इसके बाद सातवीं वरीयता प्राप्त ग्रिगोर दिमित्रोव को मात दी। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त हुबर्ट हुरकाज को हराया। फिर सेमीफाइनल में अमेरिका के सेबेस्टियन कोरडा को हराया। इस प्रदर्शन से पोपिरिन रैंकिंग में 62वें से 23वें स्थान पर पहुंच जाएंगे।



62 वें स्थान पर काबिज पोपिरिन ने दूसरे दौर में 11वीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन को हराया

«नेशनल बैंक ओपन टेनिस खिताब के साथ ऑस्ट्रेलिया के एलेक्सी पोपिरिन।

**दिग्गज का सफर** | अपनी पुस्तक आई हैव द स्ट्रीट्स : ए कुट्टी क्रिकेट स्टोरी की सफलता का लुत्फ उठा रहे भारतीय ऑफ स्पिनर

# जिंदगी और क्रिकेट में जोखिम लेना पसंद है : अश्विन

नई दिल्ली, एजेंसी

इंजीनियर, क्रिकेटर, एक लोकप्रिय यूट्यूबर और अब एक लेखक भी, एक बार में कई चीजों को आसानी से प्रबंधित करने वाले भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि जीवन हो या क्रिकेट वह अति सुरक्षात्मक रवैया अपनाने की जगह असफल होना पसंद करेंगे।

इस 37 साल के खिलाड़ी को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे चतुर दिमाग वाले क्रिकेट के तौर पर जाना जाता है। टेस्ट में 516 विकेट लेने वाले इस खिलाड़ी की बातों और विचारों को क्रिकेट जगत में काफी तवज्जो दी जाती है। अश्विन हालांकि हमेशा इस तरह से बेखौफ नहीं थे। बचपन में उनके अंदर असुरक्षा की भावना थी लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता गया, वह इससे आगे निकलने में सफल रहे। उन्हें एहसास हुआ कि उनका डर उन्हें पंगु बना रहा था। अश्विन ने कहा कि इससे निपटने के बाद वह कुछ हद तक अडिग हो गए और यह एक क्रिकेटर के रूप में उनके विकास में कारगर रहा। इसने उन्हें एक बच्चे के रूप में चेन्नई की सड़कों पर कैरम बॉल फेंकने से लेकर भारत के प्रमुख स्पिनर के रूप में उनका कायापलट काफी मदद की। इस खिलाड़ी ने अपनी आलोचनाओं को गंभीरता से लिया है और ढेर सारे विकेट लेकर इसका जवाब दिया है। उन्होंने हालांकि बाहरी शोर को अपने दिमाग में हावी नहीं होने दिया। उनके अंदर का इंजीनियर उन्हें जोखिम लेने और विफलता से निडर रहने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने कहा, मैं बिल्कुल भी असुरक्षित नहीं हूं। मैं पूरी तरह से सुरक्षित रहने के बजाय जीवन में असफल होना पसंद करूंगा। यही मेरा चरित्र है। मेरे अंदर लोगों जैसी सामान्य असुरक्षा की भावना नहीं हैं। अश्विन इन बातों को उसी साफगोई से कहते हैं जिसके साथ वह जटिल क्रिकेट कानूनों को 'डिकोड' करते हैं।

### अश्विन के जीवन का विवरण है यह किताब

अश्विन इस समय अपनी पुस्तक आई हैव द स्ट्रीट्स : ए कुट्टी क्रिकेट स्टोरी की सफलता का लुत्फ उठा रहे हैं। इस किताब के सह-लेखक सिद्धार्थ मोंगा है और इसे पेंगुइन रैंडम हाउस ने प्रकाशित किया है। यह किताब में 2011 तक अश्विन के जीवन का विवरण उनके दिमाग की झलक देती है। अश्विन ने विशेष साक्षात्कार में कहा मैं अपनी जिंदगी जी रहा हूं, बस यह इतना ही है। मैं ए, बी या सी (किसी लक्ष्य) को पूरा करने के बारे में नहीं सोच रहा हूं। मैं मौजूदा समय में रहना पसंद करता हूं। मैं आम तौर पर एक रचनात्मक व्यक्ति हूं और अगर मुझे लगता है कि मैं कुछ करना चाहता हूं, तो मैं आगे बढ़ूंगा और करूंगा। (चाहे यह) सही हो या गलत, यह कुछ ऐसा है जिसके बारे में मैं बाद में फैसला करना चाहूंगा।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### क्वात्रा ने अमेरिका में कार्यभार संभाला



**वाशिंगटन।** विनय मोहन क्वात्रा ने सोमवार को अमेरिका में भारत के नए राजदूत के रूप में कार्यभार संभाल लिया और दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण साझेदारी को मजबूत करने की दिशा में काम करते रहने की प्रतिबद्धता जताई। क्वात्रा (61) गत 14 जुलाई को भारत के विदेश सचिव पद से सेवानिवृत्त हुए थे।

### पाकिस्तान में ईशनिंदा का मामला दर्ज

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में कुरान के पन्ने जलाने के आरोप में दो मुस्लिम महिलाओं पर ईशनिंदा का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यहां से लगभग 50 किलोमीटर दूर कसूर जिले के राय कलां गांव में एक स्थानीय इमाम (प्रार्थना नेता) काशिफ अली की शिकायत पर एक निजी स्कूल की प्राचार्य शहनाज खान और उनकी खानसामा शाजिया करामात पर मामला दर्ज किया गया है।

### बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट में चार जजों ने ली शपथ

**ढाका।** बांग्लादेश में सुप्रीम कोर्ट के अपीलीय प्रभाग के चार नवनियुक्त न्यायाधीशों ने मंगलवार को शपथ ली। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के तौर पर आज शपथ लेने वालों में उच्च न्यायालय से पदोन्नत न्यायाधीश न्यायमूर्ति जुबैर रहमान चौधरी, न्यायमूर्ति सैयद मोहम्मद जियाउल करीम, न्यायमूर्ति मोहम्मद रेजाउल हक और न्यायमूर्ति एसएम इमदादुल हक शामिल हैं।

### हॉटलाइन पर दें मंदिरों पर हमलों की जानकारी

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने एक हॉटलाइन स्थापित की है, जिसमें लोगों से हिंदू मंदिरों, गिरजाघरों या किसी अन्य धार्मिक स्थल पर हमलों के बारे में जानकारी देने को कहा गया है। शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने और देश छोड़कर भारत जाने के बाद अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थलों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और संपत्तियों में तोड़फोड़ की खबरों के बीच यह कदम उठाया गया है। धार्मिक मामलों के मंत्रालय ने उपासना स्थलों पर हमलों के बारे में जानकारी देने को कहा है।

### हसीना के सहयोगी, पूर्व कानून मंत्री गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के सलाहकार सलमान एफ रहमान और पूर्व कानून मंत्री अनीसुल हक को आरक्षण सुधार आंदोलन के दौरान हुई दो मौतों के मामले में मंगलवार को ढाका में गिरफ्तार कर लिया गया। ढाका पुलिस के आयुक्त एमडी मैनुल हसन ने कहा कि आंदोलन के दौरान 16 जुलाई को ढाका कॉलेज के सामने झड़प में दो लोग मारे गए थे। सलमान और अनीसुल को उकसाने वाले के रूप में गिरफ्तार किया गया है।

### इसरो 16 को करेगा नए उपग्रह का प्रक्षेपण

**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का नवीनतम भू प्रेक्षण उपग्रह ईओएस-08 अब 16 अगस्त को लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी)-डी3 की तीसरी और अंतिम विकासात्मक उड़ान के जरिए प्रक्षेपित किया जाएगा। इससे पहले अंतरिक्ष एजेंसी ने घोषणा की थी कि प्रक्षेपण 15 अगस्त को किया जाएगा।

# भारत से साझेदारी बढ़ाने को आशान्वित अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी

- व्हाइट हाउस ने कहा-मिलकर बनाएंगे दुनिया को समृद्ध-सुरक्षित

जो बाइडन प्रशासन भारत के साथ अपनी अत्यंत महत्वपूर्ण साझेदारी को और आगे ले जाने के लिए आशान्वित है और हिंद-प्रशांत क्षेत्र को अधिक समृद्ध तथा सुरक्षित बनाना चाहता है। अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय 'व्हाइट हाउस' ने यह जानकारी दी।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन ज्यां-पियरे सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन प्रशासन के शेष छह माह के कार्यकाल में उनकी प्राथमिकताओं के संबंध में पूछे गए सवालों का जवाब दे रही थीं। उन्होंने दैनिक ब्रीफिंग में कहा कि हम अपनी अत्यंत महत्वपूर्ण साझेदारी को और आगे बढ़ाने के लिए आशान्वित है। हम हिंद-प्रशांत क्षेत्र और पूरी दुनिया को अधिक समृद्ध और सुरक्षित बनाना चाहते हैं। हमारा ध्यान इसी पर रहेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति (जो बाइडन) भारत के साथ अमेरिका के संबंधों को दुनिया में सबसे महत्वपूर्ण संबंधों में से एक मानते हैं। हम अपनी सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं पर भारत के साथ मिलकर काम करते हैं, जिसमें क्वाड और महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकी पर अमेरिका-भारत पहल शामिल हैं। अगले 90 दिनों में भारत और अमेरिका के बीच कुछ उच्च स्तरीय कूटनीतिक वार्ताएं होने की उम्मीद है, जिनमें दोनों पक्षों के कैबिनेट स्तर के अधिकारियों की यात्राएं भी शामिल हैं।

# ब्रिटिश सत्ता के खिलाफ किया संग्राम...हो गए अमर



भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में कई अनसुने हीरो रहे हैं, जिन्होंने देश को आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, चंद्रशेखर आज़ाद और रानी चेनम्मा जैसे व्यक्तियों ने अपने संघर्ष और बलिदान से देश की आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इन्होंने अपनी वीरता, साहस और देशभक्ति से ब्रिटिश सत्ता के खिलाफ लड़ाई लड़ी और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में अमर हो गए।

### सुभाष चंद्र बोस और आज़ाद हिंद फौज



सुभाषचंद्र बोस ने 1942 में आज़ाद हिंद फौज का गठन किया। देश को आजादी दिलाने के लिए जापान और जर्मनी के साथ गठबंधन कर ब्रिटिश सेना के खिलाफ कई अभियान चलाए। जिनमें इम्फाल और कोहिमा की लड़ाई प्रमुख थीं। बोस ने दिल्ली चलो का नारा दिया और भारतीय सशस्त्र बलों को स्वतंत्रता संग्राम में शामिल किया। सुभाष चंद्र बोस का जन्म 1897 में कटक, ओडिशा में हुआ था।

### चंद्रशेखर आज़ाद अंत तक आजाद ही रहे



चंद्रशेखर आज़ाद ने हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन का नेतृत्व किया। कई बम विस्फोटों और ब्रिटिश शासन की तानाशाही विरोधी गतिविधियों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इलाहाबाद के कंपनी बाग में अंग्रेजों से लोहा लेते हुए आज़ाद ने अपने आत्म-संरक्षण के लिए खुद को गोली मार ली ताकि पकड़ में न आएं। वे अंत तक आजाद ही रहे।

### भगत सिंह और उनकी क्रांतिकारी गतिविधियां



शहीदे आजम भगत सिंह ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ क्रांतिकारी गतिविधियों को अंजाम दिया। ब्रिटिश अधिकारी जॉन सॉंड क्रॉफ्ट और सैंडर्स की हत्या में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। भगत सिंह ने 23 साल की उम्र में फांसी की सजा को आत्म-संवेदनशीलता के साथ स्वीकार किया और स्वतंत्रता की कीमत को समझाया।

### स्वतंत्रता संग्राम के हीरो

### स्वाधीनता के लिए रानी चेनम्मा का संघर्ष



रानी चेनम्मा ने कर्नाटक में ब्रिटिश शासन के खिलाफ संघर्ष किया। ब्रिटिश सेना के खिलाफ सैन्य अभियान चलाने के साथ अपने राज्य की स्वतंत्रता के लिए बहुत संघर्ष किया। चेनम्मा कर्नाटक के कित्तूर राज्य की रानी थीं को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की पहली महिला नेता माना जाता है। रानी चेनम्मा का जन्म 1778 में कर्नाटक के काकती में हुआ था।

### देश को आजाद कराने की राह में हुए कुर्बान

मंगल पांडे ने 1857 के सिपाही विद्रोह की शुरुआत की, जो भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की पहली लड़ाई थी। रानी लक्ष्मीबाई ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ अपने राज्य की स्वतंत्रता के लिए बहुत संघर्ष किया। तात्या टोपे ने 1857 के सिपाही विद्रोह में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और ब्रिटिश सेना के खिलाफ कई लड़ाइयां लड़ीं। वीर सावरकर ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ क्रांतिकारी गतिविधियों को अंजाम दिया। अशफाकउल्ला खान ने भगत सिंह के साथ मिलकर क्रांतिकारी गतिविधियों को अंजाम दिया।

# यूनुस ने हिंदुओं से की मुलाकात, सुरक्षा का दिया भरोसा

## कहा-सरकार की भूमिका के बारे में धारणा बनाने से पहले धैर्य रखें

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने परेशान हिंदू समुदाय के सदस्यों से मंगलवार को यहां प्रसिद्ध ढाकेश्वरी मंदिर में मुलाकात की। सुरक्षा का भरोसा दिलाया और उनकी सरकार की भूमिका के बारे में कोई धारणा बनाने से पहले धैर्य रखने का आग्रह किया। यूनुस ने अल्पसंख्यकों के खिलाफ जारी हिंसा और बर्बरता के बीच 8 अगस्त को अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के रूप में कार्यभार संभाला था।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के अधिकार सुनिश्चित किए जाने चाहिए। उन्होंने देश की दुर्दशा के लिए संस्थागत पतन को जिम्मेदार ठहराया। यह बैठक पांच अगस्त को प्रधानमंत्री शेख हसीना के पद से हटने के बाद कई दिनों तक चली हिंसा में अल्पसंख्यक हिंदू लोगों पर हमले, उनकी संपत्तियों की तोड़फोड़ तथा कई हिंदू मंदिरों को नष्ट किए जाने के बाद हुई है। ढाकेश्वरी मंदिर प्रमुख शक्तिपीठों में से एक है। युनूस ने कहा कि अधिकार सबके लिए समान हैं।




ढाका में प्रदर्शन करते हिंदू समुदाय के लोग। ● एजेंसी

### बांग्लादेश में भारतीय वीज़ा सेवाएं पुनः शुरू

**ढाका।** बांग्लादेश में राजनीतिक उथलपुथल के बीच राजधानी ढाका स्थित भारतीय वीज़ा आवेदन केंद्र ने वीजा सेवाएं मंगलवार से फिर से शुरू कर दी। वीजा केंद्र ने एक प्रेस विज्ञप्ति में प्रत्येक दिन कुछ घंटों के लिए काम फिर से शुरू करने की जानकारी दी। चूंकि इसके लिए समय सीमित होगा, इसलिए आवेदकों से अपने पासपोर्ट के संग्रह के लिए एसएमएस सूचना प्राप्त करने के बाद ही वीज़ा केंद्र पर पहुंचने का आग्रह किया गया है।

### अपदस्थ करने के आरोपों का खंडन

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से हटाने में अपनी संलिप्तता के आरोपों से इनकार किया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने कहा कि कोई भी ऐसी रिपोर्ट या अफवाह कि अमेरिकी सरकार इन घटनाओं में शामिल थी, पूरी तरह से झूठी है, यह सच नहीं है। जीन-पियरे ने कहा कि यह बंगलादेशी लोगों की ओर से खुद के लिए किया गया चुनाव है।

# शेख हसीना के खिलाफ हत्या के आरोप में चलेगा मुकदमा

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनकी कैबिनेट के दो वरिष्ठ मंत्रियों और एक बर्खास्त पुलिस प्रमुख समेत छह अन्य के खिलाफ हत्या के आरोप में मुकदमा चलेगा। नौकरी में आरक्षण की विवादास्पद व्यवस्था के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शन के बाद पांच अगस्त को इस्तीफा देकर भारत चली गईं हसीना (76) के खिलाफ दर्ज किया गया यह पहला मामला है।

यह मामला पिछले महीने हुईं हिंसक झड़पों के दौरान किराने की एक दुकान के मालिक की मौत को लेकर दर्ज किया गया है। मामले में अवामी लीग के महासचिव और पूर्व सड़क परिवहन मंत्री ओबैदुल कादिर, पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान, बर्खास्त आईजीपी अब्दुल्ला अल मामून, ढाका के पुलिस आयुक्त हबीबुर रहमान, अतिरिक्त आईजीपी हारुन-उर-रशीद और अतिरिक्त संयुक्त आयुक्त बिप्लब कुमार शामिल हैं। यह मामला किराने की दुकान के मालिक अबू सईद के शुभचिंतक ने दर्ज कराया है। मामला दर्ज कराने वाले आमिर हमजा शातिल को फोन पर जान से मारने की धमकी मिलने की खबर है।

### हसीना बोलीं- देशवासियों से मुझे इंसाफ चाहिए

**ढाका/नई दिल्ली।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने न्याय की मांग करते हुए मंगलवार को कहा कि हाल की हिंसा में शामिल लोगों की पहचान कर उन्हें दंडित किया जाना चाहिए। पांच अगस्त को प्रधानमंत्री पद से हटने के बाद अपने पहले बयान में हसीना (76) ने कहा कि आंदोलन के नाम पर बांग्लादेश में हिंसा में कई लोगों की मौत हो गई है। अमेरिका में रह रहे उनके बेटे साजिब वाजेद ने 'एक्स' पर उनका बयान पोस्ट किया जिसमें हसीना ने बंगबंधु संग्रहालय को जला दिए जाने पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यह किसी ऐसे व्यक्ति का घोर अपमान है...जिसके नेतृत्व में हम स्वतंत्र राष्ट्र बने। मैं इस कृत्य के लिए देशवासियों से न्याय की मांग करती हूं।

# ईरान ने गाजा में शांति बहाल करने में जर्मनी से मांगी मदद

तेहरान, एजेंसी



- ईरान के राष्ट्रपति पेजेश्कियान ने जर्मन चांसलर से की बात

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियान ने जर्मन के चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ और अन्य यूरोपीय देशों से गाजा में इजरायल के नरसंहार को समाप्त करने में प्रभावी भूमिका निभाने का आग्रह किया। एक वक्तव्य में मंगलवार को कहा गया कि राष्ट्रपति कार्यालय की वेबसाइट पर सोमवार को प्रकाशित एक बयान के अनुसार फोन पर बातचीत में दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की और द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने की इच्छा व्यक्त की।

स्कोल्ज़ ने ईरान का राष्ट्रपति बनने पर पेज़ेश्कियान को बधाई दी और कहा कि उनका देश सभी क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों में सुधार करने के लिए तैयार है। उन्होंने हिंसा को तुरंत रोकने और गाजा में संघर्ष विराम की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि क्षेत्र और दुनिया के प्रति जर्मनी के दृष्टिकोण में क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करना सर्वप्रथम प्राथमिकता है। पेज़ेश्कियान ने ईरान और यूरोपीय देशों के बीच संबंधों में सुधार करने में आ रही बाधाओं को दूर करने की जरूरत पर जोर दिया।

### इजरायल को सोच समझकर देंगे जवाब

**तेहरान।** इजरायली सैन्य बलों द्वारा हमास के राजनीतिक प्रमुख इस्माइल हनीयेह की हत्या करने को लेकर ईरान ने कहा है कि सोच-समझकर जवाब दिया जाएगा। ईरान के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के अभियान मीडिया सलाहकार अलीआसगर शफीयान ने कहा कि ईरान इस बार इजरायल को सोच-समझकर जबाव देगा। उन्होंने कहा कि हनीयेह की हत्या एक खुफिया-आधारित मिशन था। उल्लेनीय है 31 जुलाई को ईरान के राष्ट्रपति के शपथ समारोह में तेहरान पहुंचे हनीयेह की उनके गेस्ट हाउस में रिमोट कंट्रोल विस्फोटक से हत्या कर दी गई।

# यूक्रेनी सेना रूस के कुर्स्क क्षेत्र में अंदर तक घुसी

कीव, एजेंसी

- टोलपिनो-ओब्शाची कोलोडेज के गांवों के पास रूसी सैनिकों से झड़प

यूक्रेन की सेना रूस के कुर्स्क क्षेत्र में 30 किलोमीटर अंदर तक पहुंच गई है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा था कि उसके बलों ने बख्तरबंद वाहनों के साथ दुश्मन के समूहों द्वारा रूसी क्षेत्र में घुसने के प्रयासों को विफल कर दिया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने टोलपिनो और ओब्शाची कोलोडेज के गांवों के पास यूक्रेनी सैनिकों से झड़प की जानकारी दी, जो रूस-यूक्रेन सीमा से लगभग 25 किमी और 30 किमी दूर हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार यूक्रेनी सेना ने सीमा से लगभग 25 किमी दूर रूस के लेवशिंका गांव तक अपने पैर जमा लिए हैं। यूक्रेनी सेना ने कहा है कि उसने कुर्स्क क्षेत्र में कई समुदायों पर कब्ज़ा कर लिया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, यूक्रेनी सेना ने रूस के एक गांव गुएवो में एक प्रशासनिक सुविधा से रूसी झंडा हटाते हुए वीडियो रिकॉर्ड किया है। वीडियो में स्वेर्दलिकोवो और पोरोज में प्रशासनिक सुविधाओं पर कब्ज़ा करते हुए भी दिखाया गया है जबकि लगभग पांच हजार की आबादी वाले सुदज़ा गांव में दोनों देशों की सेनाओं की बीच संघर्ष की खबर है। रूस के अनुसार, 76 हजार लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है।

# सुधार के बिना चुनौतियों से निपटने में सुरक्षा परिषद अक्षम

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने जी4 देशों की ओर से कहा है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में ऐसा कोई भी सुधार जो विशेष रूप से स्थायी श्रेणी में प्रतिनिधित्व नहीं दिए जाने पर ध्यान नहीं देता, वह इसकी संरचना में मौजूदा असंतुलन को और बढ़ाएगा तथा मौजूदा वैश्विक चुनौतियों से निपटने में उसे अक्षम बनाएगा। संयुक्त राष्ट्र में भारत के उप स्थायी प्रतिनिधि और प्रभारी आर रवींद्र ने कहा कि हाल में घटे वैश्विक भूराजनीति घटनाक्रमों ने साफ दर्शाया है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा का संरक्षण करने की अपनी प्राथमिक जिम्मेदारी निभाने में अक्षम है जबकि दुनिया को इसकी सबसे अधिक जरूरत है।



**तिरंगा प्यारा...**

श्रीनगर में मंगलवार को डल झील के किनारे निकाली गई तिरंगा रैली में केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) के जवान। ● एजेंसी

# लंबी दूरी के ग्लाइड बम गौरव का पहला सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने वायु सेना के लड़ाकू विमान सुखोई से मंगलवार को लंबी दूरी के ग्लाइड बम गौरव का सफल पहला उड़ान परीक्षण किया है। यह परीक्षण ओडिशा के तट पर किया गया। गौरव हवा में दागे जाने वाला 1,000 किलोग्राम श्रेणी का ग्लाइड बम है जो लंबी दूरी तक लक्ष्य को भेदने में सक्षम है।

गौरव को डीआरडीओ की हैदराबाद में प्रयोगशाला में डिजाइन और विकसित किया गया है। उड़ान परीक्षण के दौरान, ग्लाइड बम ने व्हीलर द्वीप पर लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सफल उड़ान परीक्षण के लिए डीआरडीओ, वायु सेना और उद्योग जगत को बधाई दी।

## बॉलीवुड हलचल

### शानदार अभिनय से दीवाना बनाया वैजयंती माला ने

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री वैजयंती माला ने शानदार अभिनय से दर्शकों को दीवाना बनाया है। तमिलनाडु में 13 अगस्त को जन्मीं वैजयंती माला ने अपने सिने करियर की शुरुआत वर्ष 1949 में प्रदर्शित तमिल फ़िल्म वड़कई से की थी। वैजयंती माला की मां वसुंधरा देवी 1940 के दशक में तमिल सिनेमा की एक प्रमुख अभिनेत्री थीं। वर्ष 1951 में प्रदर्शित फिल्म बहार से वैजयंती माला ने बॉलीवुड में पदार्पण किया। वर्ष 1954 में प्रदर्शित फिल्म नागिन वैजयंती माला के सिने करियर की पहली सुपरहिट फिल्म साबित हुई। वर्ष 1955 में प्रदर्शित फिल्म देवदास वैजयंती माला के सिने करियर की महत्वपूर्ण फिल्मों में शुमार की जाती हैं। विमल राय के निर्देशन में शरतचंद्र के उपन्यास पर बनी इस फिल्म में वैजयंती माला ने चंद्रमुखी के किरदार को रुपहले पर्दे पर साकार किया है। इस फिल्म में अपने दमदार अभिनय के लिये वह सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित की गयीं।



### केबीसी सीजन 16 के आगाज पर भावुक हुए अमिताभ

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के क्विज़ शो कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) के 16 वें सीजन के शानदार आगाज पर भावुक हो गए। लोकप्रिय क्विज शो ''कौन बनेगा करोड़पति'' के 16वें सीजन का शानदार आगाज हो चुका है। शो का प्रीमियर सोमवार रात 9 बजे सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर हुआ। अमिताभ बच्चन एक बार फिर से शो को होस्ट कर रहे हैं। वह कौन बनेगा करोड़पति के 16वें सीजन के साथ वापस लौटने पर भावुक होते नजर आए। अमिताभ बच्चन ने शो के दौरान कहा, आज एक नए सत्र की शुरुआत हुई है, लेकिन आज मेरे पास शब्दों की कमी है और ऐसा इसलिए है क्योंकि किसी भी शब्द में आपके प्यार के प्रति आभार व्यक्त करने की क्षमता नहीं है। आपकी प्रार्थनाओं के लिए धन्यवाद देने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं, जिसने कौन बनेगा करोड़पति को एक नया जीवन दिया, जिसने इस मंच को फिर से रोशन किया, और जिसने एक परिवार को फिर से जोड़ा और मुझे आपके बीच उपस्थित होने की अनुमति दी।



### ऑस्कर अवॉर्ड के लिए आवेदन शुरू करने की घोषणा

**मुंबई।** भारत के सभी प्रमुख फिल्म संघों की मूल संस्था, फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया (एफएफआई) की कार्यकारी समिति ने अपनी प्रबंध समिति की बैठक में इस साल ऑस्कर में भारत की प्रविष्टि के लिए फिल्में प्राप्त करने के लिए आवेदन शुरू करने की घोषणा कर दी है। भारत में ऑस्कर अवॉर्ड के लिए फ़िल्में जमा करने के लिए प्रविष्टियां 15 अगस्त से 10 सितंबर तक शाम 6 .00 बजे तक डाली जाएंगी। एफएफआई कला और संस्कृति के रचनात्मक क्षेत्र के वरिष्ठ एवं योग्य लोगों के साथ ज्यूरी के साथ एक अध्यक्ष को नामित करेगा, जो ज्यूरी का हिस्सा होंगे। सभी प्रविष्टियों की स्क्रूटनी के बाद स्क्रीनिंग करने के बाद ही अंतिम प्रविष्टि का निर्णय ज्यूरी के वोट द्वारा किया जाएगा और 27 सितंबर 2024 को इसकी घोषणा की जाएगी। एफएफआई के अध्यक्ष रवि कोट्टाराकारा आने वाले दिनों में ज्यूरी की टीम के साथ ज्यूरी के अध्यक्ष के नाम की घोषणा करेंगे। और इसके साथ ही फिल्मों के प्रविष्टियों की स्क्रूटनी और चयन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

## ज्ञान-विज्ञान

### आकाशगंगाओं की टक्करों से बनी हो सकती है यह मंदाकिनी

# हबल ने की अवरुद्ध सर्पिल मंदाकिनी की खोज

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** अंतरिक्ष दूरबीन हबल ने दूर गगन में अद्भुत मंदाकिनी की खोज की है। यह अवरुद्ध सर्पिल मंदाकिनी है। खगोलविदों के अनुसार यह प्रसिद्ध पर्सियस क्लस्टर में स्थित एक वर्जित सर्पिल आकाशगंगा है।

इसका नाम एल ई डी ए 12535 है। पर्सियस तारामंडल में स्थित पृथ्वी से लगभग 320 मिलियन प्रकाश वर्ष दूर मौजूद है। वैज्ञानिक इसका आकार असामान्य मान रहे हैं। इसके असाधारण होने के पीछे कई कारण हो सकते हैं। एक बड़ा कारण दो आकाशगंगाओं की टक्कर हो सकती है। जिस कारण यह गैलेक्सी अस्तित्व मे आई होगी।



वैज्ञानिकों ने इसे एक वर्जित सर्पिल आकाशगंगा के रूप में वर्गीकृत किया है। इसकी डिस्क के चारों ओर सिरों से पतली भुजाएं निकलती हैं। यह खोज आकाशगंगा के वर्गीकरण में एक अलग जानकारी देती है। जिस कारण इस खोज को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस मंदाकिनी का रंग पराबैंगनी, दृश्यमान और निकट-अवरक्त प्रकाश से इकट्ठा किया गया है। यह तीन फ़िल्टर के माध्यम से प्राप्त डेटा पर आधारित है।

इसे एसबीसी (आर) आकाशगंगा के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इसकी दो सर्पिल भुजाएं शिथिल रूप से जख्मी करती प्रतीत हो रही हैं। बहरहाल यह खोज आकाशगंगाओं की भविष्य में होने वाले अध्ययनो में सहायक हो सकती हैं।

### आकाशगंगाओं से पटा हुआ है ब्रह्मांड

**नैनीताल :** भारतीय तारा भौतिकी संस्थान बंगलुरू के पूर्व वैज्ञानिक प्रो रमेश चंद्र कपूर कहते हैं कि ब्रह्मांड आकाशगंगाओं से पटा हुआ है और हमारी पृथ्वी इसका एक धूल के कण जैसा अंश हैं। आए दिन ब्रह्मांड की नई जानकारी सामने आ रही हैं, जो आश्चर्यजनक होती हैं और हमारी कल्पना से भी परे होती हैं। वर्तमान खगोल विज्ञान का युग वास्तव में भविष्य को नई दिशा देने वाला है। जिसके चलते कह सकते हैं कि खगोल विज्ञान का भविष्य उज्जवल है।